रांची
शनिवार
22.10.2022
कार्तिक कृष्ण पक्ष 12
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | वर्ष-23 अंक-257 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

**रश्मि प्रवाह**

पानी अगर मर्यादा तोड़ने पर आ जाये तो विनाश तय है और अगर जुबान मर्यादा तोड़े तो फिर होता है सर्वनाश।




## पुलिस संस्मरण दिवस पर शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** कर्तव्य के लिए शहीद हुए पुलिसकर्मियों को शुक्रवार को याद किया गया। पुलिस शहीद संस्मरण दिवस के मौके पर जैप-1 में आयोजित मुख्य समारोह में डीजीपी नीरज सिन्हा ने कहा कि पुलिस के उन सभी वीर शहीदों को नमन जिन्होंने कर्तव्य की वेदी पर अपनी जान की परवाह तक नहीं की। इन जवानों को याद करते हुए संस्मरण दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान एक सितम्बर 2021 से 31 अगस्त 2022 तक शहीद हुए देश के तमाम 261 पुलिसकर्मियों को याद किया गया। वहीं, झारखंड पुलिस के दो शहीद ठाकुर हेंब्रम और शंकर नायक को भी याद किया गया। पुलिस संस्मरण दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में डीजी अजय कुमार सिंह, एडीजी जैप प्रशांत सिंह, एडीजी मुख्यालय मुरारीलाल मीणा, एडीजी रेल टी कंडासामी, आईजी अखिलेश झा, अमोल वी होमकर, प्रभात कुमार, असीम विक्रांत मिंज, पंकज कंबोज, डीआईजी ए विजयालक्ष्मी, शैलेंद्र सिन्हा, अनीश गुप्ता समेत कई अन्य अधिकारी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किसान पाठशाला का किया शुभारंभ, बोले -

# नयी तकनीक से उन्नत खेती को बढ़ावा देने में होगा सहायक

नवीन मेल संवाददाता

**खूंटी।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को खूंटी के कर्रा में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में

- कर्रा में 322 करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और परिसंपत्ति का वितरण



बतौर मुख्य अतिथि हिस्सा लिया तथा 322 करोड़ रुपये की योजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया। इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सुदूर क्षेत्र में लोगों को कैसे योजना का लाभ मिले। इसको लेकर आपकी सरकार चिंतित थी। पूर्व की सरकारों में लोगों को जरूरतमंदों को योजना का लाभ नहीं मिला। लेकिन आपकी सरकार ने योजना का लाभ देने का निर्णय लिया है, जिसका प्रतिफल है कि सरकार आपकी योजनाओं को लेकर आपके द्वार पहुंच रही है। गांव-गांव पदाधिकारी पहुंच रहें हैं और आपको योजनाओं का लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जरूरतमंद आगे आकर योजनाओं का लाभ लें। योजनाएं यहां के लोगों के अनुरूप बनायी गयी है। मुख्यमंत्री ने कहा किसान पाठशाला का शुभारंभ हुआ है। राज्य की अधिक आबादी कृषि कार्य करती है। 100 किसान पाठशाला खोलने का निर्णय लिया है। किसानों को हमें लाभ पहुंचाना है। किसानों को इससे लाभ होगा। किसानों के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही है। किसान पाठशाला किसानों को वैकल्पिक संसाधनों के साथ-साथ तकनीकी सुविधाओं एवं उन्नत कृषि प्रणालियों का सामान्य तरीके से प्रयोग में लाते हुए नयी तकनीकों से उन्नत खेती को बढ़ावा देने में सहायक होगा। किसानों की सालाना आय में बढ़ोतरी तथा किसानों के समेकित उत्थान का माध्यम बनाना ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### शिक्षा की बेहतरी का हो रहा प्रयास

मुख्यमंत्री ने कहा कि सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से सभी बच्चियों को जोड़ना है। इसके लिये आयोजित हो रहे शिविर सहायक बन रहें हैं। सरकारी स्कूलों को निजी विद्यालय के तर्ज पर विकसित किया जा रहा है। जहां सीबीएसई के तर्ज पर शिक्षा दी जायेगी। यहां के प्रतिभावान बच्चे विदेश में सरकार के सहयोग से नि:शुल्क शिक्षा प्राप्त कर रहें हैं।

## अरुणाचल प्रदेश में सेना का हेलीकॉप्टर क्रैश, चार की मौत



**ईंटानगर (एजेंसी)।** अरुणाचल प्रदेश के सियांग जिले में सेना का हेलीकॉप्टर 'रुद्र' शुक्रवार को क्रैश

- हेलीकॉप्टर में सवार थे पांच लोग, पांचवें की तलाश जारी
- दुर्घटना के कारणों का नहीं चल सका है पता

हो गया। हादसा टूटिंग हेडक्वार्टर से 25 किलोमीटर दूर सिंगिंग गांव के पास हुआ है। जहां ये हादसा हुआ है वो एरिया सड़क मार्ग से कनेक्टेड नहीं है। भारतीय सेना के मुताबिक दोपहर तक हेलीकॉप्टर क्रैश में मारे गये लोगों में से चार के शव मिल गये थे। पांचवें की तलाश जारी है। दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर का पता लगाने के लिए वायु सेना और सेना की संयुक्त बचाव टीमों ने तुरंत तलाशी अभियान शुरू किया जिसमें एक एमआई-17 और दो उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर तथा सेना की तीन टकड़ियां शामिल थी। सेना की ओर से बताया गया है कि हेलीकॉप्टर में पांच व्यक्ति सवार थे जिनमें से चार के पार्थिव शरीर मिल गये हैं। अभी दुर्घटना के कारणों का पता नहीं चला है और विस्तृत ब्योरे की प्रतीक्षा है। इससे पहले पांच अक्टूबर यानी दो हफ्ते पहले ही अरुणाचल प्रदेश के तवांग इलाके में आर्मी का एक चीता हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया था। हादसा सुबह करीब 10 बजे हुआ था।

कैबिनेट ○ राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में लिये गये कई महत्वपूर्ण निर्णय

# झारखंड आकस्मिकता निधि में संशोधन, 500 करोड़ के बजाय 1200 करोड़ तक की हो सकती है निकासी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** शुक्रवार को रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में 25 प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल ने बताया कि

- कैबिनेट की बैठक में कुल 25 प्रस्ताओं को मिली मंजूरी

राज्य मंत्रिपरिषद ने एथेनॉल पॉलिसी 2022 को लागू कर दिया है। इसके अलावा झारखंड आकस्मिक फंड से 500 करोड़ की बजाय 1200 करोड़ तक की अग्रिम राशि ली जा सकेगी। विनोबा भावे यूनिवर्सिटी के अंतर्गत पांच डिग्री कॉलेज बड़कागांव, सिमरिया, जमुआ, बगोदर के प्राचार्य, शिक्षकों व कर्मियों के 145 पद सृजित किये गये। इसमें सालाना 11 करोड़ रुपये खर्च होंगे। रामगढ़ न्यायालय के लिए 14 पद सृजित किये गये। सिमरिया मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजना के लिए 440 करोड़ की स्वीकृति दी गयी। इसके लिये पंचायत व गांव में बदलाव भी किया गया। खरसावां में श्री सीमेंट को औद्योगिक कार्य के लिए जमीन सशुल्क लीज पर दी गयी। बिहार राज्य में निबंधित संस्थाओं को झारखंड में निबंधन कराने के लिए 28 फरवरी 2023 तक की समय सीमा में अवधि विस्तार दी गयी है। रांची जिला के कांके के कदमा मौजा में सीसीएल सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल खोलने के लिए 5.53 एकड़ जमीन दी गयी। रिनपास के सीनियर रेजिडेंट के वेतनमान में बदलाव को स्वीकृति दी गयी। अभी इन्हें 60 हजार रुपये फिक्स वेतन मिलता है।

### मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों को दीपावली की दीं शुभकामनाएं

**मुख्यमंत्री** हेमंत सोरेन ने राज्यवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं है। झारखंड मंत्रालय परिसर में प्रेस-मीडिया के प्रतिनिधियों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि सब लोगों को दीपावली की बहुत-बहुत शुभकामनाएं अच्छे से और सौहार्द से मनायें। उन्होंने कहा कि पिछले दो साल तक आप परेशान रहें हैं, आगे खुशहाल रहें यही मेरी शुभकामना है।


### वाणिज्य कर विभाग में प्रोन्नति

**वाणिज्य** कर विभाग में छह राज्य-कर संयुक्त आयुक्त को राज्य-कर अपर आयुक्त के पद पर प्रोन्नति दी गयी है। इन पदाधिकारियों में मोहम्मद गयासुद्दीन, संजय कुमार प्रसाद, डॉली मंजू भगत, दिलीप कुमार मंडल-1, अखिलेश शर्मा और पारिजात मंजूल शामिल हैं।

बद्रीनाथ में पूजा के बाद पीएम मोदी ने किया कई योजनाओं का शिलान्यास, बोले -

# बद्री विशाल के दर्शन करके धन्य हुआ जीवन

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छठवीं बार शुक्रवार 21 अक्टूबर को उत्तराखंड के हिमालय में मौजूद केदारनाथ और बद्रीनाथ के दर्शन करने पहुंचे। मोदी ने सबसे पहले सुबह श्री केदारनाथ मंदिर में दर्शन और पूजा की। यहां प्रधानमंत्री केदारनाथ रोपवे परियोजना की आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री ने मंदाकिनी आस्था पथ और सरस्वती आस्था पथ के साथ-साथ वहां चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा भी। इसके बाद मोदी बद्रीनाथ पहुंचे। केदारनाथ और बद्रीनाथ सबसे महत्वपूर्ण हिंदू मंदिरों में से एक हैं। यह क्षेत्र एक श्रद्धावाले एक सिख तीर्थ स्थल-हेमकुंड साहिब के लिए भी जाना जाता है। इन जगहों पर शुरू हो रही कनेक्टिविटी परियोजनाओं में से धार्मिक महत्व के स्थानों तक पहुंच को आसान बनाने और बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए प्रधानमंत्री के कमिटमेंट को दिखाती है। बाबा



केदार और बद्री विशाल जी के दर्शन करके मन प्रसन्न हो गया, जीवन धन्य हो गया।

माणा गांव, भारत के अंतिम गांव के रूप में जाना जाता है। लेकिन मेरे लिये सीमा पर बसा हर गांव, देश का पहला गांव है। 21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला- अपनी विरासत पर गर्व, दूसरा- विकास के लिए हर संभव प्रयास। देश की आजादी के 75 साल पूरे होने पर मैंने लाल किले पर एक आह्वान किया, ये आह्वान हैं गुलामी की मानसिकता से पूरी तरह मुक्ति का। क्योंकि आजादी के इतने वर्षों बाद भी, हमारे देश को गुलामी की मानसिकता ने ऐसा जकड़ा हुआ है कि प्रगति का कुछ कार्य कुछ लोगों को अपराध की तरह लगता है। विदेशों में वहां की संस्कृति से जुड़े स्थानों की ये लोग तारीफ करते नहीं थकते थे, लेकिन भारत में इस प्रकार के काम को हेय दृष्टि से देखा जाता था। आस्था के ये केंद्र सिर्फ एक ढांचा नहीं, बल्कि हमारे लिए प्राणवायु की तरह हैं। वो हमारे लिये ऐसे शक्तिपुंज हैं, जो कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी हमें जीवंत बनाये रखते हैं। मोदी ने कहा कि कोराना काल में जब वैक्सीन लगवाने की बारी आयी, अगर पहले की सरकारें होती, तो शायद अभी तक वैक्सीन यहां तक नहीं आता। हिमालय की हरी-भरी पहाड़ियों पर रेल गाड़ी की आवाज उत्तराखंड के विकास की नयी गाथा लिखेगी। देहरादून एयरपोर्ट भी अब नए अवतार में सेवा दे रहा है। केदारनाथ और बद्रीनाथ के दर्शन करने के बाद मोदी माणा पहुंचे।

### ये हैं मेगा प्रोजेक्ट्स, जो केदारनाथ-बद्रीनाथ को मिले

**रिवरफ्रंट** के विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा। माणा गांव में सड़क और रोपवे परियोजनाओं का शिलान्यास। अराइवल यानी आगमन प्लाजा और झीलों के विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा। केदारनाथ रोपवे लगभग 9.7 किलोमीटर लंबा होगा। यह गौरीकुंड को केदारनाथ से जोड़ेगा, जिससे दोनों स्थानों के बीच यात्रा का समय वर्तमान में 6-7 घंटे से कम होकर लगभग 30 मिनट का रह जायेगा। हेमकुंड रोपवे गोविंदघाट को हेमकुंड साहिब से जोड़ेगा। यह लगभग 12.4 किलोमीटर लंबा होगा और यात्रा समय को एक दिन से कम ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## अपराधियों ने प्लाईवुड दुकान में की दिनदहाड़े गोलीबारी, एक घायल

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** रांची के डेली मार्केट थाना क्षेत्र के विष्णु गली में मंगलम प्लाईवुड में शुक्रवार को दिनदहाड़े गोलीबारी की घटना हुई जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया। बताया जा रहा है कि दुकान पर बैठे व्यक्तियों पर अपराधियों ने अचानक फायरिंग कर दी जिसमें दुकानदार का एक मित्र घायल हो गया जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गोलीबारी की घटना के बाद से पूरे इलाके में सनसनी और अफरा-तफरी मची रही। खबर मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है। पुलिस सीसीटीवी कैमरा से अपराधियों की पहचान कर रही है ताकि आरोपियों को गिरफ्तार किया जा सके। इधर, घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने राजधानी रांची की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए पुलिस की कार्यशैली की आलोचना की।

# दिवाली बंपर छूट में साइबर गिरोह आपको लूट न लें

○ दिवाली कैशबैक, ऑनलाइन शॉपिंग व गिफ्ट के नाम पर स्कैमर लगा रहे हैं चूना

- आरएनएम

**नयी दिल्ली।** दिवाली लोग खूब करते हैं। इसी का फायदा उठाने के लिए शातिर साइबर गिरोह भी एक्टिव हो गये हैं। स्कैमर दिवाली कैशबैक, ऑनलाइन शॉपिंग और गिफ्ट के नाम पर लोगों को चपत लगा रहे हैं। साइबर सेल में फ्री दिवाली गिफ्ट के नाम पर धोखाधड़ी के कई मामले सामने आ रहे हैं। इसको लेकर आईटी मंत्रालय के इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम ने अलर्ट भी जारी किया है। सीईआरटी-आईएन ने अपनी एडवाइजरी में कहा कि यदि आपको उन वेबसाइटों के लिए सोशल मीडिया लिंक प्राप्त हुए हैं जो मुफ्त दिवाली उपहार का वादा करती हैं, तो इससे सावधान रहें। यूजर्स को इन लिंक के द्वारा चाइनीज वेबसाइट पर भेजा जाता है ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### साइबर स्कैमर से बचने के लिए बरतें निम्न सावधानी : -



- ▸▸ किसी भी साइबर ठगी से बचने का सबसे आसान रास्ता है कि आप किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें।
- ▸▸ किसी से भी अपनी बैंकिंग डिटेल्स, ओटीपी व एटीएम का पासवर्ड शेयर न करें।
- ▸▸ फ्री गिफ्ट देने का वादा करनेवाले कॉल से सतर्क रहें और उन्हें कोई भी जानकारी और ओटीपी न दें।
- ▸▸ अगर कोई आपके खाते की ऑनलाइन केवाईसी के लिए कॉल करता है तो उसे अनदेखा करें।
- ▸▸ सोशल मीडिया या इंटरनेट पर किसी भी अनचाहे ई-मेल, एसएमएस या मैसेज में आए अटैचमेंट या लिंक को न खोलें।
- ▸▸ ई-मेल, वेबसाइट और अज्ञात ई-मेल भेजनेवालों के स्पेलिंग एक बार जरूर चेक कर लें। क्योंकि ठग मिलती-जुलती स्पेलिंग से ठगी करते हैं।
- ▸▸ अपने पासवर्ड नियमित रूप से बदलते रहें।

### कैसे फंसाते हैं स्कैमर

**सबसे** पहले यूजर्स को इस लिंक वाला एक मैसेज भेजा जाता है। यह अन्य पीड़ितों से भी आ सकता है जिन्हें अपने दोस्तों और परिवार के साथ लिंक शेयर करने के लिए कहा गया है। एक बार जब कोई यूजर्स लिंक पर क्लिक करता है, तो उन्हें पहले एक फेक बधाई संदेश द्वारा बधाई दी जाती है। इसके बाद, उन्हें एक कुछ जानकारी मांगी जाती है। जैसे ही यूजर्स द्वारा जानकारी दी जाती है, यूजर्स को कई सामानों में से गिफ्ट चुनने के लिए कहा जाता है। इसके बाद एक बार और बधाई संदेश दिखाया जाता है और उन्हें इस लिंक को अपने दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ शेयर करने के लिए कहा जाता है।

# हेट स्पीच देनेवालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जरूरत : उच्चतम न्यायालय

- ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस केएम जोसेफ व जस्टिस हृषिकेश रॉय की बेंच नफरत फैलानेवाले बयान (हेट स्पीच) को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि हेट स्पीच देनेवालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जरूरत है। कोर्ट ने कहा कि हम धर्म के नाम पर कहां पहुंच गये हैं। इस तरह के बयान (अभद्र भाषा) परेशान करनेवाले हैं, खासकर ऐसे देश के लिए जो लोकतांत्रिक और धर्म-तटस्थ है। सुप्रीम कोर्ट भारत में मुस्लिम समुदाय को निशाना बनाने और आतंकित करने के कथित बढ़ते खतरे को रोकने के लिए तत्काल हस्तक्षेप की मांग करनेवाली एक याचिका पर सुनवाई कर रहा था। कोर्ट ने दिल्ली, यूपी और उत्तराखंड पुलिस को नोटिस जारी किया और उनसे अपने

- दिल्ली, यूपी और उत्तराखंड पुलिस को नोटिस जारी कर ऐसे अपराधों के खिलाफ की गयी कार्रवाई पर रिपोर्ट दर्ज करने को कहा

अधिकार क्षेत्र में ऐसे अपराधों के खिलाफ की गयी कार्रवाई पर रिपोर्ट दर्ज करने को कहा। कोर्ट ने राज्य सरकारों और पुलिस अधिकारियों को औपचारिक शिकायत की प्रतीक्षा किये बिना हेट स्पीच के मामलों में स्वतः संज्ञान लेने का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि कार्रवाई करने में विफलत दोषी अधिकारियों के खिलाफ अदालत की अवमानना मानी जायेगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि धर्म की परवाह किये बिना कार्रवाई की जानी चाहिए। घृणा का माहौल देश पर हावी हो गया है। ऐसे बयान विचलित करनेवाले हैं। इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। जस्टिस केएम जोसेफ की बेंच ने कहा 21वीं सदी में ये क्या हो रहा है? धर्म के नाम पर हम कहां हम पहुंच गये हैं? हमने ईश्वर को कितना छोटा बना दिया है। भारत का संविधान वैज्ञानिक सोच विकसित करने की बात करता है। याचिकाकर्ता की ओर से कपिल ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## न्यूज गैलरी

### मांडर रेफरल अस्पताल में परिवार कल्याण दिवस मनाया गया



**मांडर ।** मांडर रेफरल अस्पताल में परिवार कल्याण दिवस मनाया गया । इस कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर किशोर कुल्लू, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक उपेंद्र प्रसाद सिंह, प्रखंड लेखा प्रबंधक सरस्वती कुमारी, मुख्यालय की एएनएम हीरामणि प्रसाद, अनीमा पुष्पा लफड़ा, सुजाता बेक,उमा कुमारी, परिवार कल्याण की बीटीटी सहिया साथी एवं सहियाओ के साथ नव दंपति दो बच्चों के बीच तीन साल के अंतराल वाले दंपत्ति एवं दो बच्चों के बाद परिवार परियोजना की अस्थाई विधि अपनाने वाले दंपत्ति उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा अस्थाई विधियों के बारे में विस्तार से एवं प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा परिवार नियोजन कार्यक्रम की माता तथा इसके अंतर्गत अपनाएं जाने वाली विधियों के विस्तार से चर्चा हुई। साथ ही सभी दंपतियों से कुछ प्रश्न पूछे गए तथा सही जवाब देने वाले दंपतियों के बीच पुरस्कार वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मांडर के मलती.कटचंचो तथा बंझीला गांव के दंपत्ति उपस्थित थे।

### दीपावली के अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



मांडर। माण्डर के कंदरी स्थित भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीयूशन, कन्दरी रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।जिसमें बी०एड०, डीएलएड, बीएससी नर्सिंग, जीएनएम, एवं फॉमेर्सी के छात्र/छात्राओं के द्वारा दीपावली के शुभ अवसर पर आयोजित इस प्रतियोगिता में भाग लिया गया, जिसमें उन्होंने सुन्दर, आकर्षक और मनमोहक रंगोली बनाई। इस प्रतियोगिता को देखते हुए संस्थान की शैक्षणिक सचिव श्रीमती दीपाली पराशर ने कहा कि छात्र/छात्राओं के इस हुनर की जितनी भी तारीफ की जाए वह कम है एवं भविष्य में यह हुनर इनके ही काम आएगी और इनसे औरो को भी सिखने का मौका मिलेगा। बी०एड० के प्राचार्य श्री उपेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि इस तरह के प्रतियोगिता के आयोजन से छात्र/छात्राओं के अन्दर छुपे प्रतिभा को निखार मिलता है। इस प्रतियोगिता के आयोजन पर बी.एड. के विभागाध्यक्ष श्री राकेश कुमार राय, डी.एल.एड. के विभागाध्यक्ष श्री मनोज कुमार गुप्ता, नर्सिंग की प्राचार्या श्रीमती निहारिका श्रीवास्तव, व्याख्याता सलमा खातुन, बिनीता चौधरी, विवेक राज जायसवाल, रीभा कुमारी, कृपा शंकर, प्रियदर्शिका, रोहिनी, गौरी, संकेत, रेखा गाड़ी, अलका कुमारी, साकीब ईमाम,इरमा मिंज, अमन वर्मा, बंटी ओझा, सुरेन्द्र, इमरोज, सलमान अंसारी आदि उपस्थित थें।

### कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हाजी अख्तर के निधन पर सुबोधकांत सहाय ने जताया शोक



रांची। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने राजधानी के बड़गाई बस्ती निवासी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हाजी अख्तर के असामयिक निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने अपनी शोक संवेदना में कहा है कि स्वर्गीय अख्तर कांग्रेस के सच्चे सेवक थे इसके अलावा वह एक कर्मठ समाजसेवी भी थे। समाज के सभी वर्गों के बीच उन्होंने लोकप्रियता हासिल की थी। उनके निधन से समाज को अपूरणीय क्षति पहुंची है। श्री सहाय शुक्रवार को स्वर्गीय अख्तर के आवास पर जाकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया और उनके परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दिया। उन्होंने दिवंगत की आत्मा की शांति और उनके परिजनों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से कामना की। इस मौके पर श्री सहाय के निजी सहायक दीपक प्रसाद सहित कांग्रेस पार्टी के कई नेता, सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे।

इंटरनेशनल राइस रिसर्च इंस्टिट्यूट के वैज्ञानिक दल ने शोध कार्यों को देखा और कार्यक्रमों की समीक्षा की

# वैज्ञानिक दल ने बीएयू वैज्ञानिकों को राज्य के अनुकूल एवं वर्षा आधारित सुखा रोधी किस्मों के विकास के आवश्यक सुझाव दिया



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सुखा रोधी चावल किस्मों के विकास के लिए इंटरनेशनल राइस रिसर्च इंस्टिट्यूट (आईआरआरआई), फिलीपिंस से वित्त संपोषित परियोजना के शोध कार्यक्रमों की समीक्षा के लिए आईआरआरआई से जुड़े सात वैज्ञानिकों के दल ने शुक्रवार को दौरा किया. इस दल में आईआरआरआई, फिलीपिंस के वैज्ञानिक डॉ. सुरेश कादरु, डॉ पीटी प्रकाशन एवं डॉ वीटालियानो लोपेना, आईआरआरआई, फिलीपिंस-बाग्लादेश के डॉ एमआर इस्लाम तथा आईआरआरआई, फिलीपिंस- हैदराबाद के डॉ. चलल वेंकटतेश्वालू एवं जे कोमिजेरिया शामिल थे.

वैज्ञानिकों के दल ने बीएयू के वेस्टर्न सेक्शन फार्म में आईआरआरआई चावल शोध परियोजना अधीन संचालित चार प्रायोगिक फार्म में लगे करीब 381 सुखा रोधी चावल किस्मों के प्रदर्शन को बारीकी से हरेक प्लाट में देखा. इस दौरान ऊपरी भूमि में 140, माध्यम भूमि 235 तथा नीची भूमि में 26 चावल किस्मों के फसल प्रदर्शन का आकलन किया. फसल की वानस्पतिक वृद्धि, ऊँचाई, दाना, कीट एवं रोग व्याधि, खेतों में नमी का प्रभाव, बेहतर प्रदर्शित फसल किस्मों का अवलोकन किया. आईआरआरआई- चावल शोध परियोजना से जुड़े वैज्ञानिकों से शोध सबंधी आवश्यक जानकारियां एवं मंतव्य हासिल किया. दल ने चावल के विभिन्न सुखा रोधी किस्मों के फसल प्रदर्शन को काफी उत्साहवर्धक बताया और प्रायोगिक फार्म के शोध डिजाईन की सराहना की. फार्म में फसल प्रबंधन को अच्छा बताया और खेतों में विधिवत नमी प्रबंध किये जाने पर बल दिया. वैज्ञानिक दल ने बीएयू वैज्ञानिकों को राज्य के अनुकूल एवं वर्षा आधारित सुखा रोधी किस्मों के विकास हेतु आवश्यक सुझाव दिया एवं बेहतर प्रबंधन हेतु जरूरी टिप्स दिये. दल ने कहा कि झारखंड में धान के खेतों नमी का प्रबंधन काफी बड़ी चुनौती है. इसके लिए खेतों का समतल होना और उन्नत तकनीकियों को प्राथमिकता देनी होगी. दल ने धान फसल में गंधी बग और स्टेम बोरर के प्रकोप पर नियंत्रण की बात कही.

## डॉ. अरुण कुमार के सफल सर्जरी पर उन्हें किया गया सम्मनित



**रांची।** नैसोफेरिंजयल एंजियोफाइब्रोमा से ग्रसित एक मरीज विगत कई दिनों से अपने बेहतर इलाज के लिए अपने पिता के साथ रांची रिम्स हॉस्पिटल सहित अन्य कई अस्पतालों में जानकारी प्राप्त कर रहा था।विशेषज्ञ डॉक्टरों ने मरीज के पिता को मुंबई, बेलौर, दिल्ली जैसे बड़े अस्पतालों में बेहतर इलाज करने के लिए सलाह दी। परंतु आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण पिता अपने पुत्र की ईलाज बड़े अस्पताल मे करवाने मे असमर्थ था। विश्वस्त सूत्रों से जानकारी प्राप्त होने पर मरीज के पिता ने रांची कांटा टोली स्थित अरुणिमा ई.एन.टी. हॉस्पिटल के डॉक्टर अरुण कुमार (एम.बी.बी.एस, एम.एस,ई.एन.टी.) से संपर्क किया,जहां डॉक्टर अरुण कुमार ने लेजर सर्जरी कर मरीज का सफल ऑपरेशन किया कर मरीज को स्वस्थ किया।आज मरीज पूरी तरह खुशहाल एवं स्वस्थ है। मरीज के पिता ने कहा यह अस्पताल हमारे लिए मंदिर साबित हुआ,वहीं डॉ. अरुण कुमार ने कहा मरीजों के चेहरे पर मुस्कान लाना ही मेरा धर्म है।


**DIRECTORATE OF HORTICULTURE, JHARKHAND, RANCHI**
**Krishi Bhawan, Kanke Road, Ranchi-834008**

**Very Short Request (Re-tender) for Empanelment (RFE)-Notice**

**RFE Reference no.-Horti/11/2022-23 Dated:20.10.2022**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Very Short Request (Re-tender) for Empanelment (RFE)for supply of hybrid/open pollinated seeds of vegetables & tuber crops for Kharif season under various schemes of directorate of horticulture & national horticulture mission for FY 2022-23 |
| 2 | Time of Completion | One Year |
| 3 | RFE Documents Cost | Rs. 10000 (Rupees Ten thousand only) |
| 4 | EMD Amount | Rs. 5.00 Lakhs |
| 5 | Date of Publication of RFE on website | 21/10/2022 (06:00 PM) |
| 6 | RFE Downloading Start Date | 21/10/2022 (06:00 PM) |
| 7 | Date and Time of Pre-Bid meeting | NA |
| 8 | Online RFE Submission Period | 22/10/2022 at 10:00 AM to 04/11/2022 at 03:00 PM |
| 9 | Last date for submission of hard copy/e-mail of RFE documents, RFE cost and EMD | 04/11/2022 (03:00 PM) |
| 10 | RFE Opening Date and place | 07/11/2022 (3:30 PM) Directorate of Horticulture, Krishi Bhawan 3rd Floor Kanke Road Kanke 834008 Ranchi. |
| 11 | Name & Address of the RFE Inviting Authority | Director Horticulture, Directorate of Agriculture, Krishi Bhawan 3rd Floor Kanke Road Kanke 834008 Ranchi. |
| 12 | Contact no. of procurement officer | 9431361632 |
| 13 | Helpline no. of procurement cell | 0651-2230691 |

**Further details can be seen on website-http://jharkhandtenders.gov.in**

Sd/-
Dy. Director Horticulture,
Jharkhand, Ranchi.

PR 280717 Agriculture(22-23)D


झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की बैठक लापुंग में संपन्न

## सरकार आंदोलनकारियों के उम्मीदों पर खरा उतरे : पुष्कर महतो



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** शुक्रवार को रांची जिला के लापुंग प्रखंड में तिरूड़ीह गोलीकांड में हुए झारखंडी शहीद पुत्रों धनंजय महतो एवं अजीत महतो को श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में झारखंड अलग राज्य व नव निर्माण के मूल्यों की रक्षा व विस्थापन तथा पलायन के खिलाफ संघर्ष तेज करना है। 10 नवम्बर 2022 को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड आंदोलनकारी गौरव पुत्र सम्मान से परम्परागत तरीके से सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता झारखंड आंदोलनकारी बिरसा मुंडा व संचालन दोनदे प्रधान ने की। मौके पर मुख्य अतिथि पुष्कर महतो ने कहा कि राज्य का मुखिया झारखंड आंदोलनकारी के गौरव पुत्र हेमंत सोरेन है। श्री सोरेन से झारखंड आंदोलनकारियों को मान सम्मान, पेंशन, नियोजन व पहचान के लिए बड़ी उम्मीदें हैं। आंदोलनकारियों के सपनों को साकार करते हुए उम्मीदों पर खरा उतरे। केंद्रीय सचिव अमित खलखो ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों को हर संभव मदद किया जाएगा। प्रखंड अध्यक्ष कमलेश सिंह ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों का मान - सम्मान व पहचान करने की दिशा में सरकार सकारात्मक कदम उठाए। सचिव बिरसा मुंडा- 2 ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों का चिन्हितीकरण जल्द से जल्द हो। पंचास उरांव ने कहा कि झारखंडियों से झारखंड की व हमारी सरकार की लोकप्रियता है। मौके पर रघुनाथ भगत, हबिल उरांव, गुमदा भगत, मानसिंह कच्छप, शिवा मुंडा, राजकिशोर सिंह, मंगरा मुंडा, एकसा उरांव, बरघा उरांव, सोमारा उरांव, गोजो मुंडा सहित अन्य उपस्थित थे।

### लोवाडीह में किया पीसीसी पथ व देशकर्म शेड का शिलान्यास



**नामकुम।** खिजरी विधायक राजेश कच्छप के अनुशंसा पर विधायक निधि से लोवाडीह में गिटीगढ़ा के पास दशकर्म हेतु शेड का निर्माण एवं राँची नगर निगम क्षेत्र के वार्ड सं 12 में संत फ्रांसिस स्कूल से राजू के घर तक पी.सी.सी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक की धर्मपत्नी रिया तिर्की के द्वारा किया गया। मौके पर वार्ड पार्षद कुलभूषण डुंगडुंग, बीरू साहू, विलियम विधायक प्रतिनिधि रंजीत बड़ाईक, नवीन कुजूर, सीता देवी, पंचू तिर्की, दिनेश चंद्र प्रमाणिक एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### एटीएम कार्ड छिनतई मामले के आरोपी की अर्जी खारिज

**रांची।** रांची। महिला से एटीएम कार्ड छीन कर एटीएम कियोस्क से 40 हजार रुपये निकालने के मामले में जेल में बंद आरोपी आरिफ कमाल की जमानत अर्जी अदालत ने सुनवाई पश्चात खारिज कर दी है।

## नेशनल पारा स्विमिंग चैंपियनशिप 11 नवंबर से गुवाहाटी में



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पेरालिंपिक कमेटी ऑफ झारखंड की एक बैठक कमेटी के प्रांतीय उपाध्यक्ष विजय कुमार दत्ता की अध्यक्षता में स्टेट को-ऑर्डिनेटर कमल कुमार अग्रवाल के आवास कांके रोड में संपन्न हुई। इस बैठक में कमेटी के सीईओ सह पेरा स्विमिंग ईस्ट जोन के सचिव सुनील कुमार विश्वास, कमेटी के झारखंड स्टेट को-ऑर्डिनेटर कमल कुमार अग्रवाल, कमेटी के स्टेट मीडिया को-ऑर्डिनेटर संजय सर्राफ एवं मंजीत सिंह, विवेक राज भी मुख्य रूप से शामिल हुए। बैठक में विजय कुमार दत्ता ने भावी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि 22 वीं नेशनल पेरा स्विमिंग चैंपियनशिप 2022 का आयोजन 11 से 13 नवंबर तक गुवाहाटी असम के डॉ. जाकिर हुसैन कंपलेक्स में किया गया है। इस चैंपियनशिप में देश के 25 राज्यों से लगभग 1000 दिव्यांग खिलाड़ी भाग लेंगे। झारखंड से ट्रायल होकर चयनित 17 दिव्यांग स्विमिंग खिलाड़ी राष्ट्रीय स्विमिंग प्रतियोगिता में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि 19 एवं 20 नवंबर को धनबाद में राज्यस्तरीय पारा स्पोर्ट्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन किया गया है। इस प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों से लगभग 150 पारा एथलेटिक्स खिलाड़ी भाग लेंगे।बैठक में दोनों प्रतियोगिताओं में राज्य सरकार से पारा खिलाड़ियों को आर्थिक एवं अन्य पूर्ण सुविधाएं देना का आग्रह किया गया है। इस हेतु पेरालिंपिक कमेटी ऑफ झारखंड का एक शिष्टमंडल झारखंड राज्य के खेल सचिव एवं निर्देशक से मुलाकात कर पूरे विषय वस्तु की जानकारी दी जाएगी।

### जूनियर नेशनल तीरंदाजी का सिलेक्शन ट्रायल



**रांची।** तीन नवंबर से लेकर 12 नवंबर तक चलने वाले 42 नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप गोवा में आयोजित की जा रही है। जिसमें झारखंड के 30 सदस्यीय टीम कंपाउंड, इंडियन राउंड, रिर्कव टीम के सिलेक्शन ट्रायल जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कंपलेक्स में दो दिवसीय आयोजित की गयी, जिसमें परिणाम अटैच कर भेजी जा रही है और इस सिलेक्शन में द्रोणाचार्य पूर्णिमा महतो, अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक राजेंद्र गुड़िया, हरेंद्र सिंह, बी श्रीनिवास राव, प्रकाश राम, अनिल कुमार, शिशिर महतो, एवं सभी जिला से आए प्रशिक्षक उपस्थित थे।


### झारखण्ड सरकार
### उद्योग निदेशालय

**सूचना**

भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला–2022(14–27 नवम्बर 2022) प्रगति मैदान, नई दिल्ली के झारखण्ड मंडप हेतु 08 Guide (04 Boys and 04 Girls) की आवश्यकता है। झारखण्ड राज्य के वैसे इच्छुक निवासी छात्र/छात्राएँ जो नई दिल्ली में रहकर पढ़ाई कर रहे हों अथवा अण्डर ग्रेजुएट हों तथा उक्त अवधि में झारखण्ड मण्डप में आने वाले दर्शकों/विशिष्ट अतिथियों को झारखण्ड के विषय में जानकारी दे सकें एवं झारखण्ड के संस्कृति के अनुरूप स्वागत करें, वे अपने–अपने कॉलेज का परिचय पत्र, फोटो स्कैन कर निम्नलिखित ईमेल पर अपना बायोडाटा **दिनांक 05.11.2022** तक भेज सकते है। चयनित Boys/Girls Guide को विभाग द्वारा निर्धारित मानदेय राशि मेला अवधि में कार्य दिवस के आधार पर देय होगा। साक्षात्कार दिनांक 12.11.2022 को पूर्वाहन् 11.00 बजे कुसुम पहाड़ी, बसंत बिहार, नई दिल्ली स्थित प्रधान स्थानिक आयुक्त, झारखण्ड भवन के कार्यालय में होगा।

E-mail : jhr-doi@nic.in / rajendrap.103@gmail.com

**बायोडाटा प्रपत्रः–**

1. आवेदक / आवेदिका का नाम एवं पूर्ण पता(दिल्ली / एन0सी0आर0 अवस्थित)
2. पिता / स्थानीय अभिभावक का नाम एवं पता।
3. दूरभाष संख्या एवं ईमेल पता।
4. झारखण्ड राज्य स्थित पत्राचार का (आवासीय) पता एवं मोबाईल नं0।
5. महाविद्यालय / संस्था का नाम जहाँ अध्ययनरत हो।
6. शिक्षण संबंधित प्रमाण पत्र।
7. अपने विषय में यदि अतिरिक्त जानकारी देना चाहते हैं, तो उल्लेख करें।

निदेशक उद्योग
झारखण्ड, राँची।

PR 280706 (Industries) 22-23 (D)


### आत्मा का दीप जलाने के लिए भी काया निरोगी चाहिए : निर्मला

रांची। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय सेवा केन्द्र, चैधरी बगान, हरमू रोड, रांची में केन्द्र संचालिका ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने पूर्व संध्या धन तेरस पर अपने विचार अभिव्यक्त करते हुए कहा -दीपावली से दो दिन पूर्व धन-तेरस नाम से त्योहार मनाया जाता है। इसका संबंध अन्न और स्वास्थ्य से है। वैद्य धनवन्तरी का जन्मदिन इस दिन मनाया जाता है और नई खरीफ की फसल की खीलें तैयार कर, नए वर्तनों में डालकर भगवान को भोग लगाकर बाद में स्वयं उपयोग किया जाता है। स्वास्थ्य बहुत बड़ा धन है। कहा जाता है- पहला सुख निरोगी काया। काया के निरोग होने पर ही धन या जन का सुख मिल सकता है। आध्यात्मिक साधना के लिए, आत्मा का दीप जलाने के लिए भी काया निरोगी चाहिए। काया को स्वस्थ बनाने के लिए मन और अन्न दोनों सात्विक चाहिए।

### बुनियादी स्कूल में मनाया आयोडिन दिवस



**नामकुम।** रा0 कृ० बुनियादी का विद्यालय स्कूल परिसर में विश्व आयोडिन न्यूनता विकार नियंत्रण अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि में निर्देशक सम्मुख स्वास्थ्य सेवाऐं झारखण्ड के डॉ कृष्ण कुमार के द्वारा दीप प्रज्जवलित कार्यक्रम का शुभारमभ किया गया। इस अवसर विद्यालय के छात्र-छात्रों के बीच रंगोली बनना, चित्रकला एव वं क्वीज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान विजेता प्रतिभागियों बीच छात्रों के बीच प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर राज्य नॉडल पदाधिकारी डॉ एस०पी० शर्मा, की अध्यक्षता में सफलता पूर्व कार्यक्रम का संचालन हुआ।

# बूढ़ा पहाड़ से भागे माओवादियों ने गारू में ली शरण

- सुरक्षा बलों की दबिश के बाद माओवादियों ने बदला इलाका
- बूढ़ा पहाड़ व कोल्हान इलाकों में नये जगह पर शिफ्ट हुए माओवादी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में सुरक्षा बलों के संयुक्त अभियान के बाद माओवादी तीतर-बितर हो गये हैं। बूढ़ा पहाड़ को सुरक्षाबलों ने 11 सितम्बर को नक्सलियों से मुक्त करा लिया था। बूढ़ा पहाड़ की मुक्ति के बाद वहां कैंप कर रहे सौरभ जी उर्फ मारकुश बाबा, सरजीत यादव, नवीन यादव के दस्ते ने अपना ठिकाना लातेहार के गारू व उसके आसपास के पठारी इलाके को बनाया है। पुलिस को जो जानकारी मिली है उसके मुताबिक, बूढ़ा पहाड़ से हटने के बाद मारकुश बाबा उर्फ सौरभ अपने साथी रवींद्र यादव के दस्ते के साथ सक्रिय है। वहीं, नवीन व सरजीत यादव अपने एक दर्जन साथियों के साथ गारू के इलाके में ही गांव में सक्रिय हैं। पुलिस इन चिन्हित उग्रवादियों के खिलाफ टारगेट बेस्ड अभियान चलाने की तैयारी में है।

**कोल्हान में भी ट्राइजंक्शन से खदेड़े गये माओवादी :** चाईबासा, खूंटी और सरायकेला के कुचाई में भाकपा माओवादियों ने बीते तीन सालों से अपना बसेरा बना रखा था। सुरक्षा बलों ने अगस्त महीने की आखिरी सप्ताह में ट्राइजंक्शन पर ऑपरेशन थंडरबोल्ट चलाया था। इस ऑपरेशन के दौरान एक महिला व एक पुलिस सेक्शन कमांडर मारे गये थे। दोनों के पास से एके-47 हथियार भी बरामद किया गया था। इस ऑपरेशन के बाद माओवादियों ने ट्राइजंक्शन के कुचाई इलाके को छोड़ दिया था। माओवादियों के एक करोड़ के ईनामी पतिराम मांझी उर्फ अनल के दस्ते के दो माओवादियों के मारे जाने के बाद उग्रवादियों को झटका लगा था।

### लगातार एंटी नक्सल ऑपरेशन ने तोड़ी माओवादियों की कमर

राज्य में लगातार सुरक्षाबलों के द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन से नक्सलियों की कमर टूटी है। बूढ़ा पहाड़ के मुक्ति के बाद झारखंड, बिहार और छत्तीसगढ़ में भाकपा माओवादी संगठन को बड़ा झटका लगा है। माओवादियों के लिए बूढ़ा पहाड़ रणनीतिक तौर पर काफी मजबूत था। वहीं, झारखंड के पारसनाथ, झुमरा और कोल्हाल के ट्राइजंक्शन पर भी दर्जनों कैंप स्थापित हुए हैं, जिसका असर माओवादी संगठनों पर पड़ा है। वर्तमान में राज्य के माओवादी नेतृत्व के संकट से भी गुजर रहे हैं।


### समादेष्टा का कार्यालय, प्रथम वाहिनी, झारखण्ड सशस्त्र पुलिस, राँची

**–: अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना :–**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि इस वाहिनी की 15(पंद्रह) सरकारी वाहनों के लिए निम्नांकित CEAT टायर ट्यूब क्रय किया जाना है। अतएव इच्छुक बिक्रेताओं से निविदा आमंत्रित किया जाता है। निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि दिनांक 05.11.2022 तक निर्धारित की जाती है। अतः इच्छुक बिक्रेताओं से दिनांक 05.11.2022 तक निविदा निश्चित् रूप से झा0स0पु0–1, डोरण्डा, राँची अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित करेंगे।

| क्र०स० | वाहनों के प्रकार | वाहनों के संख्या | CEAT टायर/ट्यूब के प्रकार | आवश्यकता |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Tata Bus | 12x7 | 10:00:20 | 84 Pc |
| 2. | Tata Mini Bus | 03x7 | 8.25x16-16 | 21 Pc |
| | | **15 Vehicle** | | **105 Pc** |

निविदा में आपूर्तिकर्त्ता का झारखण्ड राज्य का GST/CST अद्यतन प्रमाण पत्र का होना आवश्यक है। आपूर्तिकर्त्ता का सामान का दर बाजार दर के अनुरूप होना चाहिए। निविदा को अद्योहस्ताक्षरी द्वारा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार पूर्ण रूप से सुरक्षित रहेगा।

ह०/–
समादेष्टा
झारखण्ड सशस्त्र पुलिस–1, राँची

PR 280689 Police(22-23)#D

## न्यूज गैलरी

### हाजी अख्तर अंसारी के आकस्मिक निधन पर गहरी शोक संवेदना

रांची । झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हाजी अख्तर अंसारी के आकस्मिक निधन पर गहरी शोक संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि हाजी अंसारी कांग्रेस के कर्मठ एवं जुझारू कार्यकर्ता थे, जो पार्टी के हर कार्यक्रमों में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी का निर्वहन करते थे। उनके निधन से कांग्रेस को अपूरणीय क्षति हुई है। पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने हाजी अख्तर अंसारी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निधन से मुझे व्यक्तिगत क्षति हुई है, जिसकी भरपाई नहीं हो सकती है। वे एक मृदुभाषी के साथ-साथ संगठन के सक्रिय कार्यकर्ता थे। उन्होंने शोक संतप्त परिवार को इस दुख की घड़ी को सहने की शक्ति प्रदान करने के लिए परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की। शोक व्यक्त करने वालों में सर्वश्री अनादि ब्रह्म, रविन्द्र सिंह, प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता राकेश सिन्हा, राजीव रंजन प्रसाद, सतीश पॉल मुंजनी, आभा सिन्हा, डॉ0 राकेश किरण महतो, ईश्वर आनंद, अमुल्य नीरज खलखो, सुरेन्द्र सिंह, निरंजन पासवान, जगदीश साहू, सलीम खान, नरेन्द्र कुमार लाल गोपी, रामानन्द केशरी आदि शामिल हैं।

### गोली चलने की घटना की तीव्र भर्त्सना की

रांची। युवा समाजसेवी एवं प्लाईवुड व्यवसायी सौरभ साबू सुपुत्र किशन साबू पर बंदूक से हुए हमले की माहेश्वरी समाज ने तीव्र भर्त्सना की है। इस घटना के तुरंत बाद हुई माहेश्वरी समाज की बैठक में अध्यक्ष शिव शंकर साबू ने इस घटना की निंदा करते हुए कहा कि प्रशासन से आरोपी को तुरंत गिरफ्तार करने की मांग की। सचिव नरेंद्र लखोटिया ने शिथिल प्रशासनिक व्यवस्था के लिए राज्य सरकार को जिम्मेदार ठहराया। इस बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार मारू, पूर्व चेंबर अध्यक्ष दीपक मारु, अनिल साबू, मनोज कल्याणी, गिरिजा शंकर पेड़ीवाल, रमण बोड़ा, सौरभ साबू, अंकुर डागा, विनय मंत्री आदि कई लोग उपस्थित थे। मीडिया प्रभारी रश्मि मालपानी ने बताया कि कई समाज बंधु समुचित इलाज व्यवस्था में लगे हुए हैं और भुक्तभोगी की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। जन बहुल एरिया में दिन में अगर इस तरह की की घटना हो तो आम जनता को घर से बाहर निकलने के लिए बहुत सोचना होगा खास कर त्योहार के वक़्त।

### मित्रता करनी है तो श्रीकृष्ण-सुदामा की तरह करें: रामदेव

रांची। श्रीमद्भागवत कथावाचक पंडित रामदेव पांडेय ने कहा कि मित्रता करनी है तो श्रीकृष्ण-सुदामा की तरह करें। गांव में यदि एक भी सुदामा हों तो भी गांव के लोगों को भी ऐश्वर्य भोग मिलता है। भगवान श्री कृष्ण ने न सिर्फ सुदामा को ऐश्वर्य वैभव दिया बल्कि सुदामा के पड़ोसियों को भी ऐश्वर्य मिला। कथावाचक शुक्रवार को बरियातू में यूनिवर्सिटी कॉलोनी में श्री राम शनि मंदिर में महिला भक्ति परिषद की ओर से आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के सातवें दिन प्रवचन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भगवत प्राप्ति की व्याकुलता अगर जीवन में आ गई है।

### आयुष्मान भारत बीमा राशि के विमुक्त नहीं होने से अस्पतालों की आर्थिक स्थिति खराब : आईएमए झारखंड

रांची। राज्यपाल रमेश बैस से शुक्रवार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन झारखंड के एक शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट कर राज्य में आयुष्मान भारत के तहत कार्य करने में अस्पतालों को आने वाली विभिन्न कठिनाइयों के संदर्भ में ज्ञापन समर्पित किया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि झारखंड की पावन धरती से प्रधानमंत्री द्वारा शुभारंभ आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना के माध्यम से चिकित्सक वर्ग आर्थिक रूप से कमजोर व असमर्थ लोगों का उपचार कर रहे थे। सितंबर, 2021 के बाद कतिपय कठिनाइयों का सामना करने के फलस्वरूप इस महती योजना का आंशिक लाभ ही लोगों को मिल पा रहा है। पूर्व में स्वीकृति प्राप्त मरीजों के चिकित्सोपरांत व्यय हुए राशि के विमुक्त नहीं होने से अस्पतालों की आर्थिक स्थिति खराब हो गई और इस कारण बहुत सारे अस्पताल बंद भी हो गये तथा बहुत से अस्पतालों पर विभिन्न संस्थानों का भारी ऋण है।

### श्री बाबू के विचारों को जीवन में उतारने का संकल्प

रांची। अखंड बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री बिहार केसरी डॉ.श्री कृष्ण सिंह की जयंती पर श्री कृष्ण पार्क डोरंडा में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के प्रदेश मंत्री सुबोध कुमार सिंह गुड्डू ने की। उपस्थित लोगों ने श्री बाबू की विचारों को अपने जीवन में उतार कर आगे बढ़ने का संकल्प लिया।

# दो साल की मासूम बच्ची अगवा, एक घंटे के अंदर बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची में उस समय सनसनी फैल गई जब पुलिस को यह जानकारी मिली की अरगोड़ा इलाके से एक दो साल की मासूम बच्ची को अगवा कर लिया गया है। मामले की जानकारी मिलते ही अरगोड़ा पुलिस एक्टिव हुई और सीसीटीवी फुटेज के साथ-साथ ह्यूमन इंटेलिजेंस का बेहतरीन प्रयोग कर बच्ची को एक घंटे के भीतर बरामद कर लिया वही बच्ची को गायब करने वाले आरोपी को भी धर दबोचा।



**क्या है पूरा मामला :** शुक्रवार की दोपहर अरगोड़ा थाना प्रभारी विनोद कुमार को फोन पर यह जानकारी दी गई कि अरगोड़ा इलाके के ढेला टोली से दो साल की मासूम बच्ची रिधिका को अगवा कर लिया गया है। मासूम रिधिका के पिता रणधीर कुमार मंडल अपने पड़ोसियों के साथ अरगोड़ा थाने भी पहुंचे। जानकारी मिलने पर और मामले की गंभीरता को देखते हुए अरगोड़ा पुलिस तुरंत एक्टिव हो गई। शहर के सभी थानों में रिधिका की तस्वीर भेज कर सबसे पहले उसकी तलाश शुरू की गई। स्टेशन और बस स्टैंड पर भी पुलिस को अलर्ट कर दिया गया। इसी बीच ढेला टोली के कुछ घरों में लगे सीसीटीवी फुटेज को भी पुलिस ने खंगालना शुरू किया। सीसीटीवी फुटेज में एक व्यक्ति के द्वारा बच्ची को गोद में उठाकर ले जाते हुए देखा गया। पहचान कराने पर वह बच्ची के पड़ोस में ही रहने वाला युवक शम्भू शरण शर्मा निकला। आनन-फानन में पुलिस की टीम जब शंभू शरण शर्मा के घर पहुंची तब वह भागने की कोशिश कर रहा था, पुलिस ने उसे धर दबोचा वहीं उसने अपने घर के कमरे में मासूम बच्ची को छुपा कर रखा था, जहां से बच्ची को सुरक्षित बरामद कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी शंभू शरण बिहार के नवादा जिला का रहने वाला है वह कई दिनों से ताक में था कि बच्ची को उठा सके। शुक्रवार की दोपहर जब बच्ची घर से बाहर खेल रही थी उस दौरान से मौका मिला और उसने बच्ची को उठा लिया और अपने घर में ले जाकर छुपा दिया। अगर सही समय पर अल्मोड़ा पुलिस एक्टिव होकर काम नहीं करती बच्ची को बरामद करना बेहद मुश्किल भरा काम होता क्योंकि आरोपी उसे लेकर नवादा भागने वाला था। गिरफ्तार आरोपी भागने की पूरी तैयारी कर चुका था उसने नवादा जाने के लिए बस में टिकट भी बुक करवा लिया था। पुलिस के पूछताछ में आरोपी ने बताया है कि वह नवादा से आकर रांची में किराए के मकान में रहा करता था और यहां टेंट लगाकर यौन शक्ति बढ़ाने के लिए जड़ी-बूटी बेचा करता था।

#### बच्चों को कैंची दिखाकर डराया

मोहल्ले के कुछ बच्चों ने पुलिस को बताया कि एक व्यक्ति जो दिखने में पतला दुबला था वह रिधिका को अपने साथ लेकर जा रहा था। जब बच्चों ने उससे पूछा कि वह रिधिका को कहां लेकर जा रहा है तो उसने अपने हाथ में लिए बड़े कैंची को दिखा कर उन्हें धमकी दी कि अगर किसी को कुछ बताया तो इसी कैंची से काट डालेगा।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का मंथन ऑनलाइन लिटरेरी डायलॉग्स में शानदार प्रदर्शन




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल के बच्चों ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता 'मंथन ऑनलाइन लिटरेरी डायलॉग्स' में शानदार प्रदर्शन किया। उक्त प्रतियोगिता बिरला दिव्य ज्योति स्कूल, सिलीगुड़ी द्वारा आयोजित की गई थी। पूरे देश से 17 स्कूलों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। सरला बिरला पब्लिक स्कूल के बच्चों ने योग और डांस प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। साथ ही स्कूल ने रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। क्रासफायर डिबेट प्रतियोगिता में कक्षा बारहवीं की निशू निहारिका को श्रेष्ठ वक्ता का पुरस्कार मिला। कक्षा नवम की प्रज्ञाश्री होता ने एकल रचनात्मक लेखन में तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। प्राचार्या परमजीत कौर ने प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को बधाई देकर प्रोत्साहित किया साथ ही मार्गदर्शन के लिए शिक्षकों की प्रशंसा की।

## आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम संपन्न : हरिनाथ साहू

**नवीन मेल संवाददाता**

**कांके।** मालश्रृंग पंचायत के पंचायत सचिवालय सभागार में राज्य सरकार के द्वारा संचालित द्वितीय चरण में आप की योजना, आपका सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पंचायत के लोगों के द्वारा पेंशन योजना, जॉब कार्ड, राशन कार्ड ,पीएम आवास योजना,मनरेगा से संचालित विभिन्न योजनाओं का आवेदन के साथ कई ग्रामीण लाभुकों को परिसंपत्ति के रूप में चेक एवं गरीब वृद्धों के बीच कंबल का वितरण किया गया। विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित विधायक प्रतिनिधि हरिनाथ साहू ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए झारखंड सरकार के प्रतिनिधि के रुप में उपस्थित कांके प्रखंड विकास पदाधिकारी शीलवंत भट्ट एवं कार्यक्रम को सहयोग कर रहे कांके प्रखंड के सभी विभागों से आए हुए पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार प्रकट किया। सैंकड़ो की संख्या में उपस्थित ग्रामीणों से इस कार्यक्रम के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने एवं अपने पंचायत में शत-प्रतिशत विकास व कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए सामूहिक प्रयास एवं सहयोग की आवश्यकता पर कई सुझाव दिए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांके के बीडीओ शीलवंत भट्ट, प्रमुख सोमनाथ मुंडा, जिप सदस्य सुषमा देवी, विधायक प्रतिनिधि हरिनाथ साहू, मुखिया बसंती मींज, पंचायत समिति सदस्य पूनम देवी, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, उप मुखिया, वार्ड सदस्य, जेएमएम के प्रखंड अध्यक्ष जावेद अंसारी, समाजसेवी जनक साहू, तुलसी महतो,अजय साहू, विपिन कुमार, लखन उरांव के अलावे सैकड़ों ग्रामीण एवं लाभुक लोग शामिल हुए।



## पीएमकेएसवाई 2.0 विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन के लिए कार्यशाला आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना पीएमकेएसवाई 2.0 के अंतर्गत जल छाजन परियोजना के क्रियान्वयन के लिए विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन डीपीआर तैयार करने के लिए शुक्रवार को प्रखंड सभागार मधुपुर देवघर में पंचायत प्रतिनिधियों, जल छाजन समितियों एवं ग्रामीणों के लिए एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन भारतीय लोक कल्याण संस्थान रांची एवं कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल देवघर क्रियान्वयन एजेंसी पीएमकेएसवाई 2.0 के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधिवत रूप से उपस्थित जन प्रतिनिधि एवं प्रखंड के प्रशासनिक पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर उपस्थित संस्था के सचिव चंद्रदेव सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री योजना के बारे में विस्तृत रूप से बताया और किस प्रकार विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन बनाया जाएगा। जो अगले 5 वर्षों इसी के माध्यम से क्रियान्वयन किया जाना है । मधुपुर प्रखंड के नो पंचायत नो पंचायत के 58 गांव में गांव से योजनाओं का चयन किया जाएगा। जिसके लिए ग्यारह जल छाजन समितियों का गठन किया जा चुका है । परियोजना प्रतिवेदन तैयार करने के लिए टोला सभा , बेसलाइन सर्वे ट्रांजिट वर्क, ग्राम सभा, विशेष ग्राम सभा एवं जीआईएस तकनीक का उपयोग विशेष रूप से किया जाएगा। बर्शाला भारतीय लोक कल्याण संस्थान के नारायण एक्सपोर्ट एनआरएम एक्सपोर्ट इमरान अंसारी एवं मनोज वेद के द्वारा पीपीटी के माध्यम से उपस्थित प्रतिभागियों को जल प्रबंधन प्रबंधन के बारे में बताया गया और किन किन बातों को ध्यान में रखते हुए आंकड़ों को इकट्ठा करना है इनकी जानकारी दी गई इस अवसर पर बीपीओ मनरेगा अमित कुमार भगत अपने विचार और सुझाव डीपीआर निर्माण हेतु दिए। उन्होंने डीपीआर बनाने में सब कुछ बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। इस अवसर पर मनीष कुमार, संजीव कुमार क्षेत्र समन्वय त्रिकुट एफपीओ के सीईओ महा मुर्मू इत्यादि के अलावा जलछाजन समिति से दर्जनों लोग शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन हरे राम पांडे ने किया।



# दीपावली की रमा एकादशी के अवसर पर श्याम मंदिर में दर्शन पूजन के लिए भक्तों का लगा तांता


**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** खाटू नरेश की दीपावली की रमा एकादशी के अवसर पर शुक्रवार को प्रातः से ही हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में भक्तजनों का दर्शन पूजन के ताता लगा रहा। प्रातः 5:00 बजे मंदिर के पट खोल दिए गए प्रातः 5:30 बजे मंगल आरती बाल भोग 8:30 श्रृंगार आरती व भोग दोपहर 12:15 बजे भोग व शंख आरती के बाद पट विश्राम हेतु बंद कर दिए गए। श्री श्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया की दीपावली एकादशी के अवसर पर आज साय श्री श्याम मंदिर में विराजमान श्री खाटू नरेश श्री हनुमान जी महाराज श्री शिव परिवार गुरुजनों का दिव्य तथा मनोहारी दर्शनीय श्रंगार किया गया । खाटू नरेश को लाल गुलाब रजनीगंधा आर्किड केसरिया गेंदा नींबू गेंदा मुर्गन तुलसीदल की 27 मोटी मोटी मालाओं से सजाया गया। सुगंधित इत्र से ठाकुर जी की मसाज की गई साईं मंदिर के पट खुलते ही दर्शन के लिए भक्तों की कतार लग गई। ग्वाल आरती रात्रि 8:30 बजे पंच आरती के बाद एकादशी कीर्तन प्रारंभ किया गया। कांके ब्लॉक निवासी कपिल देव सिंह, कुसुम देवी, सतीश सिंह व अर्चना अतीश ने परिवार संघ एकादशी कीर्तन के निर्मित श्रृंगार विभिन्न प्रसाद फल प्रसाद पंचमेवा की सेवा निवेदित की। रात्रि 9:30 बजे खाटू नरेश की अखंड ज्योत कपिल देव सिंह ने परिवार संघ में प्रज्ज्वलित कर विभिन्न मिष्ठान नमकीन, चंद्रकला, गोंद लड्डू, काजू बर्फी, बुंदिया लड्डू, दिलकुशा केसरिया पेड़ा, निम्की, सुहाली मूंग दाल, चना दाल, गुजराती कचौड़ी के अतिरिक्त पंचमेवा सेवफल केसरिया दूध नारियल व मगही पान का भोग अर्पित कर झारखंड की खुशहाली की प्रार्थना की । मंडल के उप मंत्री अनिल नारनोली ने पूजा अनुष्ठान संपन्न कराया।



#### रम्भा एकादशी महापर्व भक्तिमय वातावरण में आयोजित

**रांची।** अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में शुक्रवार को कार्तिक कृष्ण पक्ष की पावन रम्भा एकादशी महापर्व अत्यंत उत्साह एवम भक्तिमय वातावरण में आयोजित किया गया। दीपमालिका के पावन पर्व की इस एकादशी पर पूरे मन्दिर परिसर को बिजली की रंगीन लड़ियों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था तथा पूरे मन्दिर परिसर को शुद्ध घी के दीयों से सजाया गया था। इस अवसर पर अहले सुबह से ही भक्तों की भीड़ श्री श्याम प्रभु के दिव्य दर्शन के लिए उमड़ रही थी। श्री श्याम प्रभु को प्रातः नवीन वस्त्र ( बागा ) पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर ताजे एवम खुशबू दार गुलाब, रजनीगंधा, बेला, जूही, गैंदा व तुलसीदल की मालाओं से श्री श्याम प्रभु का मनमोहक श्रृंगार किया गया। रात्रि 9 बजे श्री श्याम देव के जयकारों के बीच अखण्ड ज्योत प्रज्वलित कर भक्तगण पावन ज्योत में आहुति देकर श्री श्याम प्रभु से मनोवांछित फल व सुख समृद्धि की कामना कर रहे थे। इस अवसर पर श्री श्याम मण्डल के सदस्यों द्वारा सर्व प्रथम गणेश वंदना के साथ संगीतमय संकीर्तन का शुभारंभ किया। आयो सांवलियो सरकार लीले पे चढ़ के, देना है दीजिए जन्म जन्म का साथ, खाता खोल कर देख संवारा चाकर बहुत पूरानो हूं, दरबार अनोखा सरकार अनोखी खाटू वाले की हर बात अनोखी, छोड़ेंगे न हम तेरा द्वारा ओ बाबा मरते दम तक इत्यादि भजनों की लय पर भक्तगण श्याम धुन में लीन होकर बाबा को रिझा रहे थे।



## आद्रीका वेलफेयर ट्रस्ट और अनमोल स्नेहल फाउंडेशन ने मिठाईयां बांटकर लोगों को दी दिवाली की शुभकामनाएं



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** शुक्रवार को दीपावली के शुभ अवसर पर आद्रीका वेलफेयर ट्रस्ट और अनमोल स्नेहल फाउंडेशन के तत्वाधान में हर घर रौशन के तहत दीपावली के अवसर पर ओरमांझी प्रखंड के चकला पंचायत के मुना पतरा टोली में दर्जनों लोगों को मिठाई, दिया, तेल, बाती का वितरण किया गया, संस्था प्रत्येक वर्ष इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन जिले सहित राज्य के विभिन्न स्थानों पर करती रहती है. सामाजिक कार्यकर्ता, अधिवक्ता व आद्रीका वेलफेयर ट्रस्ट की अध्यक्षा रूना शुक्ला ने बताया की एक भी घर अंधेरा न रहे इसकी कोशिश हम सभी को करनी चाहिए. आगे उन्होंने कहा की हमारी छोटी सी कोशिश किसी को मुस्कान दे इससे बड़ी कोई बात नहीं. वहीं संस्था अनमोल स्नेहल फाउंडेशन के निदेशक जीवन कुमार नें कहा की हम सभी को अपने अपने क्षेत्र के असमर्थ लोगों की मदद को आगे आना चाहिए. इस अवसर पर संस्था के सदस्य और ग्रामीण उपस्थित थे.

### रिम्स में दो सीनियर डॉक्टरों के बीच झड़प

**रांची।** रिम्स में शुक्रवार को कैंसर विभाग के एचओडी डॉ अनूप और यूरोलॉजी के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ राणा प्रताप के बीच धक्का-मुक्की हुई। शुक्रवार को यूरोलॉजी ओपीडी के पास दर्जनों मरीज मौजूद थे। उन्होंने बताया कि डॉ अनूप ने डॉ राणा प्रताप के चैंबर में पहुंचकर सामान इधर-उधर फेंक दिया, बाहर रखे कार्टून को सीधे कमरे में फेंक दिया। डॉ अनूप ने डॉ राणा प्रताप को अपशब्द भी कहे। डॉ राणा प्रताप ने बताया कि डॉ अनूप उनके पास आए और कहने लगे कि तुम मेरे बारे में क्या बोल रहे थे। मेरे पीछे जासूस लगा रखे हो।

# राजस्थान के महल की आकृति में बनाया जा रहा है पूजा पंडाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** काली पूजा के मद्देनजर रांची में तैयारियां जोरों पर है और विभिन्न पूजा समितियों द्वारा एक से एक पूजा पंडाल बनाए जा रहे हैं। न्यू काली पूजा समिति काली मंदिर रोड डोरंडा इस बार अपना 42 वां वार्षिक उत्सव मना रहा है जिसको लेकर पूजा प्रांगण में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जिसमें इस वर्ष भव्यता के साथ पूजा का आयोजन करने का निर्णय लिया गया । इस वर्ष भव्य राजस्थान का महल पूजा प्रांगण में बनाया जा रहा है जिसे बंगाल से आए 30 कारीगरों के द्वारा दिन-रात लगकर तैयार किया जा रहा है।साथ ही समाजसेवी भरत काशी को समिति का मुख्य संरक्षक नियुक्त किया गया ,इस वर्ष 24 अक्टूबर रात्रि 7:00 बजे 5 पुरोहितों के द्वारा पूजा पंडाल का उद्घाटन अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में किया जाएगा, रात्रि 12:00 बजे पूरे विधि विधान के साथ माता की पूजा अर्चना के बलि पूजा की जाएगी। आगामी 25 अक्टूबर को ग्रहण के पश्चात माता को छप्पन भोग लगाया जाएगा एवं 27 अक्टूबर को महाभंडारे का आयोजन किया जाएगा जिसमें लगभग 20हजार भक्तजनों के बीच प्रसाद वितरण का लक्ष्य रखा गया है । 42 वां वार्षिक उत्सव के उपलक्ष में 50 जरूरतमंद लोगों को कंबल का वितरण भी किया जाएगा । आगामी 28 तारीख को भव्य विसर्जन शोभा यात्रा निकाले जाने का निर्णय लिया गया है साथ ही 30 अक्टूबर को छठ व्रतियों के बीच सूप एवं अन्य पूजा सामग्री का वितरण करने का निर्णय लिया गया है। इस आयोजन को सफल बनाने मे संरक्षक टापू घोष, नवरत्न वाली, अध्यक्ष शंभू गुप्ता, सचिव अजय घोष ,रोहित शारदा ,बप्पा घोष ,बिट्टू घोष ,दीपू जयसवाल, पंकज कुमार ,राजा सिंह, राजेश झा ,राजू दास ,विकल घोष सहित अन्य सदस्य अपना योगदान दे रहे हैं।



## झारखंड ट्राइबल डेवलोपमेन्ट सोसाइटी द्वारा 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यकम आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** टीआरटीसी, चाईबासा में लोककल्याण संस्थान के द्वारा और झारखंड ट्राइबल डेवलपमेन्ट सोसाइटी के आयोजन से 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यकम किया जा रहा है । शुक्रवार को प्रशिक्षण के छठे दिन झारखंड ट्राइबल डेवलपमेंट सोसाइटी के पदाधिकारी एवं भारतीय लोककल्याण संस्थान के प्रशिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का कार्य मुख्य प्रशिक्षक अशोक कुमार और राकेश कुमार तथा सहायक प्रशिक्षण संयुक्ता देवी व चंद्रेस्वर ओझा ने किया ।जिसमें आरती पात्रो, गुरूवारी पान का विशेष सहयोग रहा, मुख्य प्रशिक्षक का मधुमक्खी पालन में 30 वर्षों का अनुभव है और अपने अनुभव को उन्होंने लाभुकों से साझा किया। मुख्य प्रशिक्षक व सहायक प्रशिक्षकों ने प्रशिक्षण के छठे दिन इस परियोजना के अंतर्गत सोनुआ ब्लॉक के सरंडिया ग्राम (23) एवं बांदोडिह ग्राम (15) और गोइलकेरा ब्लॉक के आराहासा (18) ओर घोड़ाडूबा ग्राम(18) के कुल 74 लाभार्थी प्रशिक्षण में शामिल हुए। प्रशिक्षकों द्वारा मधुमक्खी पालन से संबंधित विभिन्न विषयों मुख्यतः पराग, रायल जेली, मधुमखियों से संबंधित रोग, उपचार, बकछूट को पकड़ना, असली व नकली मधु की पहचान इत्यादि विषयों को व्यवहारिक वह प्रयोगात्मक रूप में अध्ययन कराया गया, साथ ही साथ मानसिक व बौद्धिक विकास को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण के साथ-साथ मनोरंजन के लिए विभिन्न खेल भी कराया गया।



# दो-दिवसीय खेल प्रतियोगिता का समापन डीएवी बिष्टुपुर ओवरऑल चैंपियन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** शुक्रवार को दो-दिवसीय डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स,2022 (एस जी एफ आई से सम्बंधित) झारखंड कलस्टर लेवल-क्क्क 'एथलीट्स मीट' का समापन 'बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, मोरहाबादी, रांची में उल्लासपूर्वक हो गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल एवं डीएवी पब्लिक स्कूल कपिलदेव, रांची के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि लोकसभा के पूर्व उप सभापति, खूंटी के पूर्व सांसद और प्रधानमंत्री केयर्स फंड के ट्रस्टी कड़िया मुंडा इस अवसर पर कहा कि खेलकूद जीवन का आवश्यक अंग है। स्वस्थ मस्तिष्क में ही स्वस्थ विचार आते हैं। उन्होंने कहा कि खेल से हम अनुशासन और एकता सीखते हैं और यह सीखते हैं कि अगर तालमेल और सहयोग हो तो हम मिलजुल कर आपस में बड़े से बड़े संकट से आसानी से निपट सकते हैं ।श्री मुंडा ने कहा कि हमें पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद पर भी ध्यान देना चाहिए और अपने आप को अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का प्रयत्न करना चाहिए। लोकसभा के पूर्व सभापति ने कहा कि जब से प्रधानमंत्री मोदी ने खेलो इंडिया का नारा दिया है तब से पूरे देश में बच्चे खेलने में ज्यादा ध्यान दे रहे हैं और क्रिकेट के अलावा अन्य खेलों में भी भारत को पदक मिल रहे हैं। श्री मुंडा ने विभिन्न स्पर्धाओं में विजयी खिलाड़ियों को पदक और प्रमाण पत्र भी प्रदान किए। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एमके सिन्हा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि कि आज बहुत बड़ा सौभाग्य है कि हम लोगों के बीच संसार के सबसे बड़े लोकतंत्र के मंदिर के सभापति उपस्थित हैं ।



## न्यूज गैलरी

### स्व. शिव प्रसाद साहू दो दिवसीय कैशमनी फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन



**कैरो / लोहरदगा।** प्रखण्ड के कैरो आदिवासी मुहल्ला के द्वारा दानवीर स्व शिव प्रसाद साहू दो दिवसीय कैशमनी फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन आदिवासी मुहल्ला स्थित खेल मैदान में किया गया जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि कैरो प्रखण्ड प्रमुख श्रीराम उराँव,विशिष्ट अतिथि कैरो प्रखण्ड बिससूत्री उपाध्यक्ष सह संरक्षक बुधवा उरांव, पहान सुरेंद्र पहान, आयोजन समिति के संरक्षक देवदत्त प्रजापति आदि के द्वारा स्व शिव प्रसाद साहू के चित्र पर मालार्पण के बाद खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व फीता काटकर किया गया। उद्घाटन मैच में राहे की टीम ने 1 गोल से नगड़ी की टीम को हराया।मौके पर मुख्य अतिथि प्रखण्ड प्रमुख श्रीराम उरांव ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलें ,खेल में हार जीत लगी रहती है हारने वाली टीम को हतोउत्साह होने की जरूरत नही है न ही जितने वाली टीम को बहुत ज्यादा उत्साहित होने की जरूरत है बल्कि खिलाड़ियों को कड़ी मेहनत कर अपनी प्रतिभा को निखारने की जरूरत है। मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष सुमन उराँव, सचिव तिला उराँव, कोषाध्यक्ष रोहित प्रजापति,मनोज उरांव, मंगल उरांव, महादेव उरांव, सदस्य काली उरांव, कृष्णा उरांव, संजू शुक्ला, रेयाज अंसारी आदि उपस्थित थे।

### खनन विभाग ने एक साथ चार ट्रैक्टरों को अवैध बालू के साथ किया जब्त



**सिमडेगा।** खनन विभाग सिमडेगा द्वारा कार्रवाई करते हुए कोचेडेगा के समीप अवैध बालू लदे हुए एक साथ 4 ट्रैक्टरों को जप्त करते हुए शुक्रवार को सिमडेगा थाना को सुपुर्द किया। जानकारी देते हुए खनन निरीक्षक गणेश चंद्र परीडा ने बताया कि जिला खनन पदाधिकारी के निर्देश अनुसार छापेमारी अभियान चलाया गया इस दौरान अवैध बालू लोड कर कोचेडेगा रामरेखा मार्ग की ओर जा रहे ट्रैक्टर को जप्त करते हुए थाना को सुपुर्द किया है तथा उनके विरुद्ध खनन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लगातार बार-बार अवैध खनन को लेकर खनन विभाग की ओर से कार्रवाई की जा रही है लेकिन इसके बावजूद कई ट्रैक्टर चालक मनमाना तरीके से चोरी-छिपे अवैध बालू का कारोबार कर रहे हैं। ऐसे लोगों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी ताकि सरकार का राजस्व का नुकसान ना हो। गौरतलब हो एनजीटी हट चुकी है एवं सिमडेगा के गरजा शंख एवं पालमाड़ा नदी सहित कई नदियों में अभी तक टेंडर नहीं हुआ है इसके बावजूद अवैध बालू के कारोबारी धड़ल्ले से बालू का उठाव कर रहे हैं। इधर अचानक से अवैध बालू के खिलाफ कार्रवाई से बालू उठाव करने वाले के अंदर हड़कंप है।

### फीफा अंडर-17 फुटबॉल वर्ल्ड कप में शामिल सिमडेगा की बेटी का हुआ भव्य स्वागत



**सिमडेगा।** भुनेश्वर में चल रहे फीफा अंडर-17 वर्ल्ड कप में भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने भी हिस्सा लिया था और इस फुटबॉल टीम में सिमडेगा की पूर्णिमा कुमारी सहित झारखंड के खिलाड़ी थे प्रतियोगिता में भारतीय टीम के सभी मैच समापन होने के बाद शुक्रवार पूर्णिमा कुमारी जैसे सिमडेगा पहुंची। ओके सिमडेगा के अगुवाई में पूर्णिमा का भव्य स्वागत हॉकी सिमडेगा के कार्यालय में किया गया पूर्णिमा के इंतजार में खड़े खेल प्रेमी खिलाड़ी बाजे गाजे एवं राष्ट्रीय झंडा लेकर पूर्व से ही खड़े थे जैसे पूर्णिमा अपने भाई बलदेव मांझी के साथ रांची से सिमडेगा पहुंची गाड़ी से उतरते ही उसे फूल माला बनाकर और बुके देकर स्वागत किया गया। पूर्णिमा के स्वागत के पास उन्हें हॉकी सिमडेगा कार्यालय में पारंपरिक रीति रिवाज से स्वागत किया गया उसके स्वागत में हॉकी सिमडेगा के पदाधिकारी जिला के खेल प्रेमी के साथ-साथ सिमडेगा के भूतपूर्व विधायक विमला प्रधान भी उपस्थित थी। मौके पर हॉकी सिमडेगा का अध्यक्ष मनोज कोंनबेंगी, शतरंज खिलाड़ी प्रवीण कुमार जैन, सुनील तिर्की सुनील तिर्की करिश्मा परवार, प्रतिमा तिर्की, अनुज बेसरा, मन बहाल परवार प्रवीण कुमार जैन सहित दर्जनों हॉकी खिलाड़ी उपस्थित थे।। वही जिला मुख्यालय में स्वागत के उपरांत गांव पहुंचने पर पूर्णिमा को फुटबॉल के गुर सिखलाने वाले राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय जामबाहर के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने तथा गांव में ग्रामीणों में भी शानदार स्वागत किया।

### बेड़ो बीडीओ ने मध्य विद्यालय, मूरतो का औचक निरीक्षण किया



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के मुरतो पंचायत में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार ने मध्य विद्यालय, मुरतो का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने बच्चों के साथ बातचीत किया, उनकी पठन-पाठन दिनचर्या, खानपान ,स्वच्छता और खेलकूद आदि के संदर्भ में बातचीत कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने भारतीय महापुरुषों का उदाहरण देकर उन्हें प्रेरित करने का प्रयास भी किया गया। वहां के शिक्षकों के साथ प्रखंड स्तरीय बैठक किए। उन्होंने गाइडलाइन नियमों का अनुपालन करने को कहा गया ताकि शिक्षा का गुणवत्ता में सुधार हो सके और विद्यालय का शिक्षण का एक अच्छा माहौल तैयार हो सके।

---

### सांस्कृतिक कार्यक्रमा व पुरस्कार वितरण के साथ चित्र प्रदर्शनी का समापन, बोले अधिकारी

# भूले बिसरे सेनानियों को जानने को मिलता है मौका

नवीन मेल संवाददाता

**धनबाद।** आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित जागरूकता कार्यक्रमों की कड़ी में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार की स्थानीय ईकाई केंद्रीय संचार ब्यूरो, धनबाद द्वारा स्वच्छ भारत अभियान 2022 और आगामी सरदार पटेल के जन्मोत्सव ' एकता दिवस' (31 अक्टूबर) के अवसर पर 20-21 अक्टूबर 2022 तक लगाई गई दो-दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का आज समापन हो गया।

प्रदर्शनी के समापन समारोह में डीपीआरओ, धनबाद ईशा खंडेलवाल जी मुख्य अतिथि रहीं। वहीं नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी रवि मिश्रा और झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय की प्राचार्या विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।



मौके पर जिला जन संपर्क अधिकारी धनबाद ईशा खंडेलवाल ने कहा कि ऐसी प्रदर्शनी धनबाद में लगाना केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा एक बहुत ही सराहनीय प्रयास है। इससे हमें आजादी की विरासत के भूले बिसरे सेनानियों और उनकी कहानियां फिर से जानने का मौका मिल रहा है। साथ ही बच्चों को आने वाले आजादी के 100 वर्ष के समारोह अमृत काल को अपना बनाने एवम सफल होने की कामना की। उन्होंने प्रदर्शनी के दौरान जीते प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। नेहरू युवा केन्द्र के रवि मिश्रा ने विभाग का इस भव्य कार्यक्रम में बुलाने के लिए धन्यवाद दिया। आप लोग जिलों के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में भी कार्यक्रम और प्रदर्शनी का आयोजन करते आ रहे है, जो कि जनजागरूकता में एक अहम योगदान है। पीएम ने आगामी 100 वर्ष आजादी के अमृत काल के रूप में मनाने को कहा है, यह प्रदर्शनी अगले 25 वर्षों में आने वाले अमृत काल की दिशा में एक सफल पहल है।

इस अवसर पर विभाग द्वारा स्वच्छता पर संदेश देने से साथ साथ अमृत महोत्सव पर दो दिनों तक जागरूकता रथ भी चलाया गया और स्वच्छता पर बालिका विद्यालय में सफाई अभियान और स्वच्छता रैली भी निकाली गई।

इस दो दिवसीय कार्यक्रम को संपन्न कराने में विभाग के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी श्री ओंकार नाथ पाण्डेय एवं सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी राज किशोर पासवान की महती भूमिका रही। इस अवसर पर आयोजित प्रतियोगिताओं और नृत्य, गीत आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों में डीएवी स्कूल कोयला नगर, झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय, कोला कुसुमा, उत्क्रमित उच्च विद्यालय, कोला कुसुमा और सीसीडब्ल्यू कोलवाशरी मध्य विद्यालय के बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। और सभी विजेताओं को विभाग ने अतिथियों द्वारा पुरस्कृत कराया।

---

# बेड़ो में गंदगी व जलजमाव के बीच मनेगी दिवाली का त्योहार

नवीन मेल संवाददाता



**बेड़ो।** गंदगी व जलजमाव के ढेर के बीच ही बेड़ोवासी दीपावली और छठ पर्व मनाएंगे। हर घर में लक्ष्मी पूजा की तैयारी चल रही है। लोग अपने घरों में सफाई तो कर रहे हैं लेकिन जिनके कंधों पर सफाई और जलजमाव दूर करने की जिम्मेवारी है वे लोग उदासीन बने हुए हैं। देवी मंडप चौक, विधुत्त सब स्टेशन सड़क, बड़ाईक चौक,बस्ती के अखरा के समीप जलजमाव व कचरे को दूर करने में जिम्मेदार नाकाम रहे है।पिछले दो माह से बाजार टांड़ के मुख्य नाले का गंदा जल मच्छरों का प्रकोप बढ़ा रहा है। लेकिन सफाई और गंदे पानी की निकासी की व्यवस्था नहीं हुई। इसी बीच अगले सप्ताह में स्वच्छता व आस्था का त्योहार छठ भी आ रहा है लेकिन देवी चौक का जलजमाव जस का तस है। अभी की स्थिति इतनी खराब है कि नाले का पानी सड़कर बदबू फैला रहा है। आसपास के दुकानदार भी इस स्थिति से बेहाल हैं लेकिन उनके सामने कोई और विकल्प नहीं है। बाजार टांड़ व देवी मंडप व तेतर टोली के लोग लोक आस्था के महापर्व छठ के लिए इसी रास्ते से तालाब पर जाती है। जिसमें श्रद्धालु नंगे पैर सिर पर केला, दउरा व ईंख लेकर घाट तक की दूरी तय करते हैं। ऐसे में इन्ही गंदगी भरी सड़कों से श्रद्धालुओं को आना और जाना पड़ेगा। यहां के लगभग सभी सड़कों पर जलजमाव है जो कभी कभार तो राहगीरों को घायल भी कर देते हैं।

---

# करमचंद भगत महाविद्यालय बेड़ो में विदाई समारोह का हुआ आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

बेड़ोः- शिक्षा अनमोल धन है। इसके बगैर मानवमात्र का विकास असंभव है। उक्त बातें डॉ विरेन्द्र प्रसाद ने कहीं। वे करमचंद भगत महाविद्यालय बेड़ो के सभागार में शुक्रवार को अपने सम्मान में आयोजित विदाई समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। डॉ प्रसाद आगामी 31अक्टूबर को सेवानिवृत्त होंगे। समारोह में एबीवीपी व अन्य विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। वहीं शिक्षकों ने कहा कि डॉ विरेन्द्र प्रसाद के सेवाकाल में किए गए कार्यों को भूलाया नहीं जा सकता। उन्होंने शिक्षण कार्य में एक शिक्षक के रूप में अपने समर्पण व उत्सर्ग की भावना के साथ काम किया। जो हमेशा एक प्रेरणा का स्त्रोत बना रहेगा। शिक्षकों व विद्यार्थियों ने सेवानिवृत्त होनेवाले शिक्षक डॉ विरेन्द्र प्रसाद को बुके व शॉल पहनाकर सम्मानित किया।



समारोह में पूर्व प्राचार्य डॉ राजेन्द्र तिवारी, पूर्व प्राचार्य डॉ मथुरा राम उस्ताद, प्राचार्य डॉ राजा अजीत कुमार, डॉ देलोमयी हांसदा, डॉ विंध्याचल राम, डॉ अरूण नाथ देवघरिया,प्रो नितेश पासवान आदि ने अपने विचार रखे। समारोह की अध्यक्षता डॉ देलोमयी हांसदा व संचालन शिवानी ने किया।

---

### मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में पेंटिंग प्रतियोगिता संपन्न

# ऋषि वशिष्ठ एवं आर्यावर्त सदन की रंगोली रही सर्वश्रेष्ठ

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शुक्रवार को तरुण भारती एवं कन्या भारती द्वारा दीपावली पूर्व संध्या पर रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई' कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय विद्वत परिषद के सदस्य डॉक्टर कुमुद कुमार और प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने संयुक्त रूप से किया। प्रतियोगिता बालक और बालिका वर्गों में अलग-अलग आयोजित की गई। बालक वर्ग में 20 तथा बालिका वर्ग में 36 की संख्या में प्रतिभागियों ने दीपावली एवं इसकी परंपराओं पर आधारित रंग बिरंगी आकर्षक रंगोली बनाई। माता लक्ष्मी और गणपति के अतिरिक्त भगवान कृष्ण, गोवर्धन पूजा, पर्यावरण प्रदूषण एवं वन्य प्राणी संरक्षण सहित कई विषयों का सजीव चित्रण रंगोली के माध्यम से विद्यार्थियों ने किया। बालक वर्ग में पहला स्थान ऋषि वशिष्ठ सदन से बादल तिर्की एवं सुमित उरांव ने प्राप्त किया। दूसरा स्थान ऋषि जमदग्नि सदन से सतीश टोप्पो एवं रितेश राम ने प्राप्त किया। तृतीय स्थान



आर्यावर्त सदन से सुजल बखला एवं अमित उरांव ने प्राप्त किया। बालिका वर्ग में प्रथम स्थान आर्यावर्त सदन से पूनम कुमारी एवं प्रेरणा तिग्गा ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान भारतवर्ष सदन से सुहानी टोप्पो एवं सुषमा अभिषेक लाकड़ा ने प्राप्त किया जबकि तीसरा स्थान हिमवर्ष सदन से निशा उरांव एवं तनु कुजूर ने प्राप्त किया। अन्य जिन विद्यार्थियों की प्रस्तुतियां सराही गई उनमें आर्यन साहू, राजन साहू, अंकित टोप्पो, आदित्य उरांव, विशाल शेखर, रतीलाल उरांव, सुजीत उरांव, अंकित कुमार, अमित उरांव, भानवी शौर्या, प्रिया कुजूर, वर्षा टोप्पो, अवंतिका पुजारी, पायल वर्मा, पूर्णिमा कुमारी, सोनी उरांव, ईशा कुमारी, रिया कुमारी, तान्या अग्रवाल, बबली कुमारी, सोनी कुमारी, सोनाली मिंज, अनुपा बाड़ा, सोनामुनी उरांव, मधु श्वेता कुजुर, राजंती कुमारी, तनीषा केसरी भी शामिल है। सभी को मुख्य अतिथि और प्राचार्य के द्वारा पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया' इस अवसर पर तरुण भारती एवं कन्या भारती प्रमुख रेणु कुमारी एवं ऋद्धि मिश्रा सहित शिक्षक शिक्षिकाएं व विद्यार्थी उपस्थित थे।

---

### सिमडेगा पुलिस लाइन में मनी स्मृति दिवस, शहीदों को याद किया गया

# समाज में शांति-सौहार्द बनाए रखने के लिए पुलिस के ऊपर सबसे बड़ा दायित्वः एसपी

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** पुलिस स्मृति दिवस के मौके पर सिमडेगा पुलिस लाइन में सिमडेगा एसपी सौरभ कुमार की मौजूदगी में सिमडेगा के शहीद पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान शहीद विद्यापति सिंह शहीद आरक्षी सुनील कुमार साही शहीद आरक्षी तुराम बिरुली के तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धांजलि दी। साथ ही पुलिस लाइन के पुलिस कर्मियों के द्वारा सलामी देकर श्रद्धांजलि विदित हो कि आरक्षी सुनील कुमार शाही वर्ष 2008 में बांसजोर ओपी पर हमला के दौरान माओवादियों से लोहा लेते हुए शहीद हुए थे। वहीं थाना प्रभारी विद्यापति सिंह एवं तुराम बिरुली 8 अप्रैल 2017 को बानो के सिकोरदा में पीएलफआइ उग्रवादी संगठन के साथ हुए



मुठभेड़ में बहादुरी के साथ सामना करते हुए शहीद हुए थे। एसपी सौरभ कुमार ने मौके पर पदाधिकारियों एवं जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस संस्मरण दिवस के मौके पर हम उन शहीद पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों को याद कर रहे हैं, जिन्होंने समाज में शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए उग्रवादियों-अपराधियों से लोहा लेते हुए अपना बलिदान दिया है। आज उनके बलिदान का ही परिणाम है कि सिमडेगा जैसे अशांत जिला में अब करीब शांति स्थापित हो चली है। हमें शेष बचे उग्रवादियों व अपराधियों से जिला को मुक्त बनाकर पूर्ण शांति स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि समाज में शांति-सौहार्द बनाए रखने के लिए पुलिस के ऊपर सबसे बड़ा दायित्व है। इस हम सबों को पूरी निष्ठा के साथ पूरा करना है इस मौके पर शहीद विद्यापति सिंह के परिजन उपस्थित रहे जहां पर एसपी द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया साथ ही हर संभव मदद देने की बात कही।कार्यक्रम के दौरान जिला बल के जवानों ने शस्त्र को झुकाकर अपने शहीद जवानों को सलामी दी मौके पर एसडीपीओ, डीएसपी ,सार्जेंट मेजर सिमडेगा थाना प्रभारी सहित पुलिस बल उपस्थित हुए।

---

# श्रमिकों के हितों का संरक्षण करना पहली प्राथमिकता : सन्नी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** एचईसी के कामगारों के हितों के संरक्षण हेतु सतत संघर्षरत संगठन एचईसी श्रमिक संघ के अध्यक्ष बदल दिए गए हैं। इस संबंध में शुक्रवार को संघ के कार्यकारिणी समिति की बैठक में निर्णय लिया गया। महामंत्री वेद प्रकाश सिंह ने बताया कि पूर्व अध्यक्ष अस्वस्थता के कारण संगठन के लिए समय निकाल पाने में सक्षम नहीं हो पा रहे थे। इसलिए श्रमिक हित में निर्णय लेते हुए नए अध्यक्ष का मनोनयन किया गया है। श्री सिंह ने शुक्रवार को इस संबंध में एक प्रेस बयान जारी करते हुए कहा कि संघ के कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से सन्नी कुमार सिंह को अध्यक्ष पद पर मनोनीत करने का निर्णय लिया गया। पदभार ग्रहण करने के बाद संघ के नवनियुक्त अध्यक्ष सन्नी सिंह ने एचएमबीपी कारखाने में



कामगारों/कर्मचारियों से मुलाकात की। इस दौरान उनकी समस्याओं से भी वे अवगत हुए। श्री सिंह ने कहा कि कामगारों के हितों का संरक्षण उनकी पहली प्राथमिकता है। एचईसी के श्रमिकों की समस्याओं के समाधान हेतु जल्द ही प्रबंधन से भी वार्ता की जाएगी। श्री सिंह के एचईसी श्रमिक संघ के अध्यक्ष पद पर मनोनयन पर संघ के महामंत्री वेद प्रकाश सिंह, कोषाध्यक्ष, कार्यालय प्रभारी सहित अन्य सदस्यों व शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी है।

---

### मिश्रौल पंचायत में हुए घोटाले की सुनवाई टली

**टंडवा (चतरा)।** मिश्रौल पंचायत में बहुचर्चित घोटाले पर शुक्रवार को दायर याचिका की होने वाली सुनवाई टल गई है। ज्ञात हो कि चिंतामन साव बनाम झारखंड सरकार रिट पिटीशन संख्या 452/2022 की सुनवाई उच्च न्यायालय में सूचिबद्ध था, जिसपर लोगों की निगाहें टिकी थी। जानकारी देते हुए अधिवक्ता शेखर प्रसाद ने बताया कि मुख्य न्यायाधीश की अगुवाई में गठित बेंच ने पूर्व में राज्य सरकार से तीन सप्ताह के अंदर ऑडिट रिपोर्ट एवं उपयुक्त से जबाब की मांग की गई थी। जहां निर्धारित समय-सीमा बीत जाने के बावजूद अबतक जबाब उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। वहीं इस मामले में हीं एक सप्ताह पूर्व पंचायती राज पदाधिकारी के नेतृत्व में जिला स्तरीय टीम ने स्थल निरीक्षण किया था, जिसपर याचिकाकर्ता ने असंतोष जाहिर करते हुए आपत्ति जताई थी।

---

### आसन बेड़ा में सैकड़ों जरूरतमंद लोगों को विधायक भूषण बाड़ा ने घर बैठे दिया विभिन्न योजनाओं का लाभ

# योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

नवीन मेल संवाददाता

**पाकरटांड।** विधायक भूषण बाड़ा शुक्रवार को पाकरटांड़ प्रखंड के आसनबेड़ा पंचायत में आपकी योजना आपके सरकार आपकी द्वार कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में पहुंचे विधायक ने कई ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया। विधायक भूषण बाड़ा ने सरकारी योजनाओं का लाभ लेते हुए दर्जनों ग्रामीणों के बीच लाखों रुपए का लोन बांटे। ठंड के मद्देनजर जरूरतमंद ग्रामीणों को कम्बल दिया। मनरेगा योजना के तहत ग्रामीणों के बीच जॉब कार्ड बांटे। इतना ही नहीं विधायक ने सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना सहित अन्य कई योजनाओं का भी लाभ दिया। विधायक भूषण बाड़ा और उनकी धर्मपत्नी सह जिप सदस्य जोसिमा खाखा के कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर गाजे बाजे के साथ उनका भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद विधायक, जिप



सदस्य के अलावे प्रमुख रजत लकड़ा, सीएस डॉ नवल कुमार, एसडीओ महेंद्र कुमार, बीडीओ शक्ति कुंज, सीओ अमित कुमार, थाना प्रभारी ने संयुक्त रुप से दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद विधायक ने शिविर में लगे स्टॉलों का निरीक्षण किया। साथ ही विभिन्न विभाग द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं को सुनते हुए योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का निर्देश दिया। मौके पर पूर्ण हो चुके पीएम आवास के लाभुकों का भी गृह प्रवेश कराया गया। कार्यक्रम को जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने भी सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि विधायक भूषण बाड़ा के कार्यकाल मे सभी समुदाय का तेजी से विकास किया जा रहा है। जिले में आज कई अनगिनत योजनाएं चलाई जा रही है। ग्रामीण जागरूक बने। आगे बढ़ें और सभी योजनाओं का लाभ लें। कार्यक्रम को प्रमुख रजत लकड़ा, सीएस डॉ नवल कुमार, एसडीओ महेंद्र कुमार आदि ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में डॉक्टर पदम प्रकाश साहू, मुखिया, कांग्रेस के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अजित लकड़ा, तरसिला खड़िया,प्रतिमा कुजूर, नीला नाग,ज्योति,भूषण राम,जॉनी, सागर, बन्नू सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

#### ग्रामीणों को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिएः भूषण

विधायक भूषण बाड़ा ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमारी सरकार की यह सोच हमेशा से रही है कि योजनाओं का लाभ सभी जरूरतमंद को मिले। सरकार का मानना है कि किसी कारणवश अगर जरूरतमंद सरकार की योजनाओं तक अपनी पहुंच बनाने में असमर्थ हैं तो क्यों ना सरकार योजनाएं लेकर उनके दरवाजे तक पहुंचे। इस सोच को अमलीजामा पहनाने के लिए इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। जिसके सकारात्मक परिणाम भी आ रहे हैं और ग्रामीणों को उनका हक और अधिकार मिल रहा है।

विधायक ने कहा कि सभी पदाधिकारी और कर्मचारी सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का काम करें। ग्रामीणों को कोई भी परेशानी नहीं होनी चाहिए। जो पदाधिकारी नहीं कर रहे हैं उनके ऊपर शक्त करवाई की जाएगी।

---

# जल जीवन मिशन के तहत एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** जल जीवन मिशन के तहत जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। उपायुक्त सिमडेगा आर. रॉनीटा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। उपायुक्त ने कहा कि वर्ष 2024 तक सभी ग्राम-पंचायतों में नल से जल की सुविधा मुहैया कराई जानी है। निर्धारित लक्ष्य के अनुसार कार्य किया जा रहा है। कार्यषाला के माध्यम से प्रशिक्षण ले रहें, सभी की जिम्मेवारी है कि अच्छे से प्रशिक्षण लें और हर एक व्यक्ति तक जल जीवन मिशन एवं स्वच्छता का मैसेज पहुंचायें। जल जीवन मिशन के तहत सभी ग्रामीण परिवारों को कार्यशील घरेलू नल से जल द्वारा आच्छादित करने हेतु अभियान चलाया जा रहा है। सिमडेगा जिले में वर्तमान में लगभग 41 प्रतिशत घरों को नल से जल द्वारा आच्छादित किया गया है। शेष

> वर्ष 2024 तक सभी ग्राम-पंचायतों में नल से जल की सुविधा मुहैया कराई जानी : डीसी

लक्ष्य की प्राप्ति हेतु जिला स्तर पर पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं जल सहियों के बीच आपसी समन्वय एवं क्षमता वर्धन के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया है। जल जीवन मिशन के अवयवों के साथ हीं साथ ठोस एवं तरल प्रबंधन पर भी कार्यशाला में चर्चा किया गया। मौके पर जिला पंचायती राज पदाधिकारी मो. शहजाद परवेज, कार्यपालक अभियंता पीएचडी अनिल प्रसाद गुप्ता, अधीक्षण अभियंता, जिला समन्वय जल जीवन मिशन राधे रतन, प्रियेस चौबे, यूनिसेफ प्रतिनिधि सहित अन्य मौजूद थे।

## न्यूज गैलरी

### पंचायती राज भाजपा का सह संयोजक बनी जिप सदस्य कुमकुम




**बरकट्ठा।** जिला परिषद सदस्य कुमकुम देवी ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि हरमू मैदान रांची में भाजपा द्वारा झारखंड के वैसे पंचायत प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया जो भाजपा से जुड़े हुए है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में कपिल मोरेश्वर पाटिल केंद्रीय राज्य मंत्री पंचायती राज उपस्थित थे। कहा कि झारखंड के लगभग 51 प्रतिशत पंचायत प्रतिनिधि भाजपा से जुड़े हुए हैं जिन्हें आमंत्रित किया गया था।कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भाजपा द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर पंचायत प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया।वहीं कार्यक्रम के निमित्त बरकट्ठा से जिला परिषद सदस्या कुमकुम देवी को पार्टी ने गर्मजोशी से स्वागत किया। विदित हो कि जिला परिषद सदस्य के चुनाव में कुमकुम लगातार दो बार जीत हासिल की तथा इस बार के चुनाव में रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज की। जब यह बात पार्टी को पता चला तो संबोधित कर रहे वक्ताओं ने जमकर तारीफ की। उन्होंने बताया कि मुझे पंचायती राज भाजपा का सहसंयोजक नियुक्त किया गया है।

### जेएमएम मीडिया प्रभारी को संयुक्त सचिव की मिली जिम्मेवारी



**बरकट्ठा।** जेएमएम मीडिया प्रभारी प्रमोद गुप्ता ग्राम सकरेज को जिला समिति में शामिल किया गया है। इन्हें संयुक्त सचिव पद पर जिम्मेवारी मिली है। प्रखंड झामुमो उपाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता ने कहा केंद्रीय समिति के निर्देश पर हमें संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया है। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि पार्टी ने जो दायित्व दिया है उसे हम पूरी निष्ठा से और संगठन की शुद्धता के साथ करेंगे एवं प्राप्त दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

### चार नवंबर को होगा नये एनसीसी प्रशिक्षणार्थियों का चयन, प्राचार्य ने जारी किया निर्देश



**बरही।** आगामी चार नंवबर को रामनारायण यादव मेमोरियल महाविद्यालय बरही में एनसीसी के सत्र 2022-26 हेतु चयन प्रक्रिया आयोजित किए जाएंगे। प्रेस बयान जारी कर प्राचार्य डॉ बिमल किशोर ने बताया कि यह चयन सिर्फ स्नातक सेमेस्टर वन के विद्यार्थियों के लिए ही होगा। चयन प्रक्रिया सुबह नौ बजे से महाविद्यालय परिसर में प्रारम्भ होगी। जो 45वीं झारखंड बटालियन एनसीसी बारीटांड कोडरमा के पदाधिकारी व कर्मियों के द्वारा लिया जाएगा। इच्छुक विद्यार्थी निर्धारित तिथि को दसवीं व बारहवीं के अंक पत्र, चार रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो, बैंक पासबुक स्नातक सेमेस्टर वन के नामांकन रसीद और आधार कार्ड के साथ चयन प्रक्रिया में भाग ले सकते है।

### 'आपकी योजना-आपकी सरकार- आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत हो रहे कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा, कहा

# सरकार कई योजनाएं कर रही संचालित, लें लाभ

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार दो चरणों पहला 12 से 22 अक्टूबर एवं दूसरा 1 से 14 नवंबर तक चल रहे 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत हो रहे कार्यों कि शुक्रवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा ने जिला समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा की। मौके पर उपायुक्त ने सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत प्रखंड वार शिविरों में प्राप्त हुए आवेदनों एवं अब तक निष्पादित किये गये आवेदनों की समीक्षा की। मौके पर उपायुक्त ने बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों, शिक्षा विभाग के अधिकारियों बीआरपी, सीआरपी आदि को कार्यों को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द जिले के सभी योग्य बच्चियों को योजना से जोड़ने का निर्देश दिया। इसके लिए उपायुक्त ने जिला स्तर पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को प्रखंड विकास पदाधिकारियों, बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं कर्मियों के साथ समन्वय करते हुए जल्द से जल्द लक्ष्य पूरा करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत प्राप्त आवेदनों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिला स्तर से प्रतिनियुक्त वरीय पदाधिकारियों एवं प्रखंड विकास पदाधिकारियों को शिविर के दौरान योजना का व्यापक प्रचार प्रसार कर ज्यादा संख्या में आवेदन प्राप्त करने का निर्देश दिया। इसके लिए उपायुक्त ने जिला स्तर से जिला कल्याण पदाधिकारी को नियमित रूप से कार्यों की समीक्षा करने का निर्देश दिया। सर्वजन पेंशन योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, एचआईवी से पीड़ित लोगों के लिए पेंशन योजना के तहत शिविर के दौरान प्राप्त आवेदनों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने लोगों को योजनाओं के प्रति जागरूक करने एवं योजनाबद्ध तरीके से लाभुकों को पेंशन का लाभ देने के संबंध में कार्य करने हेतु महत्वपूर्ण निर्देश दिए। वहीं, उपायुक्त ने प्रखंडों में आयोजित हो रहे शिविरों के दौरान मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत शिविर में आने वाले लोगों की जांच करने एवं उन्हें लाभान्वित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत राज्य सरकार द्वारा जिन मुख्य योजनाओं को चिन्हित किया गया है उनमे सभी अधिकारियों का यह दायित्व है कि उन सभी योजनाओं में शतप्रतिशत योग्य लाभुक योजना का लाभ लें। इसके लिए अधिकारियों को गंभीरता पूर्वक कार्य करने की आवश्यकता है एवं वरीय पदाधिकारियों को कार्यों की नियमित समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई करने की जरूरत है। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा की सरकार द्वारा ऐसी कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। जिनमें अगर किसी एक लाभुक को एक योजना का लाभ मिल रहा है तो उसे अन्य योजनाओं से भी जोड़ा जा सकता है। सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि ऐसी योजनाओं के लाभुकों को अन्य योजनाओं से भी जोड़ते हुए उन्हें लाभान्वित किया जाए। उदाहरण के रूप में उपायुक्त ने मनरेगा जॉब कार्ड प्राप्त करने वाले लाभुकों का ई श्रम पोर्टल पर निबंधन कराने, राशन कार्ड प्राप्त करने वाले लाभुकों का आयुष्मान कार्ड व आभा आईडी बनाने तथा राशन कार्ड को आधार कार्ड से लिंक करने हेतु कार्य करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारियों, अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।



### सदर अस्पताल गेट के सामने से नवजात बच्ची बरामद

**कोडरमा।** कोडरमा थाना अंतर्गत कोडरमा सदर अस्पताल गेट के समीप शुक्रवार की सुबह करीब 5 बजे एक नवजात बच्ची को बरामद किया गया। मिली जानकारी के अनुसार पीसीआर वैन कोडरमा थाना की ओर लौट रही थी, देखा कि अस्पताल गेट के समीप एक नवजात शिशु को देखने के लिये भीड़ लगी है। इसकी सूचना कोडरमा थाना को दिया गया। ततपश्चात मौके पर पुलिस पहुंचकर बच्ची को बरामद करके चाइल्ड लाइन की मदद से नवजात को कोडरमा सदर अस्पताल स्थित एसएनसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। संभावना जताई जा रही है कि अविवाहिता युवती के द्वारा बच्चे को जन्म दिया गया और अस्पताल गेट के बाहर स्थित होटल के समीप रख दिया गया। इस संबंध में सदर अस्पताल की चिकित्सक भारती सिंहा से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि बच्ची बिल्कुल स्वस्थ्य है, सुस्त रहने के कारण बच्ची को दूध पिला कर एसएनसीयू वार्ड में भर्ती किया गया है। बच्ची 12 से 14 घंटे की बतायी जा रही है। पुलिस बच्चे की माता या परिजनों की खोजबीन में लगी है।

### छठ घाट की समस्या सुलझाने पहुंचे विधायक व बीडीओ, निदेशक से की बात

## छठ के पूर्व पुराने स्थल पर ही छठ घाट निर्माण करने का मिला आश्वासन



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** आस्था का महापर्व छठ जैसे-जैसे नजदीक आता जा रहा है गौरियाकरमा के लोगों के बीच छठ घाट की समस्या को लेकर चिंता बढ़ती जा रही है। विदित हो कि भारतीय कृषि अनुसंधान केंद्र के द्वारा पौराणिक छठ घाट को तोड़कर गहरा गड्ढा बना दिया गया है। जिसका स्थानीय लोगो के द्वारा विरोध किया जा रहा है। इसे लेकर सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन कर अनुसंधान केंद्र के निदेशक को पुनः महापर्व के पहले की तरह छठ घाट बनाने की मांग की है। जबकि निदेशक विशाल नाथ पांडेय के द्वारा उक्त स्थल पर निर्माण का हो जाने के कारण घाट बनाने में असमर्थता जताई जा रही है। छठ घाट निर्माण को लेकर शुक्रवार को एक बार फिर सैकड़ों की संख्या पहुंची महिलाओं ने अनुसंधान केंद्र के द्वारा किए गए घेराबंदी को तोड़ दिया गया एवं अति शीघ्र छठ घाट का शुद्धिकरण करने की मांग किया जाने लगा। सूचना मिलते ही विधायक उमाशंकर अकेला, प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, जिप सदस्या मंजू देवी, बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदीवर घटनास्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों से बात किया। लोगों से मिली जानकारी के अनुसार विधायक ने ग्रामीणों की समस्या के बारे में निदेशक से बात की और अति शीघ्र छठ घाट निर्माण करने का आदेश दिया। निदेशक ने भी दो दिनों के अंदर पुराने स्थल पर ही छठ घाट निर्माण करने की बात कही। संबंधित मामले को लेकर बीडीओ ने निदेशक को अपने कार्यालय में तलब किया है। मौके पर महेश यादव, अर्जुन यादव, विकास यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

### शहीद संस्मरण दिवस पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**कोडरमा।** शुक्रवार को को शहीद संस्मरण दिवस के अवसर पर चंदवारा स्थित कोडरमा पुलिस केंद्र में परेड कर व शहीद स्मारक में पुष्प अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही एनसीसी के कैडेट जिन्होंने दुर्गा पूजा ड्यूटी में पुलिस का सहयोग किया, उन्हें कोडरमा एसपी कुमार गौरव ने पुरस्कृत भी किया। एसपी कुमार गौरव ने कहा कि आज उन शहीदों और बलिदानियों को याद करने का दिन है जिन्होंने अपनी सेवा देते हुए बलिदान दिया। मौके पर झारखंड के बलिदानी आरक्षी ठाकुर हेम्ब्रम एवं आरक्षी शंकर नायक को भी याद किया गया। एसपी के अलावा अन्य पुलिस अधिकारियों ने भी शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

## नमामि गंगे योजना के तहत रजरप्पा मंदिर परिसर में जिलास्तरीय कार्यक्रम आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** नमामि गंगे योजना के तहत शुक्रवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में मां छिन्नमस्तिका सिद्धपीठ रजरप्पा मंदिर परिसर में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त माधवी मिश्रा ने कहा कि नमामि गंगे योजना का उद्देश्य लोगों को नदियों तथा अन्य जल स्त्रोतों को साफ रखने एवं जल स्त्रोतों को साफ रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के प्रति जागरूक करना है। जब तक हम सभी मिलकर प्रयास नहीं करेंगे तब तक हम हमारे जल स्त्रोतों को स्वच्छ नहीं कर सकते हैं। नमामि गंगे योजना के तहत झारखंड में जिन 4 जिलों को चुना गया है उनमें रामगढ़ भी शामिल है। इसलिए नियमित रूप से जिला प्रशासन, रामगढ़ द्वारा नमामि गंगे योजना के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा बनाई गई रंगोलियों का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त ने कार्यों की सराहना करते हुए सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं को शुभकामनाएं दी। मौके पर उपायुक्त ने उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मियों एवं अन्य लोगों को अपने क्षेत्र के नदियों तथा अन्य जल स्त्रोतों को साफ सुथरा रखने व अन्य लोगों को जल स्त्रोतों को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित करने, नदियों तथा जल स्त्रोतों में कूड़ा कचरा व पॉलिथीन नहीं डालने, पर्यावरण संरक्षण के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करने, कपड़े के थैले का प्रयोग करने, घर के गंदे पानी के निपटान के लिए सोख्ता गड्ढा बनवाने, जल स्त्रोतों में बची हुई पूजा सामग्री व केमिकल से बनी हुई मूर्तियां विसर्जित नहीं करने, बची हुई पूजा सामग्री को पौधों के लिए खाद के रूप में प्रयोग करने एवं खुले में शौच के स्थान पर शौचालय का प्रयोग करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान मंच का संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी चितरपुर उदय कुमार ने किया। मौके पर उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा, जिला स्तरीय पदाधिकारियों, अधिकारियों, प्रखंड स्तरीय अधिकारियों, कर्मियों, मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।



### रामगढ़ से 10 डाक सहायक कर्मचारियों ने प्राप्त की सफलता

## ईमानदारी के साथ मेहनत से मिलती है सफलता : रविशंकर



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** डाक विभाग के विभागीय परीक्षा में डाक सहायक के पद पर झारखंड के रामगढ़ जिला के 10 डाक कर्मचारियों ने सफलता प्राप्त की है। सफलता प्राप्त करने वालों में सबसे अधिक चितरपुर डाकघर अधीनस्थ कर्मचारी पास हुए हैं। 21 अक्टूबर को चितरपुर डाकघर में डाक विभाग परिवार द्वारा कार्यक्रम का आयोजन कर सभी को सम्मानित करते हुए बधाई दी गई। कार्यक्रम में चितरपुर डाकघर अधीनस्थ बरकीपोना के शाखा डाकपाल प्रवीण कुमार नायक, कुन्दरुकला के शाखा डाकपाल अमरदीप कुमार,जमीरा के शाखा डाकपाल देवेन्द्र कुमार रवि को सम्मानित किया गया। सम्मानित करते हुए पोस्टमास्टर राम खेलावन चौधरी और डाक सहायक रविशंकर राय ने कहा कि हम आज गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं कि विभागीय परीक्षा में सबसे अधिक चितरपुर डाकघर अधीनस्थ कर्मचारी पास हुए हैं। डाक सहायक रविशंकर राय ने बधाई देते हुए कहा कि सही दिशा में मेहनत और लगन के साथ कर्म से ही हम सफलता प्राप्त कर सकते हैं। हम सभी को विभाग के प्रति समर्पित होकर डाक विभाग की सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने में सहायक होना चाहिए। कहा कि रामगढ़ जिले में पास सभी सहयोगी कर्मचारियों को प्रोन्नति के लिए बहुत बहुत बधाई और शुभकामनाएं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विरेन्द्र कुमार, अभयराज सिंह, विशेश्वर पासवान, सुनील कुमार, संजू कुमारी, रवि कुमार, चिन्ता देवी,शशि कुमार, नरेंद्र कुमार नायक सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

### विहिप व बजरंग दल ने दीपावली को लेकर चलाया साफ-सफाई अभियान

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के शिलाडीह में दीपावली पूजा को लेकर मध्य विद्यालय शिलाडीह के समीप स्थित काली मंडा में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के सहयोग से विशेष सफाई अभियान कार्यक्रम चलाया गया। वहीं पूजा के सफल आयोजन के लिए कमेटी का निर्माण किया गया जिसमें अध्यक्ष सूरज सिंह, सचिव संजय लामा, उप सचिव विकास रवानी, कोषा अध्यक्ष सूरज देव प्रजापति के अलावे 10 कार्यकारिणी समिति का गठन किया। अध्यक्ष सूरज सिंह ने कहा कि इस वर्ष काली पूजा के पावन अवसर पर सोमवार रात्रि में भक्ति जागरण कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक कलाकार आयेंगे तथा भक्ति जागरण करेंगे। मौके पर पंसस प्रतिनिधि राजकुमार गिरी, विश्व हिंदू परिषद शिलाडीह के अध्यक्ष मुकेश पांडेय, रामतीर्थ पांडेय, प्रदीप पांडेय, श्याम किशोर पांडेय, सूरज सिंह, बाबूलाल पांडेय, संजय लामा, दीपक पांडेय, केशव लाल पंडित, चंदन सिंह, बिंदेश्वर मंडल, संतोष मंडल, सूरज देव प्रजापति, कुलदीप स्वर्णकार, राजन चौधरी के समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### दो अभियुक्तों को भेजा गया जेल, चोरी का सामान बरामद

## घरों की कुंडी व ताला का मजबूती से करें प्रयोग, सतर्क रहें सजग रहें : इंस्पेक्टर

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** विगत दिनों बरही व खोड़ाहर में हुए चोरी कांड में संलिप्त दो चोरो पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रेस वार्ता में इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी ललित कुमार ने बताया कि गुरुवार को करसो के बेलाटांड़ निवासी सुनीता रविदास पति राजू रविदास के घर पर चोरी करने के क्रम में ग्रामीणों के सहयोग से 19 वर्षीय चोर मो समीर उर्फ वारिस पिता मो छोटू उर्फ तबारक मियाँ को गिरफ्तार किया गया, जबकि दूसरा फरार हो गया। पकड़े गए अभियुक्त के बयान पर पुलिस के द्वारा दूसरे चोर मो असफाक खान उर्फ मंजर (24 वर्ष) पिता मो आबिद खान को गिरफ्तार किया गया। सभी अभियुक्त कोनरा पंचायत भवन के सामने हुसैन नगर के रहने वाले हैं। पूछताछ के क्रम में दोनो ने बीते दिन हजारीबाग रोड युवराज होटल के पास रहने वाले गणेश केसरी एवं खोड़ाहर के दो घरों में भी चोरी करने की बात भी स्वीकार किया। साथ ही चोरी किए गए चांदी के तीन जोड़ी पायल, 3 जोड़ी चांदी का बिछिया, 3 कीपैड मोबाइल, एक कांसा का पाईला, एक पूजादानी, 2 पीतल के दिया, एक सोने का बेसर, एक हनुमानजी का सोने का लॉकेट सहित दोनो के पास से दो अलग अलग स्मार्टफोन बरामद किए गए। गिरफ्तार किए गए चोरो के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए जेल भेज दिया गया। प्रेस वार्ता के दौरान सब इंस्पेक्टर विकास कुमार, सरस्वती प्रसाद आदि भी मौजूद थे।



**इंस्पेक्टर की अपील :** पुलिस निरीक्षक ने लोगो से अपील करते हुए बताया कि निःसंदेह पुलिस आप सबो के रक्षार्थ है। जो सदैव आपकी सुरक्षा के लिए तत्पर है। परन्तु खुद सजग रहना लोगो की पहली जिम्मेवारी है। जब भी बाहर जाए घरों में मजबूत ताला लगाए। दरवाजे की कुंडी मजबूत हो इस बात का पूरा ध्यान रखे। विश्वसनीय सूत्र को खबर करके जाए। ज्यादा दिन तक घरों को सुनसान नही छोड़े।

### पांच माईल में 2,26, 500 रुपये की लागत से बनेगा पोटो हो खेल मैदान



**बरही।** खोड़ाहर पंचायत में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के मुख्यातिथि विधायक उमाशंकर यादव अकेला ने द् पांच माईल में पोटो हो खेल मैदान के निर्माण हेतु स्वीकृत पत्र का वितरण किया। जिसकी प्राक्कलित राशि 2,26,500 रुपये हैं। साथ ही दो मजदूरों को जॉब कार्ड एवं 108 लाभुकों के बीच कंबल भी वितरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अनुमंडलाधिकारी पूनम कुजूर ने विभिन्न स्टॉल का निरीक्षण कर जानकारियां ली गई। साथ ही उपास्थित पदाधिकारीयों को कई आवश्यक निर्देश भी दिया गया। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, जिप सदस्या मंजू देवी, मुखिया अनिता देवी, वार्ड सदस्य, प्रखंड विकास पदाधिकारी क्रिस्टीना रिचा इंदवार, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम समन्वयक एवम अन्य कर्मी सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक, एसडीओ एवं उपस्थित लोगों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

### मरकच्चो पुलिस ने नौ लोगों को जुआ खेलते किया गिरफ्तार

**मरकच्चो।** गुप्त सूचना के आधार पर दरदाही स्थित पप्पु होटल से गुरुवार की रात्रि मरकच्चो थाना पुलिस ने 9 जुआरियों को जुआ खेलते गिरफ्तार किया है। मामले को लेकर पप्पु यादव (35 वर्ष), सरफराज अली (22 वर्ष), सन्तोष मोदी उम्र (43 वर्ष), महाबीर साव (49वर्ष), मोहन कुमार यादव (24 वर्ष), रामचन्द्र साव (26 वर्ष), महेंद्र मोदी (55 वर्ष), पवन ठाकुर (28 वर्ष), पवन कुमार यादव (25 वर्ष) को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। इस बाबत मरकच्चो थाना में जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया और उपाध्यक्ष मनोज महतो ने पैंकी में किया पुल का शिलान्यास



**रामगढ़।** पथ निर्माण विभाग पथ प्रमंडल रामगढ़ द्वारा नगर परिषद क्षेत्र के पैंकी में पैंकी नाला में बनने वाले पुल का शिलान्यास शुक्रवार को संयुक्त रूप से नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया, उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो द्वारा नारियल फोड़ कर किया गया। 6 करोड़ 57 लाख की प्राक्कलित राशि से पैंकी नाला, सांडी नाला, मरमगढ़वा, छत्तर नाला में पुलिया निर्माण किया जाएगा। मौके पर उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो ने बताया कि यह मार्ग पैंकी का मुख्य मार्ग है पुल छोटा होने के वजह से बरसात के दिनों में नाला का पानी पुल से ऊपर आ जाता था। जिससे लोगों को आवागमन में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता था। पूल बन जाने से अब किसी तरह की दिक्कत परेशानी नही होगा। बताया कि जर्जर पुल पर कभी हादसा न हो इस उद्देश्य से नया पुल का निर्माण कराया जा रहा ह। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वार्ड पार्षद चितु महतो, जिला उपाध्यक्ष भुनेश्वर महतो, आजसू नगर परिषद सचिव राजेन्द्र महतो, विनोद करमाली, प्रवक्ता कैलाश महतो, तुलसी महतो, कैलाश महतो, विनोद महतो, पुरुषोत्तम कुमार, जानकी यादव, झमन महतो,रोहित कुमार,खिरोधर महतो आदि उपस्थित थे।

### केंद्रीय संचार ब्यूरो ने आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का दूसरा दिन

## स्कूली बच्चे प्रदर्शनी व संबंधित कार्यक्रमों से लगातार हो रहे हैं लाभान्वित : विजय सिंह

- केंद्रीय संचार ब्यूरो एवं नेहरू युवा केंद्र के सहयोग से भाषण पेंटिंग और क्विज प्रतियोगिता
- जिला स्कूल, हजारीबाग, हिंदू प्लस टू हाई स्कूल, हजारीबाग, इंदिरा गांधी गर्ल्स हाई स्कूल, हजारीबाग, संत जेवियर हजारीबाग, होली क्रॉस स्कूल, हजारीबाग के बच्चों ने प्रदर्शनी/प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर भाग लिया




**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर अक्टूबर मास में महात्मा गांधी और सरदार पटेल के जन्मदिन का संस्मरण करते हुए स्वच्छता, राष्ट्रीय एकता, एक भारत श्रेष्ठ भारत, केंद्र सरकार के सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण को समर्पित शासन के 8 वर्ष आदि पर केंद्रीय संचार ब्यूरो के प्रादेशिक इकाई रांची द्वारा 20 अक्टूबर 2022 से हजारीबाग के जिला स्कूल ग्राउंड में 03 दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। प्रदर्शनी के दूसरे दिन नेहरू युवा केंद्र, हजारीबाग के सक्रिय सहयोग से भाषण प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित किया गया जिसमें जिला प्लस टू हाई स्कूल, हजारीबाग हिंदू प्लस टू हाई स्कूल, हजारीबाग, इंदिरा गांधी गर्ल्स हाई स्कूल हजारीबाग, संत जेवियर हजारीबाग एवं होलीक्रॉस स्कूल हजारीबाग सैकड़ों विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में जिला प्लस टू हाई स्कूल के प्राचार्य डॉ विजय कुमार सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के कार्यक्रम समन्वयक डॉक्ट जॉनी रूफीना तिर्की एवं प्रेस क्लब ऑफ हजारीबाग के अध्यक्ष मुरारी सिंह ने योगदान देकर सभी प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन किया। नाट्य मंडली हो इंटरटेनमेंट बाद में एकता विषय पर लघु नाटक प्रस्तुत कर सभी को गुदगुदाया। कार्यक्रम का संचालन अमन हेंब्रम एवं नुपुर माला ने संयुक्त रूप से किया। प्रदर्शनी मेले को सफल बनाने केंद्रीय संचार ब्यूरो के अधिकारी सब्बीर रहमान, मोहम्मद खुर्शीद, देव नारायण मुंडा, स्वेता कुमारी, सपना कुमारी, कामेश्वर कुमार, आकाश कुमार, चन्दन कुमार, प्रतिक भरद्वाज, रविकांत रवि, सुधीर कुमार रजक, कार्तिक कुमार, गौतम कुमार, सुनैना कुमारी, महेश कुमार महतो अपना सहयोग स दे रहे हैं। शुक्रवार को विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन के अवसर पर बोलते हुए अध्यक्ष प्रेस क्लब आफ इंडिया, हजारीबाग, मुरारी सिंह ने कहा कि चित्र प्रदर्शनी का आयोजन अपने इतिहास, स्वच्छता और युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक है। एनएसएस हजारीबाग राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग की कार्यक्रम समन्वयक डॉ. जॉनी रूफीना तिर्की ने भी चित्र प्रदर्शनी और इसके तहत आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों/प्रतियोगिताओं की भूरी भूरी प्रशंसा की। डॉक्ट जॉनी रूफीना तिर्की ने कहा कि यह बहुत उम्दा प्रयास है और इससे हजारीबाग के युवाओं में एक नई जागृति संचारित हुई है। जिला स्कूल हजारीबाग के प्रिंसिपल श्री विजय कुमार सिंह ने कहा कि प्रदर्शनी का आयोजन स्कूली बच्चों के लिए बहुत ही ज्ञानवर्धक और लाभदायक है। प्रदर्शनी के साथ-साथ खेलकूद और विभिन्न प्रतियोगिताओं ने इस पूरे आयोजन को बहुत ही सार्थक और समावेशी बना दिया है।

## न्यूज गैलरी

### खाद्य सुरक्षा पदाधिकारियों ने पान मसाला तंबाकू को लेकर चलाया छापेमारी, वसूला जुर्माना



**सिमडेगा।** अनुमंडल पदाधिकारी, सिमडेगा महेन्द्र कुमार के आदेशानुसार सिमडेगा मुख्यालय में शुक्रवार को दिपावली एवं छठ पर्वो के मदेनजर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, सिमडेगा के नेतृत्व में सिमडेगा जिला के खाद्य दुकानों में प्रतिबंधित पान मसाला, तम्बाकु उत्पाद के निमित छापामारी अभियान चलाते हुए विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों से नमूना संग्रह करते हुए जांच के लिए खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया। छापेमारी के क्रम में खाद्य कारोबारी के दुकान से 5 दुकानों में तम्बाकू उत्पाद बरामद हुआ जिसे कोटपा एक्ट के तहत प्रत्येक उल्लंघनकर्त्ता के उपर 200 जिसमे कुल 1000 जुमार्ना वसूला गया। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा आगामी त्योहारो के मदेनजर छापामारी अभियान निरंतर जारी रहेगा। खाद्य कारोबारियों के द्वारा खाद्य सामग्रीयों के मात्रा को बढ़ाने के लिए पुरानी सामग्रीयों में इसकी मिलावट की जाती है, इस पर अंकुश लगाने हेतु जिला प्रशासन लगातार अभियान चलेगी। साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी, सिमडेगा के द्वारा बताया गया कि प्रतिबंधित पान मसाला किसी खाद्य कारोबारी के द्वारा भंडार बिक्री करते पाया गया तो उक्त के विरूध विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी। छापेमारी टीम में सुश्री अपूर्वा मिंज, खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, सिमडेगा। राहुल कुमार एफएलसी, एनसीडी एवं खाद्य सुरक्षा की टीम उपस्थित थे।

### सड़क हादसे में घायल शिक्षिका की इलाज के दौरान मौत, शिक्षकों में शोक



**बानो।** प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय हुरपी की प्रधानाध्यापिका ग्लोरिया लुगुन की गुरुवार रात्रि रांची के मेडिका अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई। मालूम हो कि ग्लोरिया लुगुन का पिछले दिनों 13 अक्टूबर को बानो प्रखंड मुख्यालय से दो किलोमीटर दूर बेलकरघा के पास सड़क दुर्घटना में घायल हो गई थी। जिसका तुरन्त इलाल के लिये सीएचसी बानो लाया गया था।वहां से डॉक्टरो ने स्थिति की गम्भीरता को देखते हुए रेफर कर दिया गया। शांत स्वभाव के गोलोरिया लुगुन के निधन से प्रखंड के शिक्षा विभाग व बानो में शोक की लहर दौड़ गई उनका निधन गुरुवार रात्रि लगभग 11 बजे हुई। प्रखंड सभी स्कूलों में एक मिनट का मौन रख कर आत्मा की शांति प्रार्थना किया गया। झारखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रखड अध्यक्ष मनोज भगत ने शोक प्रगट करते हुए कहा ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे। उनके परिजन को इस दुख की घड़ी में सहन शक्ति प्रदान करे।

### ईदगाह मोहल्ला निवासी 19 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**सिमडेगा।** शहर के ईदगाह मुहल्ला निवासी मो .नौशाद का 19 वर्षीय पुत्र मो अल्ताफ ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया गया कि वी अपने कमरे मे खाना खोकर सो रहा था। इसी क्रम में रात में ही अपने कमरे के पंखे मे फांसी के फंदे में झूल कर अपनी इहलिला समाप्त कर ली। परिजनों को घटना की जानकारी शुक्रवार को सुबह मिली। घटना की जानकारी मिलने के बाद क्षेत्र के वार्ड पार्षद अजिमुल्लाह अंसारी, झामुमो नेता सफीक खान, शौकत अली अंसारी आदि मौके पर पहुंचे। घटना की जानकारी सदर पुलिस को दी गई। सदर थाने में सबइंस्पेक्टर सुधीर बाड़ा,ललिता सोरेन सदल बल मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इस संदर्भ में पुलिस अस्वाभाविक मौत का मामला दर्ज कर घटना के कारणों का पता लगा रही है। सबइंस्पेक्टर सुधीर बाड़ा ने कहा कि प्रथम दृष्टया प्रेम प्रसंग के कारण युवक ने आत्महत्या की होगी। हालांकि पुलिस मामले की अनुसंधान कर रही है। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद काफी संख्या में लोग घटनास्थल पहुंचे। इधर पुलिस ने इस मामले में यूडी केस दर्ज करते हुए पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

### बोलबा के नरपति उच्च विद्यालय समसेरा में शहीद प्रभुदान टोप्पो का मनाया बलिदान दिवस



**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के नरपति उच्च विद्यालय समसेरा प्रांगण में शुक्रवार को वीर शाहिद प्रभुदान टोप्पो का बलिदान दिवस मनाया गया इस मौके पर शहीद के तस्वीर पर पुष्पांजलि समर्पित किया गया। इस मौके पर बताया गया कि 12 जून 2009 को बोरमो थाना अन्तर्गत माइंस स्थित भारतीय स्टेट बैंक का पैसा फुसरो स्थित स्टेट बैंक में जमा कराकर वापस लौटने के क्रम में पुलिसकर्मी बैंक के पास खड़े थे कि अचानक 5-6 की संख्या में भाकपा माओवादी का उग्रवादियों ने चाकू एवं छुरे से हमला कर दिया। इस घटना में झारखंड पुलिस के हवलदार प्रभुदान टोप्पो अपने प्राणों की आहुति देकर वीरगति को प्राप्त हो गए। वीर शाहिद के बलिदान दिवस के मौके पर थाना प्रभारी मनीष कुमार पाण्डे ने प्रभुदान टोप्पो के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित किया। इसके साथ शहीद के परिजनों को सील ओढ़ाकर समानित किया गया। इस मौके पर फादर अगुस्टिन डुंग डुंग, पुष्प तिर्की, जागेश्वर मांझी, विकास सिंह के अलावे अन्य लोग मौजूद थे।

## सदर प्रखंड के जोरी पंचायत में आयोजित हुआ 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम

# आप अपना आवेदन इस कैंप में दें, सरकार आपको योजना का लाभ देगी : विप्रा भाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** सदर प्रखंड के जोरी पंचायत में शुक्रवार आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विप्रा भाल, सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई गवर्नेन्स विभाग, झारखण्ड सरकार बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं। कार्यक्रम का शुभारंभ सचिव महोदया, उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण एवं अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर की गई। कार्यक्रम में सचिव ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पंचायतों में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। सरकार की यह अत्यंत महत्वकांक्षी कार्यक्रम है जिसमें सरकार प्रत्यक्ष रूप से लोगों से जुड़ रही है। आप सभी अपने पंचायतों में लगनेवाले शिविर में



अधिक से अधिक संख्या में पहुंचें और योजनाओं का लाभ उठाएं। अपना पंजीयन शिविर में लगे स्टॉल में करायें। आपके आवेदन की मॉनिरिंग सीधे राज्य सरकार द्वारा की जा रही है। आपका आवेदन बिल्कुल सुरक्षित रहेगा और निष्पादित किया जायेगा। सचिव ने कहा कि कार्यक्रम में राज्य सरकार की सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं के स्टॉल लगे हैं। इन स्टॉलों में दिये गये आवेदन की मॉनिटरिंग आप स्वंय कर सकते हैं। सभी प्राप्त आवेदनों की ऑनलाईन इंट्री की जा रही है। जिन आवेदनों पर त्वरित निर्णय लिया जा सकता है उनका त्वरित निष्पादन होगा। अगले माह दिनांक 1-14 नवंबर तक आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का द्वितीय चरण प्रारंभ हो रहा है। इस दौरान जिन पंचायतों में शिविर आयोजित होंगे, वहां आप अवश्य पहुंचें। इन कार्यक्रम में योजनाओं की जानकारी भी दी जा रही है जो काफी महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि हर उम्र के व्यक्ति के लिए कल्याणकारी योजनाएं हैं, जिसका लाभ लेने के लिए आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम पंचायत में लग रहे है ताकि आपको कार्यालय न जाना पड़े। बच्चों के लिए जाति प्रमाण पत्र,किशोरियों के लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, स्वरोजगार हेतु मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना,जे एस एल पी एस के माध्यम फूलो झानो आशीर्वाद योजना, किसानों के लिए केसीसी, बुजुर्गों, दिव्यांगों, विधवाओं, निराश्रितों के लिए पेन्सन आदि योजनाओ का लाभ ज्यादा से ज्यादा कैम्प में आवेदन देकर प्राप्त करें।

### 20 योजनाओं का शुभारंभ

**सचिव** महोदया द्वारा कार्यक्रम में जोरी पंचायत में कुल 20 योजनाओं का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में सचिव महोदया एवं अन्य अतिथियों द्वारा सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के 21 लाभुकों को स्वीकृति पत्र, मनरेगा के 20 योजनाओं के लाभुकों को स्वीकृति पत्र, फुलो झानो आशीर्वाद अभियान के 09 लाभुकों के बीच 10-10 हजार रुपए की राशि, 25 किसानों के बीच के 75-75 हजार रुपये का केसीसी ऋण, 12 लाभुकों के बीच हरा राशन कार्ड, 160 लाभुकों के बीच चना बीज, 30 जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। सचिव महोदया और उपायुक्त, लोहरदगा द्वारा कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लगाये गये स्टॉलों का भ्रमण किया गया।

### नुक्कड़-नाटक दल ने किया जागरूकता कार्यक्रम

**कार्यक्रम** में सांस्कृतिक कला मंच, नारी नवाडीह, किस्को के कलाकारों ने घनश्याम महतो के नेतृत्व में जनजागरूकता कार्यक्रम नुक्कड़-नाटक के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में कार्यपालक दण्डाधिकारी नारायण राम, प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिभा कुजुर, प्रखंड प्रमुख परमुनी उरांव, मुखिया राजू उरांव, उप मुखिया रुकैया खातून, समेत अन्य उपस्थित थे।

## बोलबा सुदूरवर्ती क्षेत्र पीड़ियापोछ गांव में आयोजित 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' में पहुंची उपायुक्त

# ग्रामीणों से किया सीधा संवाद, लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता से किया दूर

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा आर. रॉनीटा सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र बोलबा प्रखंड के पीड़ियापोछ पंचायत में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में पहुंची, जहां उन्होने ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित कर ग्रामीणों की समस्याओं के बारे में जाना साथ हीं समस्या निराकरण की दिशा में प्रखंड पदाधिकारी, कर्मियों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिएं। उपायुक्त ने कोर्नेलिया तिर्की के रूके हुए विधवा पेंशन को पंचायत सचिव को चालु कराने का निर्देश दिया। वहीं रंगोनी देवी को विधवा पेंशन नहीं मिल रहा था, जिसका आवेदन प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौंपा और विधवा पेंशन देने हेतु त्वरित कार्यवाही करने का



निर्देश दिया। अवगा बुढ़ा पहार की क्रिस्टीना टेटे का प्रधानमंत्री आवास पूर्ण नहीं हुआ था, जिसका आवेदन मिला। उपायुक्त ने स्वंय सेवक को आवास निर्माण के अपूर्ण कार्य को एक सप्ताह में पूर्ण कराने का निर्देश दिया। वृद्धा पेंशन का लाभ लेने हेतु मनचेतन नायक उपायुक्त के पास पहुंचे। उपायुक्त ने कागजातों की जांच की और प्रखंड विकास पदाधिकारी को वृद्धा पेंशन से संबंधित कागजी प्रक्रिया का निराकरण कर पेंशन का लाभ दिलाने का निर्देश दिया। ऐठु लोहरा ने वृद्धा पेंशन हेतु आवेदन दिया। उपायुक्त ने ग्रामीणों को आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के उद्देश्य एवं योजनाओं के प्रति जागरूक किया। उन्होने कहा कि पिड़ियापोछ पंचायत जिला मुख्यालय से काफी दूर है। ऐसे में आप सभी को प्रखंड व जिला आने-जाने में काफी पेरशानी होती होगी। आज आपकी समस्याओं का निराकरण करने हेतु सभी विभाग के स्टॉल आपके पंचायत में लगाए गए है, यहां प्रशासनिक महाकमा उपस्थित है। आवेदन देकर अपने समस्याओं का निराकरण कराएं एवं सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक होकर लाभ लें। कार्यक्रम में वरीय पदाधिकारी-सह-जिला नजारत उप समाहर्ता राजेन्द्र प्रसाद सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी बोलबा उषा मिंज, अंचलाधिकारी बोलबा, पूर्व विधायक बंसत लोंगा, मुखिया, प्रमुख, वार्ड सदस्य व अन्य उपस्थित थें।

## छठे पुनरीक्षित वेतन में फिटमेंट कमिटी की अनुमान्यता पर करेंगे विचार : रामेश्वर उरांव

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** छठे पुनरीक्षित वेतन में फिटमेंट कमिटी की सिफारिश को लागू करने में हुई अनियमितता को लेकर शुक्रवार को झारखंड प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल राज्य के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव से मिलकर वेतन निर्धारण में हुई विसंगतियों को लेकर मिला। प्रतिनिधिमंडल ने वित्त मंत्री को बताया कि छठे वेतन पुनरीक्षण में 01.01.2006 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों का वेतन 16290 पर निर्धारित किया जाना चाहिए था किन्तु इसमें विसंगति करते हुए 13500 पर निर्धारित कर दिया गया। वेतन निर्धारण को लेकर आपत्ति किए जाने के बाद इसमें सुधार के लिए वित्त पूर्ववर्ती सरकार द्वारा सहमति थी। किंतु तत्तकालीन वित्त सचिव द्वारा आपत्ति जताते हुए रोक लगा दी गयी। वहीं समान प्रकिया के तहत सचिवालय कर्मियों को इसका लाभ दे दिया गया। प्राथमिक शिक्षक इसे अपने साथ



वेतन निर्धारण में भेदभाव मानते हैं और लगातार इस विसंगति को दूर करने की मांग कर रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को झापसा का एक शिष्टमंडल माननीय वित्त मंत्री से मिलकर छठे वेतन वेतन निर्धारण पर लगाई गई रोक को हटाने की मांग की। मंत्री ने सकारात्मक रूख अपनाते हुए जल्द ही नियमसंगत समाधान निकालने का आश्वासन दिया। मामलों को लेकर छठ पूजा के बाद मिलकर वार्ता का भरोसा दिलाया। प्रतिनिधिमंडल में संघ के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र सुमन, महासचिव प्रेम प्रसाद राणा, संयुक्त सचिव मुमताज अहमद तथा झापसा रांची जिला संयोजक डॉ अरविंद कुमार लाल मौजूद थे।

## सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में दीपावली पूर्व संध्या पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में शुक्रवार को दीपावली की पूर्व संध्या पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा चतुर्थ पंचम एवं तृतीय की बहने सहभागी हुई। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में अभिभावक सत्यवती कुमारी, संजू जायसवाल, शकुंतला कुमारी ने भूमिका निभाई। निर्णायक मंडल ने रंगोली प्रतियोगिता में कक्षा पंचम की सृष्टि भगत प्रेरणा तिग्गा विधाता के समूह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही कक्षा चतुर्थ की आशा कुमारी अंजली कुमारी आरुषि पन्ना चंचला कुमारी हिमानी चला के समूह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा पंचम की पल्लवी कुमारी उर्मिला कुमारी साक्षी कुमारी एनसी नयन एक्का के समूह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के आचार्य सुनीता कुमारी के दिशा निर्देशन में प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यालय के



आचार्य नंद किशोर साहू, महेंद्र कुमार मिश्रा, मीनाक्षी दिव्या, लक्ष्मी देवी, जगदीश पांडे, त्रिलोचन साहू, अशोक कुमार साहू, अशोक कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के माध्यम से भैया बहनों के बीच उनकी कलात्मक प्रतिभा का विकास होता है और इस प्रकार से संस्कारों के माध्यम से एक समूह में किसी कार्य करने की आदत का विकास होता है। भैया बहनों को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया जाएगा।

## जय मां काली पूजा समिति, निगनी के द्वारा किया जायेगा भव्य काली पूजा : डॉ. टी साह

**लोहरदगा।** जय माँ काली पूजा समिति, निगनी के द्वारा इस वर्ष बड़े ही उत्साह के साथ काली पूजा मनाई जा रही हैं। जिसकी तैयारियां लगभग पूरी कर लिया गया है। काली पूजा में शामिल होने के लिए जिले के गणमान्य नागरिक, वरिष्ठ अधिकारियों, नागरिकों और आमजनों तक निमंत्रण पत्र भी बांटा जा रहा है। निमंत्रण पत्र के माध्यम से जिले के गणमान्य व्यक्तियों और वरिष्ठ अधिकारियों को इस भव्य पूजा का साक्षी बनने की अपील की गई है। इस संदर्भ में काली पूजा समिति निंगनी के आजीवन संरक्षक रिटायर्ड आर्मी सह समाजसेवी डॉ टी साहू ने बताया कि निंगनी में इस बार काली पूजा को आकर्षक ढंग से किया जाएगा। तैयारियां पूरी कर लिया गया है और सभी को इस भव्य काली पूजा में शामिल होने की अपील की गई है। इसके लिए जिले के राज्यसभा सांसद, लोकसभा सांसद, विधायक सह मंत्री, उपायुक्त, उपविकास आयुक्त, पुलिस अधीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक, एसडीपीओ, थाना प्रभारी समेत जिले के वरिष्ठ अधिकारियों और नागरिकों को आमंत्रित किया गया है। पूजा का कार्यक्रम 24.10.2022 (सोमवार)- शाम 6:00 बजे से 11:00 बजे तक होगी। वही रात्री 12 बजे से बली दिया जाएगा। प्रात: 05:00 बजे से प्रसाद वितरण किया जाएगा। 25.10.2022 को - नागपुरी रंगा-रंग कार्यक्रम की प्रस्तुति की जाएगी एवं 26 अक्टूबर को मूर्ति विर्सजन किया जाएगा।

## लोहरदगा पुलिस केंद्र में मनाया गया पुलिस संस्मरण दिवस

### शहीद जवानों को एसपी आर रामकुमार समेत अन्य पुलिसकर्मियों ने दी श्रद्धांजलि

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** पुलिस संस्मरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को पुलिस केंद्र लोहरदगा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शहीद जवानो को श्रदांजलि अर्पित की गई। साथ ही सेरेंगदाग थाना क्षेत्र में शहीद हुए जवान दुलेश्वर पराश के परिजनों का पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार व वरीय पुलिस उपाधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने पुष्प गुच्छ व सॉल देकर अभिवादन किया ।वही देश की आंतरिक सुरक्षा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बताया गया कि चीन के साथ देश की सीमा की रक्षा करते हुए जो बलिदान दिया था, उसकी याद में हर साल पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है। ये बात साल 1959, 21 अक्टूबर की है जब 10 पुलिसकर्मियों ने अपना बलिदान दिया था। तब तिब्बत के साथ भारत की 2,500 मील लंबी सीमा की निगरानी की जिम्मेदारी भारत के पुलिसकर्मियों



की थी। इस घटना से एक दिन पहले 20 अक्टूबर, 1959 को तीसरी बटालियन की एक कंपनी को उत्तर पूर्वी लद्दाख में हॉट स्प्रिंग्स नाम के स्थान पर तैनात किया गया था। इस कंपनी को 3 टुकड़ियों में बांटकर सीमा सुरक्षा की बागडोर दी गई थी। लाइन ऑफ कंट्रोल में ये जवान गश्त के लिए निकले। आगे गई दो टुकड़ी के सदस्य उस दिन दोपहर बाद तक लौट आए। लेकिन तीसरी टुकड़ी के सदस्य नहीं लौटे। उस टुकड़ी में दो पुलिस कॉन्स्टेबल और एक पोर्टर शामिल थे। अगले दिन फिर सभी जवानों को इकट्ठा किया गया और गुमशुदा लोगों की तलाश के लिए एक टुकड़ी का गठन किया गया। दोपहर के समय चीन के सैनिकों ने एक पहाड़ी से गोलियां चलाना और ग्रेनेड्स फेंकना शुरू कर दिया। अपने साथियों की तलाश में निकली ये टुकड़ियां खुद की सुरक्षा का कोई उपाय नहीं करके गई थीं, इसलिए ज्यादातर सैनिक घायल हो गए। तब उस हमले में देश 10 वीर पुलिसकर्मी शहीद हो गए जबकि सात अन्य बुरी तरह घायल हो गए। जनवरी 1960 में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पुलिस महानिरीक्षकों का वार्षिक सम्मेलन हुआ था। इसी सम्मेलन में लद्दाख में शहीद हुए उन वीर पुलिसकर्मियों और साल के दौरान ड्यूटी पर जान गंवाने वाले अन्य पुलिसकर्मियों को सम्मानित करने का फैसला लिया गया। मौके पर पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, वरीय पुलिस उपाधीक्षक अभियान दीपक कुमार पांडेय, परिचारी पीयूष कुमार, पप्पु विश्वकर्मा, एवं अन्य पुलिस के जवान एवं पदाधिकारी मौजूद थे।

# दीपावली आते ही दीपक, झाड़ू और मोरपंख की बढ़ी बिक्री

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** दीपक, झाड़ू और मोरपंख कहने को तो छोटे-छोटे व्यवसाय हैं, लेकिन दिवाली पर्व के आते ही इनकी बिक्री अचानक बढ़ गई है। दरअसल, दीपावली पर इनकी विशेष मांग होती है और इनके बिना यह त्योहार नहीं मनाया जाता। इसलिए दीपपर्व पर इनकी डिमांड काफी बढ़ जाती है, क्योंकि इनसे ही सभी घरों में दीपावली मनती है। इन छोटे व्यवसाय करने वालों के लिए दीपावली सबसे व्यस्त व मुख्य सीजन होता है। इस दौरान ये पूरे साल के लिए एक मोटी रकम कम पाते हैं। व्यवसायियों के अनुसार दीपक, खजूर की झाड़ू व मोरपंखी का लाखों रुपए का कारोबार होता है। इसमें से केवल धनतेरस पर ही आधे से अधिक का कारोबार का अनुमान लगाया जा रहा है। दीपावली पर पशुधन को सजाने की परंपरा है। पशुपालक दीपावली के दूसरे दिन इनका पूजन करते हैं। पशुओं को सजाने के लिए मोरपंखी का उपयोग होता है। अलग-अलग क्षेत्रों में रहने वाले समाज विशेष के लोग परंपरागत रूप से दीपावली के मद्देनजर मोरपंख



बनाने में जुट जाते हैं। एक सेट की कीमत 200 रुपए से लगाकर एक हजार रुपए तक रहती है। चमकीली रद्दी पन्नी, रिबन, मोर पंख, प्लास्टिक की सुतली से गाय, बैलों के लिए मोरपंख तैयार होते हैं। समाज के लोगों के अनुसार विशेषकर दीपावली पर ही इस काम से जुड़ते हैं, शेष दिनों में नहीं। अधिकांश कुम्हार समाज के परिवार बरसों से मिट्टी के दीपक बना रहे हैं। छोटे दीपक की कीमत महज 1.50 रुपए है, अधिकतम 10 रुपए तक की वैराइटी है। फुटपाथ पर इनकी छोटी दुकानें लगती हैं। घरों में त्योहार पर दीपक लगाए जाएंगे। व्यवसाय से जुड़े सुजीत प्रजापति के मुताबिक धनतेरस के दो सप्ताह पहले से दुकानें लगाते रहे हैं। समाज का हर परिवार औसतन 250 से 300 मिटटी के दीपक रोज बाजार लेकर आता है। खजूर की झाड़ू धनतेरस की सुबह तकरीबन हर घर में खरीदी जाती है। मान्यता है इसको खरीदने से घर में लक्ष्मी का आगमन होता है और वह लक्ष्मी दीपावली के पांचों दिन घर में विराजती है। धनतेरस पर शहर में झाड़ू का कारोबार लाखों में होता है। अलग-अलग इलाकों में सैकड़ों परिवार खजूर व अन्य झाड़ू बनाने में जुड़े हैं। एक झाड़ू की बाजार में कीमत 40 से 80 रुपये तक होती है।

### धनतेरस को लेकर सजा लोहरदगा का बर्तन बाजार, होगी धनवर्षा

**इस बार** धनतेरस से दो दिन पहले ही लोहरदगा का बर्तन बाजार सजकर तैयार हो गया है। पर्व को लेकर बाजार में चहल पहल दिखाई दे रही है। स्टील से निर्मित बर्तन समेत अन्य चीजों के कच्चे माल में तेजी होने के बाद भी व्यापारियों को धनतेरस पर लाखो करोड़ो के कारोबार की उम्मीद है। व्यापारियों की मानें, तो इस धनतेरस बाजार से करीब दो से तीन करोड़ का कारोबार होने की उम्मीद है।



धनतेरस और दीपावली पर सरार्फा, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल्स, बर्तन और गिफ्ट आइटम की दुकानों से करोड़ों का कारोबार होगा। बिक्री को लेकर व्यापारियों में भारी उत्साह है। शहर के अपर बाजार, गुदरी बाजार, शास्त्री चौक, महावीर चौक, सोमार बाजार, सरार्फा बाजार में दुकानों को दुल्हन की तरह सजाया गया है। वहीं, सबसे ज्यादा धनतेरस पर बर्तन बाजार चमकने की उम्मीद है। अलग-अलग वैराइटी के बर्तन दुकानों पर सजा रखे हैं। अकेले बर्तन का ही एक करोड़ से अधिक का व्यापार होने की उम्मीद जताई जा रही है। इधर बर्तन व्यापारी विकास कांस्यकार, पिंटू कसेरा आदि का कहना है की इस बार धनतेरस पर नए स्टाक में स्टील के नए डिजाइन के बर्तन मंगाए हैं। इंडेक्शन कढ़ाही, भगौना, चायपेन, थ्री इन इन वन, कूकर सहित स्टील के नए डिजाइन के बर्तनों की खूब मांग है। ताकि ग्राहक मायूस होकर वापस न लौटे। वही धनतेरस पर शाही बर्तनों की खूब खरीदारी की जाती है। इसलिए बाजार में नए डिजाइन के बर्तन मंगाए गए है। ताकि ग्राहकों को सामान पंसद आ सकें। इस बार कोरोना की रफ्तार काफी धीमी है। ऐसे में कारोबार होने की पूरी संभावना है।

### नेहरू युवा केंद्र सिमडेगा ने ब्रिलिएंट हाई स्कूल में चलाया स्वच्छता अभियान



**सिमडेगा।** नेहरू युवा केंद्र सिमडेगा द्वारा शुक्रवार को प्रखंड सिमडेगा के प्रस्तावित ब्रिलियेंट हाई स्कूल सिमडेगा में स्वच्छ भारत 2.0 के तहत स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में युवा मंडल सदस्यों और स्कूल के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य गोरखनाथ सिंह ने भी सूखे कचरे विशेषकर प्लास्टिक को एकत्र कर उसका निपटान किया। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक पुनीता मिंज और सुषमा प्रधान के द्वारा किया गया। कार्यक्रम उपरांत प्राचार्य गोरखनाथ सिंह ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सपनों का भारत बनाने के लिए हम सभी को मिलकर अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। हमें प्रत्येक सप्ताह में कुछ समय स्वच्छता के लिए जरूर देना चाहिए। अब समय आ गया है कि हम स्वयं के साथ औरों को भी देश को स्वच्छ और सुन्दर बनाने के लिए आगे लेकर आएँ।हमारा देश स्वच्छ होगा तभी स्वस्थ होगा। मौके पर स्कूली शिक्षक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित हुए।

## न्यूज गैलरी

### जिला कांग्रेस ने दीनानाथ तिवारी को बधाई दी



**मेदिनीनगर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दीनानाथ तिवारी को जिला मंत्री प्रतिनिधि बनाये जाने पर जिला कांग्रेस में प्रसन्नता जाहिर की है। गौरतलब है कि जिला के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता दीनानाथ तिवारी को खाद आपूर्ति एवं वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव के द्वारा जिला के मंत्री प्रतिनिधि बनाया गया है । जिससे पलामू में कांग्रेसियों में हर्ष है । इस मौके पर पलामू जिला कांग्रेस कार्यालय में एक सादे समारोह में कांग्रेस जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक के नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने दीनानाथ तिवारी का अभिनंदन एवं स्वागत कर बधाई दी । मौके पर दीनानाथ तिवारी ने कहा कि झारखंड सरकार के खाद एवं वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने जो जिम्मेदारी दी है। उसे ईमानदारी पूर्वक निभाऊंगा। जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक सम्मानित कांग्रेस जनों के साथ मिलकर धरातल पर उतारने का कार्य करूंगा । पलामू जिला में आम आवाम एवं जरूरतमंद लोगों के हित में कार्य हो, इसके लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करूंगा। मौके पर,रामआशीष पांडे ,ईश्वरी प्रसाद सिंह , विनोद तिवारी, शमीम अहमद राइन, इंदु भगत, भिकारी राम जीवन प्रसाद सिंह, सत्येंद्र सिंह, मिथिलेश सिंह, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुन्ना खान ,शंकर पांडे, जितेंद्र कमलापुरी इत्यादि लोग उपस्थित थे।

### गोली चालन में दो अपराधी गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** मनातू जमीन विवाद में बेटे ने पिता पर गोली चलवा दी। हालांकि, इस घटना में पिता बाल-बाल बच गए और मामूली रूप से जख्मी हो गए। घटना पलामू के मनातू थाना क्षेत्र के रहेया की है। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी बेटे और शूटर को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार गिरफ्तार शूटर हाल ही में जेल से पेरोल पर बाहर निकला है। मनातू थाना क्षेत्र के रहेया के रहने वाले याकूब अंसारी ने दो शादियां की है। याकूब अंसारी की पहली पत्नी के बेटे परवेज के साथ लंबे समय से जमीन का विवाद चल रहा था। इसी जमीन विवाद में परवेज अंसारी द्वारा शूटर शाहिद खान के माध्यम से फायरिंग करवाने का आरोप है। मनातू थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि फायरिंग की घटना के दोनों आरोपी परवेज अंसारी और शूटर शाहिद खान को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि परवेज अंसारी ने जमीन विवाद में अपने पिता पर फायरिंग के लिए शूटर शाहिद खान को एक लाख रुपये दिए थे। बताया जा रहा है कि इस पूरी घटना में परवेज अंसारी के मां की भी भूमिका सामने आ रही है। पुलिस मामले में सभी बिंदुओं पर अनुसंधान कर रही है। परवेज अंसारी और शूटर शाहिद ने पहले घर का दरवाजा खुलवाया था, उसके बाद गोली चलाई थी। गोली दरवाजे से टकराते हुए याकूब अंसारी को छू कर चली गई। अंसारी को बांह में गोली के छर्रे लगे हैं। उन्हें स्थानीय स्तर पर इलाज के लिए लाया गया फिलहाल वे खतरे से बाहर हैं।

### महिलाओं ने शराब दुकान बंद करने की मांग की

**रातू।** रातू रोड शिव दुर्गा मंदिर गली की महिलाएं और पुरुष शुक्रवार को शराब दुकान बंद कराने की मांग को लेकर सड़क पर उतर आयीं। हाथों में पमलेट लिए महिलाएं शराब दुकान के सामने खड़ी हो गईं। इस दौरान जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि शराब दुकान के सामने मंदिर और अगल-बगल में तीन स्कूलें चल रही है। इसके बावजूद उत्पाद विभाग और पुलिस की मदद से खुलेआम दुकान खोलकर शराब की बिक्री की जा रही है। जबकि स्कूल व धार्मिक स्थल के सौ मीटर के दायरे में शराब दुकान नहीं खोलने का प्रावधान है। इसके बावजूद शराब दुकान खोलने की अनुमति विभाग द्वारा दी गई। हालांकि इस मामले में एक माह पहले सुखदेवनगर थाने की पुलिस को स्थानीय लोगों ने आवेदन भी दिया। इसके बावजूद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। हंगामे की सूचना मिलने के बाद सुखदेवनगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। हंगामा कर रहे लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया और शराब दुकान को भी बंद करवाया। इसके बाद प्रदर्शनकारी दुकान के सामने से हटें।

### सरकार आपके द्वार कार्यक्र का आयोजन

**बुढ़मू।** आप की योजना आपका सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन बुढ़मू प्रखंड के उमेडंडा पंचायत सचिवालय में किया गया। इस दौरान लोगों की समस्याएं सुने गए। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी नम्रता जोशी , अंचलाधिकारी शंकर कुमार विद्यार्थी, प्रखंड प्रमुख सत्यनारायण मुंडा, उपप्रमुख हरदेव साहू, प्रखंड के पश्चिमी जिला परिषद सदस्य रामजीत गंझू आदि लोगों के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान परिसंपत्ति का वितरण भी किया गया। , और विभिन्न विभाग से जुड़े आवेदन दिए गए ,और समस्याएं सुने गए साथ ही रोगियों का इलाज किया गया और दवाइयां दी गई। साथ ही उपस्थित योजनाओं की विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में उपस्थित अधिवक्ता सरफराज अहमद ने भी एक मांग पत्र बुढ़मू बीडीओ को सौंपा, और 14 वीं एवं 15वें वित्त आयोग के योजनाओ में गड़बड़ी करने का आरोप लगाते हुए बीडीओ से जांच करने की मांग की। मौके पर कार्यक्रम पदाधिकारी निशिकांत ठाकुर पंचायत समिति सदस्य उर्मिला देवी रतन प्रकाश सिंह सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग शामिल हुए

### आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**ओरमांझी ।** राजकीय कृत मध्य विद्यालय पांचा के प्रांगण मे शुक्रवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों के द्वारा दीपप्रज्वलित कर किया गया' शिविर में मुख्य रूप से जेएसएलपीएस , मनरेगा , अंचल, प्रधानमंत्री आवास , महिला एवं बाल विकास , शिक्षा विभाग ,स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग सहित अन्य विभागों का निरीक्षण किया गया। शिविर में 6- 6 लाख रुपये का दो समूह को बैंक लिंकेज कराया गया। जबकि 150 दीदियों को मुद्रा लोन के रूप में 5 लाख का परिसंपत्ति वितरित की गई ' 78 दीदियों को केसीसी अंतर्गत 4 लाख रुपए की परिसंपत्ति वितरित की गई। साथ ही रिवाल्विंग फंड के रूप में 698 स्वयं सहायता समूह को चार करोड़ 21 लाख की परिसंपत्ति वितरित किया गया । शिविर में कुल 5 करोड़ 30 लाख की परिसंपत्ति स्वयं सहायता समूह को विभिन्न रूपों में वितरित की गई ' इसके अतिरिक्त मनरेगा अंतर्गत 78 लोगों को नया जॉब कार्ड दिया गया और जबकि 28 योजनाओं की स्वीकृति दी गई ' सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना अंतर्गत 289 आवेदन प्राप्त आया , जिसमें से अधिक से अधिक आवेदनों को स्वीकृत करते हुए लगभग 10 बच्चियों को स्वीकृति पत्र दिया गया । सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत 21 आवेदन आया जिसका जांच कर ऑन द स्पॉट पेंशन की स्वीकृति दी गई।

---

### बेड़ो के मुरतो में आप की योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

# ग्रामीणों की समस्याओं का होगा समाधान

नवीन मेल संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के मुरतो पंचायत में आप की योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रुप से जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्वेता भारती, प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार, अंचल अधिकारी सुमन तिर्की उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत में लोगों को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा हर ग्रामीण की आंखों में जले उम्मीदों का चिराग साबित होगा। बेड़ो प्रखंड के मुरतो पंचायत में आयोजित इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में विभिन्न गांव से बेशुमार उम्मीदें लिए यहां आने वाले हर ग्रामीण की उम्मीदों पर खरा उतरना है। यही हमारी प्राथमिकता और उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि सरकार के इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम से गांव वासियों में आशाओं की एक नई लहर दौड़ पड़ी है और यह जरूरी है कि हम अपना कर्तव्य समझकर ग्रामीणों की समस्याओं और जरूरतों को



यथासंभव पूरी करने का प्रयास करें। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्वेता भारती कार्यक्रम की जानकारी देते हुए लोगों से इसका लाभ उठाने का आग्रह किया। जबकि अंचलाधिकारी सुमंत तिर्की विभिन्न योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए इससे लाभान्वित होने की बात कही। मंच का संचालन कर रहे प्रखंड कृषि पदाधिकारी कलिंदर साहू ने अपने विभाग से संबंधित सरकार के विभिन्न योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी दी साथ ही जनता से लाभ उठाने का आग्रह किया। मौके पर अतिथियों द्वारा मनरेगा जॉब कार्ड, विभिन्न योजनाओं की स्वीकृति पत्र सहित अन्य का वितरण किया गया। शिविर के दौरान केसीसी, हरा राशन कार्ड, बिजली विभाग, सर्वजन पेंशन योजना, जेएसएलपीएस, मनरेगा जॉब कार्ड, मनरेगा योजना , भूमि संबंधी आवेदन , भू राजस्व लगान, आवास योजना मुख्यमंत्री पशुधन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सावित्रीबाई पुणे किशोरी समृद्धि योजना सहित अन्य आवेदन में से कई आवेदन का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। इसमें सर्वजन पेंशन के बाइस आवेदन, फूलों झानो योजना के दो , सावित्रीबाई फुले योजना के सात लाभुक शामिल हैं। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था की गई थी। जिसके तहत ग्रामीणों का बीपी जांच शुगर जांच एवं स्वस्थ जांच किया गया। साथ ही कोविड-19 का वैक्सीन भी दिया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड कृषि पदाधिकारी कलिंदर साहू ने किया। इस अवसर पर सहकारिता प्रसार पदाधिकारी अवनी कुमार झा, सांख्यिकी पर्यवेक्षक, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, बीपीओ संजय तिर्की, मुखिया सुनीता सोरेन, नेलसन कुजूर , पंचायत समिति सदस्य बीगा उरांव, उदय , भीम साहू, सुदर्शन, करमू सहित प्रखंड व अंचल प्रशासन के कर्मी आदि शामिल थे।

## नपाध्यक्ष ने की 27 लाख की लागत से बनने वाले दो योजनाओं का शिलान्यास

नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नम्बर 12 में 27 लाख की लागत से बनने वाले दो योजनाओं का शिलान्यास नगर पंचायत अध्यक्ष विजया लक्ष्मी देवी,उपाध्यक्ष लता देवी ने संयुक्तरूप से नारियल फोड़कर किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष विजया लक्ष्मी देवी ने कहा कि आज आशीष चंद्रवंशी के घर से विजय जायसवाल के घर तक आरसीसी नाली पटिया निर्माण तथा इंद्रदेव राम के घर से चितावन पोखरा तक पीसीसी पथ निर्माण का शिलान्यास किया गया है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत के सभी वार्डो का सर्वांगीण विकास ही मेरा मुख्य उद्देश्य है। इस वार्ड में नाली की समस्या हमेशा परेशानी का सबब बना हुआ था। इसके बन जाने से वार्डवासियों को काफी राहत मिलेगा। चितावन पोखरा तक लोग सुबह टहलने जाते है.सड़क नही होने से लोगो को



परेशानी होती थी अब पीसीसी पथ बन जाने से लोगो को सुविधा होगी। पूरी ततपरता के साथ उन्होंने पूरे नगर पंचायत क्षेत्र में सड़क,नाली पटिया का निर्माण सुविधा मुहैया कराया है। प्रत्येक वार्ड में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है,जो भी समस्याएं है,उस कार्यक्रम में बताएं आपकी समस्याओं का समाधान तत्काल किया जायेगा. मौके पर वार्ड पार्षद संध्या देवी, आशीष कुमार चंद्रवंशी, इंद्रदेव राम, विनीत कुमार शरद, दिलु मेहता,विजय जायसवाल सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

## शिक्षक की मौत पर समाहरणालय सभागार में हुआ शोक सभा आयोजित

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** समहरणालय सभागार में उपायुक्त सिमडेगा की अगुवाई में स्वर्गीय शिक्षिका ग्लोरिया लुगुन की आत्मा की शांति के लिए शोक सभा आहुत की गई । शोक सभा में उप विकास आयुक्त एवं अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक पदाधिकारी गण के साथ समहयणालय के विभिन्न कार्यालयों में कार्यरत तमाम पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।शिक्षा विभाग की ओर से अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी बादल राज एवं क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी सूश्री रोशनी सिंह के अगुवाई मे कार्यालय के सभी कर्मचारी तथा समग्र शिक्षा अभियान के पदाधिकारी एवं कार्मचारी उपस्थित थे।शिक्षक संघ की ओर से झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रधान सचिव अरुण कुमार सिंह एवं अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रेम कुमार शर्मा के अतिरिक्त एस एस पलस उच्च विद्यालय सिमडेगा के प्रधानाध्यापक भी उपस्थित थे।सर्वप्रथम शिक्षक नेता अरुण कुमार सिंह के तरफ से स्वर्गीय शिक्षिका ग्लोरिया लुगुन की संक्षिप्त जीवनी एवं उनके शिक्षा के क्षेत्र मे किये गये कार्य को पढ़कर सुनाया गया।तत्पश्चात उपायुक्त के नेतृत्व मे दो मिनट का मौन रखकर स्वर्गीय शिक्षिका की आत्मा की शांति के लिए परम पिता से प्रार्थना करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि दी गई।श्रद्धांजलि देने के बाद उपायुक्त ने उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिया कि चूंकि स्व. शिक्षिका की मृत्यु सड़क दुर्घटना मे हुई और जिस समय दुर्घटना हुई उस समय वो वाइक मे थी।दुर्घटना मे उनके सर मे चोट लगी ।अगर वो हेलमेट पहने रहतीं तो सर मे चोट नहीं लगती।इसलिए सारे लोग बाइक चलाते समय हेलमेट का उपयोग जरूर करें और समहरणारय मे कोई भी कर्मचारी बिना हेलमेट का प्रवेश न करें यह सुनिश्चित किया जाय।

### राष्ट्रीय परिषद सदस्य बनने पर दी गई बधाई

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता सूर्यपत सिंह, कृष्ण मुरारी दुबे, नौजवान संघ के उपाध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी,अभय कुमार, आलोक तिवारी, एआईएसएफ के जिला सचिव मृत्युंजय तिवारी ने भाकपा के पलामू जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी को भाकपा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य बनने पर बधाई दिया। इन्होंने कहा कि श्री तिवारी के राष्ट्रीय परिषद के सदस्य बनने पर पलामू सहित झारखंड के नौजवानों को उनकी समस्याओं को लेकर उन्हें संघर्ष पर उतारने एवं पार्टी के साथ जोड़ने में बल मिलेगा जिससे पार्टी मजबूत होगी। इनके राष्ट्रीय परिषद के सदस्य बनने पर पार्टी के नौजवानों - छात्रों के अलावा पार्टी सदस्यों एवं झारखंड के नौजवानों में उत्साह है। अभी 14 से 18 अक्टूबर तक सीपीआई का पार्टी महाधिवेशन आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में संपन्न हुआ । जिसमें पूरे देश से करीब दो हजार प्रतिनिधि के साथ 20 देशों के विदेशी प्रतिनिधि भी शामिल हुए।

## हर घर नल जल योजना अंतर्गत हमारा लक्ष्य होगा 90% लोगों को घरों में शुद्ध पानी मिले: सुदेश कुमार

नवीन मेल संवाददाता

**सिल्ली।** ग्रामीण जलापूर्ति योजना अंतर्गत हर घर नल जल योजना का शिलान्यास आजसू पार्टी के सुप्रीमा पूर्व उपमुख्यमंत्री झारखंड सरकार सह स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो ने सिल्ली अस्पताल के समीप शिलापट अनावरण कर किया। इस योजना का लागत राशि 11 करोड 40 लाख रुपए है। विधायक सुदेश कुमार महतो ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। स्थानीय विधायक ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जल जीवन मिशन अंतर्गत सिल्ली लुपुग लोवापीडी आदि पंचायत के लगभग 13000 हजार जनसंख्या वाले 1451 घरों में शुद्ध जल पहुंचाने का काम किया जा रहा है। हमारा लक्ष्य होगा की 90% लोगों को शुद्ध पानी मिले ताकि लोग शुद्ध पानी से वंचित ना रह पाए 2024 तक सिल्ली प्रखंड का एक भी गांव ऐसा नहीं होगा जिनके घर शुद्ध पानी पीने के लिए वंचित रहेगा। वही सरकार की जो भी योजना आती है उस योजना का पहला स्थान सिल्ली प्रखंड रहता है।



दूसरी ओर जिला परिषद उपाध्यक्ष बीना देवी ने कहा कि सिल्ली का बेटा सुदेश कुमार महतो का साथ साथ मिलाकर ऊंचाइयों तक पहुंचाना हमारा कर्तव्य बनता है। इसके पूर्व में सभा का संचालन भरत साय एव सभा का समापन प्रखंड विकास पदाधिकारी पावन आशीष लकड़ा ने धन्यवाद ज्ञापन देकर किया। इस मौके पर जिप उपाध्यक्ष वीना देवी, प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बडाईक, उपप्रमुख आरती देवी, राजा पुष्पेंद्र नाथ सिंह देव, जयपाल सिंह, सुनील सिंह ,मुखिया सीमा कुमारी , संजय सिद्धार्थ, संजय कुमार महतो,भरत मुंडा समेत कई लोग उपस्थित थे।

## सरकार आपके द्वार में एक करोड़ परिसंपत्तियों का किया गया वितरण

नवीन मेल संवाददाता

**नामकुम।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शुक्रवार को खिजरी पंचायत में आयोजन कियागया। इस मौके पर राज्यसभा सांसद महुवा मांजी, उर्जा विभाग के प्रधान सचिव अविनाश कुमार, उप विकास आयुक्त विशाल सागर, डीपीआरओ प्रभात शंकर, एलआरडीसी राजीव कुमार, बीडीओ ज्ञानशंकर जायसवाल, अंचल पदाधिकारी विनोद कुमार प्रजापति, प्रमुख आशा कच्छप, मुखिया कामेर्ला कच्छप, जिप सदस्य रामाअवतार केरकेट्टा उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाये लाभुकों के रजिस्ट्रेशन कर आवेदन लेकर उनके समस्याओं का निराकरण किया गया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान सचिव अविनाश कुमार कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में वर्त्तमान सरकार आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के तहत सरकारी याजनाओं को गांव-गांव पहुंचकर आम लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य कर रही है।

> सरकारी याजनाओं को गांव-गांव पहुंचकर आम लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य कर रही है : अविनाश

वहीं कार्यक्रम में मंच संचालन करते हुए बीडीओं ज्ञान शंकर जायसवाल ने प्रखण्ड के विभिन्न पंचायतों कार्यक्रम के तहत कार्यक्रम के दौरान लाभुकों के लगभग 10265740 (एक करोड़ दो लाख पैसठ हजार सात सौ चालीस ) रुपए की परिसंपत्ति का वितरण किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत सिरिल रूण्डा को स्कोर्पियों का चाभी प्रदान किया। मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथियों द्वारा 15वें केसीसी, पीएमएवाईजी, सावित्रि बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, बिजली व पेयजल विभाग, हड़िया व्यापार से से जुड़ी महिलाओं को जेएसएलपीएस द्वारा रकम व कंबल का वितरण किया गया।

**प्रधान सचिव ने जरीना को मंच पर बैठाया :** कार्यक्रम के दौरान प्रधान सचिव अविनाश कुमार ने कार्यक्रम में दौरान घुम रही आंगनबाड़ी पढ़ाई कर जरीना को अपने पास बुलाया और उससे अपने संग बैठाकर जरिया से पुछा की बड़ी होकर क्या बनना चाहती थी, जरीना ने बताया कि बड़ी होकर मरीजों का इलाज करना चाहती है। अविनाश कुमार ने कहा कि जब आंगनबाड़ी में पढ़ने वाली जरीना डॉक्टर बनने का हौसला रखती तो निश्चित ही सरकारी योजनाओं लाभ पहुंचेगी।

**कार्यक्रम के दौरान आरती कुजूर जताया विरोध :** कार्यक्रम के दौरान भाजपा महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर ने स्थानीय गांव के ग्राम प्रधान व अन्य गणमान्य लोगों अनुपस्थित पर विरोध जताते हुए कहा कि नामकुम प्रखण्ड के कई जगहों पर पीएम आवास योजनाओं में धांधली की गई। लेकिन प्रखण्ड इस पर सूद नहीं ले रही है। इस पर प्रधान सचिव ने आरती कुजूर को समझाते हुए बीडीओ पर तत्काल कार्रवाई करने की बात कही।

## सोंस में एक मिडिल स्कूल के मिड डे मील में मिला कीड़ा

नवीन मेल संवाददाता

**चान्हो।** चान्हो प्रखंड के सोंस मध्य विद्यालय में गुरुवार को बच्चों के मध्यान भोजन में मिले कीड़ों ने स्कूल की भोजन व्यवस्था की सारी पोलें खोल के रख दिया है। बच्चों को सड़े हुए चावल का भोजन बनाकर परोसा गया। बच्चों

को परोसे गये खाने पर जब कीड़ा मिला तो उन्होंने शिक्षिका को इसकी सूचना दी। बाद में जब क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को पता चला तो विद्यालय जाकर जांच किया गया, जो सही पाया गया। अगर इस तरह की लापरवाही हो तो बच्चों की जिन्दगी भी दांव पर लग जायेगी। मामला उजागर होते ही क्षेत्र के जनप्रतिनिधि के साथ कई ग्रामीणों ने स्कूल का रुख किया जहां बच्चों से बात करते समय बच्चों ने बताया कि हमारे भोजन की थाली से रेंगता हुआ कीड़ा निकला। जिसे देखने के बाद हम लोग भोजन को फेंक दिए। इस मामले पर मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने एक्शन मुड पर उच्चअधिकारी से



टेलीफोन से बात कर मामले को गंभीरता लेने को कहा। और उन्होंने कहा कि बच्चों की जिन्दगी से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की को मामले की जानकारी मिलने पर उच्चअधिकारी से टेलीफोन में बात कर कहा कि बच्चे की थाली में कीड़ा मिला है। संयोजिका एवं रसोईया पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। पिछले 2 दिन पूर्व विधायक ने प्रखण्ड कार्यालय में सभी स्कूल के टीचरों से बैठक भी किया था और उसी क्रम में उन्होंने इन को फटकार भी लगाया था कि साफ सफाई का ध्यान दे।

## दीर्घकालिक विकलांगता के प्रमुख कारणों में से एक है फाइलेरिया : डॉ. अरूण

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** फाइलेरिया रोग सार्वजनिक स्वास्थ्य की घातक बीमारी बनती जा रही है। पूरी दुनिया के साथ-साथ इस रोग से झारखंड भी अछूता नहीं है। महज रूप से लेता है। इस गंभीर विषय पर स्वास्थ्य विभाग के सचिव डॉ. अरुण कुमार सिंह से किये गये बातचीत के अंश इस प्रकार प्रस्तुत हैं।

**सवाल : फाइलेरिया रोग क्या है और झारखंड में इसकी क्या स्थिति है?**

**जवाब :** फाइलेरिया या हाथीपांव रोग, सार्वजनिक स्वास्थ्य की गंभीर समस्या है। यह रोग मच्छर के काटने से फैलता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) के अनुसार फाइलेरिया, दुनियाभर में दीर्घकालिक विकलांगता के प्रमुख कारणों में से एक है। पूरी दुनिया के फाइलेरिया के मरीजों में लगभग 45 प्रतिशत फाइलेरिया रोगी भारत में हैं। राज्य में वर्ष 2021 के आंकड़ों के अनुसार लिम्फेडिमा (अंगों में सूजन) के लगभग 43768 मरीज हैं और हाइड्रोसील (अंडकोष की थैली में सूजन) के 46220 मरीज हैं। जिनमें से अबतक 3885 मरीजों का सफल आपरेशन किया जा चुका है।

**सवाल : यह रोग हो जाने पर पीड़ित व्यक्ति के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता है ?**

**जवाब :** वैसे तो यह रोग किसी भी आयु वर्ग में हो सकता है, मगर बच्चों को इससे अधिक खतरा है। यह संक्रमण लिम्फैटिक सिस्टम को नुकसान पहुंचाता है और अगर इससे बचाव न किया जाये तो इससे शारीरिक अंगों में असामान्य सूजन होती है। फाइलेरिया के कारण चिरकालिक रोग जैसे; हाइड्रोसील (अंडकोष की थैली में सूजन), लिम्फेडेमा (अंगों की सूजन) व काइलुरिया (दूधिया सफेद पेशाब) से ग्रसित लोगों को अक्सर सामाजिक बहिष्कार का बोझ सहना पड़ता है, जिससे उनकी आजीविका व काम करने की क्षमता भी प्रभावित होती है।

**सवाल : राज्य सरकार इसके उन्मूलन के लिए क्या प्रयास कर रही है?**

**जवाब :** झारखंड सरकार, लिम्फेटिक फाइलेरिया (हाथीपांव) के उन्मूलन हेतु पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस रोग से बचाव के लिए राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) कार्यक्रम चलाये जाते हैं। इसी क्रम में, आगामी 16 सितम्बर से 30 सितम्बर 2022 तक झारखंड के आठ फाइलेरिया प्रभावित जिलों (लोहरदगा, हजरीबाग, गिरिडीह, गढ़वा, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, खूंटी और रांची) में कोरोना के दिशा-निर्देशों के अनुसार शारीरिक दूरी, मास्क और हाथों की साफ-सफाई का अनुपालन करते हुए फाइलेरिया रोग उन्मूलन के लिए मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम प्रारंभ किया जा रहा है। राज्यस्तर से जिलास्तर तक विभिन्न विभागों एवं स्वयंसेवी संस्थाओ के साथ समन्वय बनाकर कार्य किया जा रहा है, ताकि कार्यक्रम में किसी भी संसाधन की कमी न होने पाये। एमडीए गतिविधियों का संचालन कोविड-19 के मानकों का पालन करते हुए किया जायेगा, जिसमें हाथ की स्वच्छता, मास्क और शारीरिक दूरी (दो गज की दूरी) शामिल हैं। इस अभियान में सभी वर्गों के लाभार्थियों को फाइलेरिया से सुरक्षित रखने के लिए 2



दवाएं डीईसी और अल्बंडाजोल की निर्धारित खुराक प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा घर- घर जाकर, अपने सामने मुफ्त खिलाई जायेगी। किसी भी स्थिति में, दवा का वितरण नहीं किया जावेगा। इन दवाओं का सेवन खाली पेट नहीं करना है। दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और अति गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति यों को ये दवाएं नहीं खिलाई जाती है।

**सवाल : फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन में किस तरह की चुनौतियां हैं?**

**जवाब :** देखिये इस कार्यक्रम में सबसे बड़ी चुनौती है, लाभार्थियों का इस रोग की गंभीरता को समझते हुए मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के दौरान फाइलेरिया रोधी दवाओं का प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों के सामने सेवन करना। हम सब प्रशासनिक स्तर और सामजिक स्तर पर सकारात्मक प्रयास कर रहें हैं कि कार्यक्रम के दौरान 100 प्रतिशत लाभार्थियों द्वारा फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन किया जाना सुनिश्चित हों।

**सवाल : सर, फाइलेरिया के बारे में तो काफी बातचीत हो गयी, लेकिन कालाजार रोग क्या है और राज्य के कौन- कौन से जिले कालाजार रोग से प्रभावित हैं, साथ ही सरकार द्वारा लोगों को इससे सुरक्षित रखने के लिए क्या उपाय किये जा रहें हैं ?**

**जवाब :** देखिये, कालाजार का संक्रमण बालू मक्खी यानि सैंडफ्लाई द्वारा होता है। यह बालू मक्खी कालाजार रोग के परजीवी लीशमेनिया डोनोवानी को एक रोगी व्यक्ति से दूसरे स्वस्थ व्यक्ति तक फैलाती है। यदि किसी व्यक्ति को दो सप्ताह से ज्यादा से बुखार हो, उसकी तिल्ली और जिगर बढ़ गया हो और उपचार से ठीक न हो, तो उसे कालाजार हो सकता है। कालाजार को फैलाने वाली बालू मक्खी के खत्म करने के लिए सरकार द्वारा कीटनाशी दवा का छिड़काव (आईआरएस) करवाया जाता है। झारखंड सरकार कालाजार रोग के उन्मूलन के लिए भी प्रतिबद्ध है और इसी क्रम में कालाजार से प्रभावित चार जिलों (गोड्डा, दुमका, साहेबगंज और पाकुड़) में समय- समय पर कीटनाशी दवा का छिड़काव कराया जाता है। दिनांक एक अगस्त, 2022 से 45 दिनों तक उपरोक्त जिलों में कीटनाशी दवा का छिड़काव कराया जा रहा है। इस बारे में एक विशेष बात आपको बताना चाहूंगा कि अभी कुछ दिन पहले कोलंबिया देश में कालाजार से प्रभावित अन्य देशों के राजनीतिज्ञों, उच्चस्तरीय अधिकारियों एवं कार्यक्रम अधिकारियों की कालाजार रोग के उन्मूलन पर विस्तृत चर्चा हुई। जिसमें हमने स्वास्थ्य विभाग द्वारा विगत कई वर्षों के निरंतर प्रयासों से प्राप्त उपलब्धियों पर जानकारी साझा की और अंतर्राष्ट्रीय पटल पर सभी देशों के प्रभागियों को यह बताया कि राज्य में विषम परिस्थितियों के बावजूद रोग नियंत्रण मे सफल हुए जिसमें समय-समय पर छिड़काव, निगरानी एवं प्रत्येक स्तर पर कार्यक्रम का अनुश्रवण शामिल है। वहां से आने के पश्चात हमने उच्च प्रथमिकता वाले सभी गांवों के लिए एक स्पेशल कार्ययोजना बनायी गयी है और हम सुनिश्चित करेंगे की जिला एवं ब्लॉक अधिकारियों के माध्यम से इसका सफल क्रियान्वयन किया जाये।

**सवाल : हमारे श्रोताओं को आपकी और से कोई संदेश ?**

**जवाब :** फाइलेरिया उन्मूलन के तहत सभी जिलों में वर्ष में एक बार चरणबद्ध तरीके से मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशनका कार्यक्रम चलाया जा रहा है। मैं आपके समाचार पत्र के माध्यम से यह संदेश देना चाहता हूं कि ये फाइलेरिया रोधी दवाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं। रक्तचाप, शुगर, अर्थरायीटिस या अन्य सामान्य रोगों से ग्रसित व्यक्तियों को भी ये दवाएं खानी हैं। सामान्य लोगों को इन दवाओं के खाने से किसी भी प्रकार के दुष्प्रभाव नहीं होते हैं और अगर किसी को दवा खाने के बाद उल्टी, चक्कर, खुजली या जी मिचलाने जैसे लक्षण होते हैं तो यह इस बात का प्रतीक हैं कि उस व्यक्ति के शरीर में फाइलेरिया के कीटाणु मौजूद हैं, जोकि दवा खाने के बाद कीटाणुओं के मरने के कारण उत्पन्न होते हैं। इसके साथ ही कालाजार रोग के उन्मूलन के लिए जिस समय स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की टीम कीटनाशी दवा का छिड़काव करने आये, लोग उन्हें पूरा सहयोग करें।

## आज धनतेरस की रहेगी धूम, सभी तैयारियां पूरी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** दीपावली महापर्व हिंदू धर्म के प्रमुख त्योहारों में से एक माना जाता है। पांच दिनों तक चलने वाले इस पर्व की शुरूआत धनतरेस के साथ हो जाती है। इसे लेकर पलामू में सभी तैयारियां पूरी हो गई है। इस साल तिथियों का दो दिनों तक होने के कारण धनतरेस की तिथि को लेकर काफी असमंजस चल रहा है कि आखिर किस दिन धनतरेस का पर्व मनाना शुभ होगा। बता दें कि कार्तिक मास की त्रयोदशी तिथि 22 अक्टूबर को शाम में 6 बजकर 3 मिनट से शुरू होकर 23 अक्टूबर को शाम 6 बजकर 4 मिनट तक रहेगी। इसलिए धनतरेस 23 अक्टूबर को मनाना शुभ होगा। वहीं यमदीप 22 अक्टूबर को जलाना शुभ होगा। पुरोहित ओम पाठक के अनुसार पंचांग की गणना और तारीखों के बढ़ते क्रम के साथ तिथियों की संधि में दीपोत्सव का पर्व मनाया जायेगा। क्योंकि जब भी कोई विशेष पूजा तिथि होती है तो वह पहली तिथि के बाद सूर्योदय के उदय से अंत तक स्पर्श करती है, तो दूसरी तिथि को स्पर्श करने के कारण इसकी मान्यता प्रबल हो जाती है। **कब है धनतेरस का शुभ मुहूर्त :** धनतेरस की शुभ मुहूर्त कार्तिक माह कृष्ण पक्ष त्रयोदशी तिथि की आरंभ आज शाम 6 बजकर 02 मिनट से शुरू होगा। जो अगले दिन शाम 6 बजकर 03 मिनट तक रहेगा।

सम्पादक की कलम से...

# राज व राजभवन का खेल

**झारखंड** में चुनाव आयोग के लिफाफे का खेल सबकी समझ से बाहर होता जा रहा है। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि अगर इसके अंदर के राज को राजभवन नहीं बताता है तो कुछ नहीं कर पायेंगे सीएम हेमंत सोरेन और उनकी पार्टी जेएमएम। तीन महीने से झारखंड के सियासी मैदान में जो सबसे बड़ा खेल चल रहा है, उसमें फिलहाल इंटरवल का टाइम है। जेएमएम-कांग्रेस और राजद की सरकार का क्या होगा, इसका अंदाजा भी कोई नहीं लगा रहा है। मुख्यमंत्री कैमरे के आगे आकर बोल रहे हैं कि आखिर चुनाव आयोग के लिफाफे में क्या है, बताया जाये। यहां तक कह रहे हैं कि अगर मैं दोषी हूं तो मुझे सजा दी जाये। लेकिन राजभवन इस खेल में इंटरवल पीरियड को एंज्वॉय कर रहा है। अब तो मीडिया के सामने राज्यपाल रमेश बैस चुटकी भी ले रहे हैं। कह रहे हैं कि लिफाफा ऐसा चिपका है कि वो खुल ही नहीं रहा है। सारे रास्ते बंद होने के बाद अब जेएमएम आरटीआई के माध्यम से सूचना मांगने की कोशिश कर रहा है। जेएमएम की तरफ से प्रवक्ता विनोद पांडे ने राजभवन में आरटीआई दाखिल कर जानकारी मांगी है। लेकिन गौर करने वाली बात यह है कि अगर राजभवन उन्हें जवाब नहीं देता है, तो भी जेएमएम कुछ नहीं कर सकता है। यह बात समको पता है। इसकी वजह खुद जेएमएम की सरकार को माना जा सकता है। मई 2020 से ही सूचना आयोग डिफंक्ट है। न कोई सूचना आयुक्त हैं और न ही मुख्य सूचना आयुक्त। लिफाफे को लेकर जैसा राजभवन का रुख है, उससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि फिलहाल राजभवन सीएम हेमंत सोरेन के माइनिंग लीज के मामले को लेकर कोई जल्दबाजी करने के मूड में नहीं है। जेएमएम को अगर राजभवन की तरफ से आरटीआई का जवाब नहीं मिलता है, तो जेएमएम राजभवन में पहली अपील के लिए जायेगा। फिर भी जवाब ना मिला तो जेएमएम दूसरी अपील करेगा। फिर भी जवाब ना मिलने की सूरत में जेएमएम को सूचना आयोग जाना होगा। लेकिन अफसोस कि हेमंत सरकार में सूचना आयोग है ही नहीं। ऐसे में आखिर जेएमएम क्या करेगा। इसकी रणनीति पर जेएमएम शायद कुछ सोच रहा हो। कुछ महीने पहले के आंकड़े की बात करें तो सूचना आयोग में 20 हजार से ज्यादा आवेदन पेंडिंग हैं। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने मुख्य सूचना आयुक्त के एक पद और सूचना आयुक्तों के छह पदों के लिए दो साल पहले ही आवेदन मांगा था। मुख्य सूचना आयुक्त के एक पद के लिए कुल 63 लोगों ने आवेदन किया है। जबकि सूचना आयुक्त के छह पदों के लिए 354 आवेदन कार्मिक विभाग में आये हैं. इतने आवेदन के बावजूद न तो सूचना मुख्य आयुक्त और न ही सूचना आयुक्तों का चयन हो पाया है। यहीं पेच फंसते नजर आ रहे हैं। झारखंड सरकार ने अभी तक नेता प्रतिपक्ष को मान्यता नहीं दी है। इसको लेकर अभी भी सदन में खींचतान चल रही है। लेकिन सूचना आयुक्त की नियुक्ति के लिए बनी कमेटी में नेता प्रतिपक्ष पदेन सदस्य होते हैं। ऐसे में नेता प्रतिपक्ष नहीं होने की वजह से नियुक्ति प्रक्रिया बाधित है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि सूचना आयुक्तों का पद रिक्त होने के दो महीने पहले से ही नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू हो जानी चाहिए। साथ ही सर्च कमेटी को नौकरशाहों के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के नामचीन लोगों को भी सूचना आयुक्त नियुक्त करने पर विचार करना चाहिए। ऐसे में अभी खेल होना बाकी है।

## आज का इतिहास

**1966 :** भारत के शिक्षाविद एवं स्वतंत्रता सेनानी साधु वासवानी का निधन।
**1947 :** विंसेंट ऑरियल फ्रांस के राष्ट्रपति चुने गये।
**1995 :** जापान में 7.2 तीव्रता के भूकंप में 5,372 लोगों की मौत।
**2013 :** इराक में सिलसिलेवार बम धमाकों में 33 लोगों की मौत।
**1556 :** स्पेन के सम्राट कैरेल ने अपने पुत्र फिलीप द्वितीय को अपना उत्तराधिकारी चुना।
**1581 :** ब्रिटेन में संसद ने रोमन कैथलिक ईसाइयों के खिलाफ कानून पारित किया।
**1681 :** महाराष्ट्र के रायगढ़ किले में छत्रपति शिवाजी के पुत्र संभाजी का भव्य राज्याभिषेक हुआ।
**1769 :** कलकत्ता (अब कोलकाता) के अकरा में पहली बार सुनियोजित घुड़दौड़ का आयोजन किया गया।
**1901 :** भारत के प्रसिद्ध राष्ट्रवादी, समाज सुधारक, विद्वान और न्यायविद महादेव गोविन्द रानाडे का निधन।
**1938 :** प्रख्यात बंगाली साहित्यकार शरत चंद्र चट्टोपाध्याय का निधन।
**1943 :** इंडोनेशिया के अंबोन द्वीप पर अमेरिकी वायुसेना का पहला हवाई हमला।
**1955 :** पुणे में खड्गवासला राष्ट्रीय रक्षा अकादमी का औपचारिक रूप से उद्घाटन।
**1989 :** मलयालम सिनेमा के सबसे बड़े सितारों में से एक प्रेम नजीर (मूल नाम अब्दुल खादिर) का निधन। इनके नाम सबसे अधिक 600 फिल्मों में मुख्य भूमिका निभाने का विश्व रिकार्ड है।
**1989 :** सोवियत संघ ने मंगल ग्रह के लिए दो साल के मानव अभियान की योजना की घोषणा की।
**2003 :** भारतीय मूल की कल्पना चावला दूसरी अंतरिक्ष यात्रा पर रवाना।
**2006 :** समाजवादी नेता माइकल बैशलेट चिली की प्रथम महिला राष्ट्रपति चुनी गयीं।

# सुशासन व समावेशी विकास

> वर्ष 1997 का नागरिक अधिकारपत्र, 2005 का सूचना का अधिकार कानून, 2006 में राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस आंदोलन, प्रशासनिक सुधार के लिए आयोगों का गठन, समावेशी और टिकाऊ विकास पर अमल, स्मार्ट सिटी और स्मार्ट विलेज आदि का विकास भारत में लोकप्रबंध के नये आयाम को ही दर्शाते हैं। दरअसल, प्रशासनिक सुधार और सामाजिक परिवर्तन एक-दूसरे से तार्किक रूप से जुड़े होते हैं। प्रशासनिक सुधार राजनीतिक इच्छाशक्ति का परिणाम होता है। सरकार परिवर्तन और सुधार की दृष्टि से जितना अधिक जनोन्मुख होगी, सुशासन उतना अधिक प्रभावी होगा।

स्वतंत्रता के बाद संविधान लागू होने के साथ-साथ विकास का प्रशासन और प्रशासनिक विकास समेत सामुदायिक और सामाजिक विकास की अवधारणा को भी बल मिला था। मगर सशक्त समावेशी ढांचे का निर्माण करने में अब तक सफलता नहीं मिल पाई है। आज भी गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी, महंगाई, शिक्षा, सड़क, सुरक्षा आदि से जुड़ी समस्याएं समाधान की मांग करती हैं। शासन वही अच्छा माना जाता है, जिसका प्रशासन अच्छा होता है और दोनों तब अच्छे होते हैं जब लोक कल्याण होता है। कम लागत में अधिक लोक कल्याण की योजनाओं की जरूरत भारत जैसे तीसरी दुनिया के देशों में अधिक है। इसका मूल कारण यहां आमदनी अठन्नी और खर्चा रुपैया है। अगर इस तर्क को असंगत ठहराना है, तो यह बात पुख्ता तौर पर सिद्ध करनी होगी कि भारत की आधारभूत संरचना और समावेशी विकास सर्वोदय की स्थिति को प्राप्त कर चुके हैं। हालांकि नव-लोकप्रबंधन कोई प्रशासनिक सिद्धांत नहीं है और न ही कोई आंदोलन, बल्कि यह दोनों का मिश्रण है, जहां हर हाल में बेहतरी की खोज बनी रहती है, जो निजी हित के साथ-साथ पूरे समाज के लिए बेहतर की गुंजाइश पैदा करती है। अध्ययन बताते हैं कि भारत में लोकप्रबंधन के नये आयामों में लोक कल्याणकारी व्यय को घटाया गया है। मसलन, रसोई गैस आदि से सबसिडी समाप्त करना, लोक उद्यमों का विनिवेश, निजीकरण और उनसे समझौता करना, विकेंद्रीकरण और निजी निकायों द्वारा ठेका प्रथा से कार्य करवाना आदि। हालांकि ई-गवर्नेंस लागू करने वाली गतिविधियों को बढ़ावा नव-लोकप्रबंध और सुशासन के चलते ही मिला है। जैसे ई-बैंकिंग, ई-टिकटिंग, ई-सुविधा, ई-अदालत, ई-शिक्षा समेत विभिन्न आयामों में इलेक्ट्रानिक पद्धति के समावेशन आदि के चलते सुशासन में निहित पारदर्शिता और खुलेपन को मजबूती मिली है। इतना ही नहीं, सरकारी संगठनों का निगमीकरण, पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप जैसे उपायों पर आगे बढ़ाना नव-लोकप्रबंधन के नवीन आयाम हैं। वर्ष 1997 का नागरिक अधिकारपत्र, 2005 का सूचना का अधिकार कानून, 2006 में राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस आंदोलन, प्रशासनिक सुधार के लिए आयोगों का गठन, समावेशी और टिकाऊ विकास पर अमल, स्मार्ट सिटी और स्मार्ट विलेज आदि का विकास भारत में लोकप्रबंध के नये आयाम को ही दर्शाते हैं। दरअसल, प्रशासनिक सुधार और सामाजिक परिवर्तन एक-दूसरे से तार्किक रूप से जुड़े होते हैं। प्रशासनिक सुधार राजनीतिक इच्छाशक्ति का परिणाम होता है। सरकार परिवर्तन और सुधार की दृष्टि से जितना अधिक जनोन्मुख होगी, सुशासन उतना अधिक प्रभावी होगा। हालांकि सरकारें कुशलता के साथ अर्थव्यवस्था पर तो जोर देती हैं, पर आम जनमानस में इसका प्रभाव समावेशी अनुपात में नहीं पड़ पाता, जिसके चलते पूंजीवाद का विकास होता है। हालांकि पूंजीवाद के विकास के अनेक दूसरे कारण भी हो सकते हैं। गौरतलब है कि अर्थव्यवस्था की कई परतें होती हैं। पहली परत में बाजार मुख्य संस्था होती है, वहीं दूसरी परत प्रतियोगिता के लिए जानी जाती है। एडम स्मिथ ने अपनी पुस्तक 'द वेल्थ आफ नेशन', जो अठारहवीं सदी के उत्तरार्द्ध की है, में भी पहली परत को महत्त्वपूर्ण माना है। भारत गांवों का देश है, मगर अब बढ़ते शहरों के चलते इसकी पहचान सिर्फ गांवों तक नहीं सिमटी है। भारत खेत-खलिहानों के साथ-साथ कल-कारखानों से युक्त हो चला है। बीते पचहत्तर वर्षों में विकास परत-दर-परत अनवरत हुआ है। स्वतंत्रता के बाद संविधान लागू होने के साथ-साथ विकास का प्रशासन और प्रशासनिक विकास समेत सामुदायिक और सामाजिक विकास की अवधारणा को भी बल मिला था। मगर सशक्त समावेशी ढ़ांचे का निर्माण करने में अब तक सफलता नहीं मिल पाई है। आज भी गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी, महंगाई, शिक्षा, सड़क, सुरक्षा आदि से जुड़ी समस्याएं समाधान की मांग करती हैं। 1991 के उदारीकरण और बदलते वैश्विक परिप्रेक्ष्य के साथ भारत में बदलाव की एक नई बयार चली। 1992 में समावेशी विकास और सुशासन की धारणा भी मूर्त रूप में उभरी, फिर भी बुनियादी विकास, मानव विकास सूचकांक और सुविधाजनक जीवन के मामले में आम जनमानस की जद्दोजहद कम नहीं हो रही है।

**■ सुशील कुमार सिंह**

# वह चल बसी...

शहर में मेट्रो होने भर से शहर मेट्रो नहीं बनता। यह वही बात हुई कि एक फाइव स्टार होटल के सामने गरीब भूख से दम तोड़ देता है और हम उस होटल की स्पेशल रेसिपी के बारे में देश के नामी गिरामी समाचार पत्रों में लपलपाती जीभ से चटकारे लेते हुए उसकी खूबी पढ़ते हैं। यदि इस तरह जान लेने का नाम शहर है, तो ऐसे शहरों की हमारे यहाँ कोई कमी नहीं है। मैं उस दिन हर दिन की तरह जेएनटीयू मेट्रो स्टेशन के पास खड़ा अपने मित्र की प्रतीक्षा कर रहा था। तभी एकाएक सामने से झगड़ने की आवाज आयी। एक चालीस-पैंतालीस साल का अधेड़ फटी कमीज, घुटनों तक लिपटी मटमैली धोती उसमें भी जहाँ-तहाँ दया करुणा पैदा करने वाले बड़े-बड़े छेद थे, एक पतली सी लाठी थामे मेट्रो स्टेशन के द्वार के सामने भीख माँग रहा था। वह जोर-जोर से एक डरी-सहमी बूढ़ी औरत पर चिल्ला रहा था। बुढ़िया की कमर उम्र के चलते समकोण में झुकी हुई थी। उसके पास भी एक छोटी सी लकड़ी थी जिससे टेका लिए वह खड़ी थी। उस अधेड़ ने कहा - तू इधर क्यों आयी है? जानती नहीं यह मेरा अड्डा है। मैं हर दिन यहीं भीख माँगता हूँ। भलाई इसी में है कि चुपचाप तू यहाँ से चली जा। बुढ़िया टस से मस नहीं हुई। कहने लगी - क्या यह स्टेशन तेरे बाप-दादा का है जो तू ही भीख माँगेगा। मैं यहाँ से नहीं जाऊँगी। इतना सुनना भर था कि अधेड़ ने अपनी लाठी से बुढ़िया को ढ़केल दिया। अच्छा हुआ कि वह दीवार से सटी थी और उसके हाथ में भी छोटी सी लकड़ी थी। जैसे तैसे खुद को संभाला। कहने लगी - खबरदार जो धक्का दिया तो। तू क्या समझता है कि मुझे तेरे बारे में नहीं पता। तू वहीं इंदिरम्मा कॉलोनी में रहता है न जहाँ तेरा दुमंजिला मकान है। दो-दो बेटे हैं। भीख में मिले पैसों को सूद पर चढ़ा रखा है। मैं सब जानती हूँ। अधेड़ गुस्से के मारे लाल-पीला होने लगा - तो क्या हुआ? तेरे बाप का थोड़े न खाता हूँ। यहाँ चिल्ला-चिल्ला के लोगों को क्या बताना चाहती है? यह मेट्रो स्टेशन है। मुसाफिर आते और जाते रहते हैं। उन्हें खुद के लिए फुर्सत नहीं होती। वे खाक तेरी बात सुनेंगे। मैं तेरी बातों से डरने वाला नहीं हूँ। भाग यहाँ से वरना इस बार मारूँगा तो मर जायेगी। इसी बीच वहाँ से गुजर रहे एक मुसाफिर ने बुढ़िया के हाथ में पाँच रुपए का सिक्का धर दिया। यह देख अधेड़ गुस्से के मारे बुढ़िया पर झपटा और वह सिक्का छीनने की कोशिश करने लगा - ला इधर दे, नहीं तो अच्छा नहीं होगा। मेरे अड्डे पर खड़े होकर मेरे ही पेट पर लात मारती है। तुझे शर्म नहीं आती। बुढ़िया सिक्के को मुट्ठी में मजबूती से भींचती हुई कहने लगी - शर्म तो तुझे आनी चाहिए। तू चाहे तो मेहनत कर के खुद कमा सकता है। जानबूझकर फटी-पुरानी कमीज और धोती पहने लोगों की दया के नाम पर पैसे ऐंठना चाहता है। मेरा इस दुनिया में कोई नहीं है। पेट पालने के लिए मैं भीख माँगने के सिवाय कुछ कर भी नहीं सकती। एक लाचार के साथ इस तरह बर्ताव करना कहाँ तक सही है? आगे का हाल मैं जान पाता तभी मेरा मित्र वहाँ आ गया। मैं वहाँ से चला गया। अगले दिन समाचार पत्र में पढ़ने को मिला कि जेएनटीयू मेट्रो के पास पिछली रात एक बुढ़िया ठिठुरती सर्दी के कारण इस दुनिया से चल बसी।

**■ डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**
**मो. नं. 73 8657 8657**

# खाद्य उत्पादों की बबार्दी

कभी कभी आवश्यकता से अधिक पैदावार होने से भी किसानों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है। आवश्यकता से अधिक पैदावार हो जाने से इन पदार्थों की कीमतें बाजार में बहुत कम हो जाती हैं जैसे, आलू, टमाटर, प्याज आदि फसलों के बारे में अक्सर देखा गया है। इस पृथ्वी पर रहने वाले मानवों की भलाई के लिए खाद्य पदार्थों के अपव्यय एवं नुकसान को रोका जाना आज की बड़ी आवश्यकता बन गया है। पूरे विश्व में ही आज खाद्य पदार्थों की बबार्दी बड़े स्तर पर हो रही है। इससे नागरिकों की खाद्य सुरक्षा पर भी एक गम्भीर प्रश्न चिह्न लग गया है। यूनाइटेड नेशन्स के पर्यावरण कार्यक्रम के एक अनुमान के अनुसार पूरे विश्व में 14 प्रतिशत खाद्य पदार्थों का नुकसान खाद्य पदार्थों को उत्पत्ति स्थल से खुदरा बिक्री स्थल तक पहुंचाने में हो जाता है। इसके अलावा, अन्य 17 प्रतिशत खाद्य पदार्थों का नुकसान इन्हें खुदरा बिक्री स्थल से उपभोक्ता के स्थल तक पहुंचाने में हो जाता है। खाद्य पदार्थों के इतने बड़े नुकसान का वातावरण में उत्सर्जित हो रही कुल गैसों में 8 से 10 प्रतिशत तक का योगदान रहता है। आज खाद्य पदार्थों में इस भारी मात्रा में हो रहे नुकसान का असर पूरे विश्व में रह रहे मानवों को खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने पर बहुत विपरीत रूप से पड़ रहा है एवं खाद्य पदार्थों की उपलब्धता में लगातार हो रही कमी के चलते ही विश्व के सभी देशों में मुद्रास्फीति की समस्या भी खड़ी हो गई है। खाद्य पदार्थों के अपव्यय एवं नुकसान की समस्या दिनों दिन बहुत गम्भीर होती जा रही है। यह केवल खाद्य पदार्थों के अपव्यय एवं नुकसान से जुड़ा हुआ विषय नहीं है बल्कि इन पदार्थों के उत्पादन पर खर्च किये जाने वाले समय, पानी, खाद, श्रम, एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाने हेतु लागत एवं अन्य स्त्रोतों के अपव्यय का गम्भीर विषय भी शामिल है। विभिन्न खाद्य पदार्थों के होने वाले अपव्यय एवं नुकसान में एक स्थान से दूसरे स्थान तक लाने ले जाने में खर्च होने वाले डीजल, पेट्रोल का भी न केवल अपव्यय होता है बल्कि वातावरण में एमिशन गैस को फैलाने में भी इसकी बहुत बड़ी भूमिका रहती है। खाद्य पदार्थों की आपूर्ति करने वाली आपूर्ति चैन एवं इन खाद्य पदार्थों के कुल जीवन चक्र पर भी विपरीत असर पड़ता है। कुल मिलाकर खाद्य पदार्थों के अपव्यय एवं नुकसान से सभी देशों पर ही हर प्रकार से बहुत विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। वर्ष 2014 में किये गये एक अध्ययन प्रतिवेदन के अनुसार खाद्य पदार्थों के अपव्यय एवं नुकसान से देश को भारी आर्थिक हानि भी होती है। इस प्रतिवेदन के अनुसार भारत को वर्ष 2014 में इस मद पर 92,156 करोड़ रुपए का आर्थिक नुकसान हुआ था। न केवल खाद्य सामग्री के उत्पादन तक बल्कि खाद्य सामग्री के उत्पादन के बाद भी भारी नुकसान होते हुए देखा गया है। भारत में इस नुकसान का आकलन वर्ष 1968 से किया जा रहा है एवं इस नुकसान को नियंत्रित करने के प्रयास भी निरंतर किये जा रहे हैं परंतु उचित परिणाम अभी तक दिखाई नहीं दे रहे हैं। विशेष रूप से उत्पादन के बाद के नुकसान को समाप्त करने के लिए आज सम्पूर्ण सप्लाई चैन को ही ठीक करने की जरूरत है। उचित स्तर पर अधोसंरचना के विकसित न होने के चलते भी अक्सर सब्जियों एवं फलों का अधिक नुकसान होते देखा गया है। 140 करोड़ नागरिकों की जनसंख्या वाले भारत जैसे एक विकासशील देश के लिए एक लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि के खाद्य पदार्थों का नुकसान, बहुत भारी नुक्सान है, जो देश की आर्थिक प्रगति को भी सीधे-सीधे ही प्रभावित कर रहा है। एक अनुमान के अनुसार यदि खाद्य पदार्थों के इस नुकसान को रोक दिया जाये तो देश के सकल घरेलू उत्पाद में भी उछाल लाया जा सकता है एवं इससे अंततः नागरिकों की आय में वृद्धि हो सकती है। खाद्य पदार्थों का अपव्यय एवं नुकसान विभिन्न स्तरों पर होता है। सबसे पहले तो किसान द्वारा विभिन्न प्रकार की फसलों की बुआई के समय से ही खाद्य पदार्थों का अपव्यय एवं नुकसान प्रारम्भ हो जाता है। फिर फसल के पकने के बाद फसल की कटाई करने से लेकर फसल के उत्पाद को मंडी में पहुंचाने तक भी खाद्य पदार्थों का अपव्यय एवं नुकसान होता है। मंडी से खुदरा व्यापारी तक उत्पाद को पहुंचाने पर भी नुकसान होता है। इसके बाद खुदरा व्यापारी से खाद्य पदार्थों को उपभोक्ता तक पहुंचाने में भी नुकसान होता है। हालांकि इस पूरी चैन में कोई भी व्यक्ति खाद्य पदार्थों में नुक्सान होने देना नहीं चाहता है परंतु फिर भी इसे रोक पाने में असमर्थता-सी महसूस की जा रही है।

**■ प्रह्लाद सबनानी**

## धर्म दर्शन

# श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्
### अथ प्रथमोऽध्यायः

तब प्रसन्न हुई देवेश्वरी जगदम्बाने कहा- तुम्हें विमल ज्ञान प्राप्त होगा, परंतु अभी तुम्हारा प्रारब्ध शेष है। समस्त प्राणियोंके नेत्रोंमें तुम्हारा निवास भी होगा। तुम्हारे कारण ही प्राणियोंके नेत्रोंमें पलक गिरानेकी शक्ति होगी। तुम्हारे निवासके कारण ही मनुष्य, पशु तथा पक्षी 'निमिष' (पलक गिरानेवाले) तथा देवता 'अनिमिष' (पलक न गिरानेवाले) होंगे ॥ 17-21 ॥

इस प्रकार उन राजाको वर देकर और सब मुनियोंको बुलाकर वे श्रीवरदायिनी भगवती वहीं अन्तर्धान हो गयीं ॥ 22 ॥

देवीके अन्तर्धान हो जानेपर वहाँ उपस्थित मुनिगण विधिवत विचार करके निमिके शरीरको ले आये और पुत्रप्राप्तिके लिये उसपर अरणिकाष्ट रखकर वे महात्मा मन्त्र पढ़कर मन्त्रहोमके द्वारा निमिके देहका मन्थन करने लगे ॥ 23-24 ॥

तब अरणिके मन्थनसे एक पुत्र उत्पन्न हुआ, जो समस्त लक्षणोंसे सम्पन्न और साक्षात दूसरे निमिकी भाँति था। अरणिके मन्थनसे इसका जन्म हुआ था, अतः यह 'मिथि '- ऐसा कहा गया और जनकसे जन्म होनेके कारण 'जनक' यह नामवाला हुआ। राजा निमि विदेह हुए, अतः उनके कुलमें उत्पन्न सभी राजा 'विदेह' ऐसा कहे गये ॥ 25-27 ॥

इस प्रकार निमिके पुत्र राजा जनक प्रसिद्ध हुए उन्होंने गंगा के तटपर एक सुन्दर नगरीका निर्माण कराया, जो मिथिला नामसे विख्यात है। यह गोपुरों, अट्टालिकाओं तथा धन-धान्यसे सम्पन्न और बाजारोंसे सुशोभित है ॥ 28-29 ॥

इस वंशमें जो अन्य राजा हुए, वे सभी जनक कहे गये; वे सभी विख्यात ज्ञानी और विदेह कहे जाते थे ॥ 30 ॥

हे राजन! इस प्रकार निमिकी उत्तम कथाका मैंने आपसे वर्णन किया, शापके कारण उनके विदेह होनेको भी मैंने विस्तारसे कह दिया ॥ 31 ॥

राजा बोले-हे भगवन्! आपने निमिके शापका कारण बताया, इसे सुनकर मेरा मन संशयग्रस्त और अत्यन्त चंचल हो गया है ॥ 32 ॥

वसिष्ठजी श्रेष्ठ ब्राह्मण थे, राजाके पुरोहित थे और वे कमलयोनि ब्रह्माजी के पुत्र थे, तब राजा निमिने उन मुनिको कैसे शाप दिया ? निमिने उन्हें गुरु और ब्राह्मण जानकर क्षमा क्यों नहीं किया। यह जैसा शुभ कार्य करनेपर भी उन्हें क्रोध कैसे आ गया? धर्मका रहस्य जान करके भी इक्ष्वाकुवंशमें उत्पन्न राजाने क्रोधके वशीभूत होकर अपने ब्राह्मण गुरुको शाप क्यों दिया ? ॥ 33-35 ॥

- क्रमशः

## संपादक के नाम पाठकों की पाती

# गांव-गांव शौचालय

पूरे झारखंड में गांव-गांव में शौचालय का निर्माण हो रहा है। यह एक काफी अच्छी योजना है, जिससे हमारे गांवों को स्वच्छ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। लेकिन, हमारे कई गांवों में गरमी के मौसम में पीने के लिए पानी भी उपलब्ध नहीं हो पाता है, ऐसे में शौचालय में उपयोग के लिए आम ग्रामीण पानी कहां से लायेंगे यह सोचने वाली बात है। हमें शौचालय के साथ-साथ पानी की भी व्यवस्था करनी चाहिए, जिससे कि लोग गरमी के मौसम में भी वहां पर पर्याप्त पानी का उपयोग शौच करने के बाद भी कर सकें। झारखंड के मुख्यमंत्री की यह घोषणा की ओडीएफ गांवों में होगी पेयजलापूर्ति की व्यवस्था एक सराहनीय कदम है। पानी की व्यवस्था से लोगों को भी राहत मिलेगी। साथ ही हाल में रेलवे लाईन पर शौच करते समय तीन महिलाओं की मौत से लगने लगा है कि अभी भी कई गांवों में शौचालय की व्यवस्था पूरी तरह नहीं हो पायी है। वहीं उज्जवला योजना के तहत महिलाओं को अब जलावन के लिए भटकना नहीं पड़ रहा है। पहले हमें सड़क व जंगलों में ग्रामीण महिलाओं को जलावन व गोईठा के लिए भटकते देखा जाता था। इसमें अब निःसंदेह कमी आयी है। सरकार की यह योजना सचमुच सराहनीय है। साथ ही राशन की दुकानों में एक किलो अनाज मिलने से स्थिति में सुधार भी दिखाई दे रहा है। अगर सही लाभुकों तक योजना का लाभ नहीं पहुंच रहा है तो, इसका व्यक्तिगत भ्रष्टाचार ज्यादा है। इसे रोकने के लिए सही कदम उठाने की आवश्यकता है।

**■ विवेक कुमार, मेदिनीनगर।**

# अपने ही बुने जाल में फंस गई ब्रिटेन की पीएम

ब्रिटिश प्रधानमंत्री के रूप में लिज ट्रस की पारी की खराब शुरूआत हुई है। इसे ब्रिटेन के लोग भी मानेंगे। यह शुरूआत आर्थिक व राजनीतिक ही नहीं, कूटनीतिक स्तर पर भी खराब रही है। लिज ट्रस के प्रधानमंत्री पद संभालने के दो महीने के अंदर उनके वित्त मंत्री को कुर्सी खाली करनी पड़ी। यह कुर्सी फिर उस शख्स को मिली, जिनका आर्थिक दर्शन एकदम अलग माना जाता रहा है। पिछले हफ्ते क्वासी क्वार्टेंग की जगह लेने वाले जेरेमी हंट हालांकि यह बात दोहराते रहे हैं कि लिज ट्रस के नेतृत्व में ही सारे फैसले लिए जा रहे हैं, फिर भी उन्होंने टैक्स को लेकर प्रधानमंत्री के वादे को पलट दिया है। **नई पीएम की मुसीबतें :** इसके बाद सत्ता के गलियारों में पूछा जा रहा है कि लिज ट्रस और कितने दिन अपने पद पर रहने वाली हैं। उनके सामने मुसीबतें भी कम नहीं हैं: बैंक ऑफ इंग्लैंड ने आगाह किया है कि ब्याज दरों में अपेक्षा से अधिक बढ़ोतरी करने की जरूरत पड़ सकती है क्योंकि महंगाई पिछले 40 वर्षों में सबसे ज्यादा तेजी से बढ़ रही है अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने भी लिज ट्रस की मूल आर्थिक नीतियों को गलती करार देते हुए कहा कि सरकार के मिनी बजट के बाद जो खलबली मची, वह मचनी ही थी। यहां तक कि ब्रिटिश सुपर मार्केट चेन टेस्को के प्रमुख ने भी कहा कि कंजर्वेटिव्स के पास विकास की कोई योजना ही नहीं है। प्रधानमंत्री बनने की रेस में ऋषि सुनक को हराकर ट्रस ने जो रुतबा हासिल किया था, वह इन वजहों से देखते-देखते गायब हो गया। सुनक ने तब आर्थिक मामलों में ट्रस के उतावलेपन को लेकर आगाह किया था, लेकिन टैक्स कटौती पर उनकी वैचारिक प्रतिबद्धता से प्रभावित कंजर्वेटिव पार्टी के आम कार्यकर्ता उनके समर्थन में आ गये-सत्तासीन होने के बाद ट्रस ने इन विचारों को अमल में लाने की कोशिश शुरू की और नतीजा सबके सामने है। नये वित्त मंत्री जेरेमी हंट ने माना कि पिछले फाइनैंस मिनिस्टर का 'मिनी बजट' 'बहुत तेजी से, बहुत आगे तक' चला गया। ट्रस को बचाने के लिए क्वार्टेंग को बलि का बकरा बनना ही था, लेकिन उनके जाने के बाद भी कंजर्वेटिव पार्टी में जिस तरह की निराशा दिख रही है, उससे साफ है कि ब्रिटेन इस वक्त शासन के मोर्चे पर किस तरह की गंभीर मुश्किलों का सामना कर रहा है। **साख पर सवाल :** ब्रिटेन हमेशा से गंभीर नीतियों वाला देश रहा है। सबसे बुरे दौर में भी ब्रिटिश नीति-निर्माताओं ने धैर्य और दृढ़ता के साथ संकट का सामना किया और नतीजे हासिल किये। इसी की बदौलत यह वैश्विक राजनीतिक में अपने कद से ज्यादा हैसियत हासिल कर पाया। लेकिन आज यह सवाल पूछा जा रहा है कि नीतियां सावधानी से हर पहलू पर सोच-विचार कर बनाने के बजाय पूरी तरह से विचारधारा के आधार पर बनाई जा रही हैं। पिछले कुछ वर्षों से ब्रिटेन एक के बाद मुसीबत में फंसता गया। ब्रेग्जिट उसके लिए जबर्दस्त झटका था और यूरोपियन यूनियन से बाहर आने की वजह से हुए नुकसान से ब्रिटेन अभी तक उबर नहीं पाया है। इसे लेकर राजनीतिक दलीलें जो भी हों, आर्थिक तर्क बेहद कमजोर दिखते हैं। लगता यही है कि ब्रिटिश नीति-निर्माता अभी तक इस बड़े बदलाव को पचा नहीं पाये हैं। प्रचंड बहुमत के साथ कार्यकाल शुरू करने वाले बोरिस जॉनसन को तमाम आरोपों के बीच प्रधानमंत्री पद छोड़ना पड़ा और पार्टी उनका कोई उपयुक्त उत्तराधिकारी नहीं खोज पाई। इस बीच कीर स्टार्मर के नेतृत्व में लेबर पार्टी आक्रामक तेवर दिखाते हुए शासन करने वाली पार्टी के रूप में उभरी है। इसने टोरियों की अक्षमता से उपजी अव्यवस्था का फायदा उठाया और ऐसा लगता है कि दिसंबर 2024 में होने वाले चुनावों में लेबर पार्टी जीत सकती है। हाल में खराब गवर्नेंस के चलते ब्रिटेन की वैश्विक छवि को काफी नुकसान हुआ है। पोस्ट ब्रेग्जिट फॉरेन पॉलिसी की तमाम चर्चाओं के बावजूद तथ्य यह है कि ब्रिटेन अपने में ही मगन है। जब तक वह घरेलू आर्थिक समस्याओं पर काबू नहीं पाता और लिज ट्रस की सरकार टिकाऊ नहीं होती हिंद-प्रशांत की ओर ब्रिटेन के 'झुकाव' को भी शायद ही कोई गंभीरता से लेगा। भारत जैसे देश के लिए, जिसने हिंद-प्रशांत को लेकर ब्रिटेन के प्रो-एक्टिव रुख का स्वागत किया था, उसके साथ भी ट्रस सरकार संबंधों की बेहतरी के मामले में सुस्त पड़ी है।

**■ हर्ष वी पंत**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.)प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-240042/ 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

## न्यूज गैलरी

### बिग बैश लीग में नहीं खेलेंगी हरमनप्रीत कौर

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने पीठ की चोट के चलते बिग बैश लीग से अपना नाम वापस ले लिया है। ऑस्ट्रेलिया की इस टी-20 लीग में वह मेलबर्न रेनेगेड के लिए खेलनेवाली थीं। मेलबर्न रेनेगेड के मैनेजर ने हरमनप्रीत कौर के बाहर होने पर कहा कि उन्होंने पिछले सीजन में हमारे लिये कमाल का प्रदर्शन किया था, लेकिन यह दुर्भाग्य की बात है कि चोट के चलते वह पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी हैं। हरमनप्रीत शुरुआत में सिर्फ दो मैच के लिए उपलब्ध नहीं थीं, क्योंकि भारतीय महिला टीम एशिया कप में खेल रही थी। भारत ने यह टूर्नामेंट रिकॉर्ड सातवीं बार जीत लिया है, लेकिन अब हरमनप्रीत बिग बैश लीग नहीं खेल पा रही हैं।

### टी-20 वर्ल्ड कप के दो अभ्यास मैच रद्द

**ब्रिस्बेन (एजेंसी)।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच बुधवार को खेला जाने वाला टी-20 विश्व कप 2022 का वॉर्म-अप मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। ब्रिस्बेन के गाबा में बारिश पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच खेले जा रहे दिन के पहले वॉर्म-अप मैच के दौरान ही शुरू हो गई थी। अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 154 रन बनाये, जिसके बाद 2.2 ओवर में पाकिस्तान का स्कोर 19 रन पर पहुंचते ही काले-घने बादलों ने गाबा को घेर लिया। दो घंटे की लगातार बारिश के बाद दोनों मैच रद्द कर दिये गये। मेलबर्न में 23 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ अभियान की शुरूआत करने से पहले यह भारत का आखिरी वॉर्म-अप मैच था। इससे पूर्व भारत ने अपने पहले वॉर्म-अप मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 6 रन से मात दी थी। न्यूजीलैंड भी केवल एक अभ्यास मैच के साथ ही शीर्ष टूर्नामेंट का रूख करेगी, जहां उसे गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना पहला मैच खेलना है। न्यूजीलैंड को उसके इकलौते अभ्यास मैच में दक्षिण अफ्रीका ने नौ विकेट से हराया था। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच 22 अक्टूबर को होने वाले मुकाबले से टी-20 विश्व कप के सुपर-12 चरण की शुरूआत होगी। इसके बाद रोहित शर्मा की टीम सुपर-12 में अपना पहला मैच पाकिस्तान के खिलाफ 23 अक्टूबर को खेलेगी।

### पूरी तरह से फिट हैं हार्दिक पांड्या

**मेलबर्न (एजेंसी)।** भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक ने कहा है कि जीवन में सभी चीजों के प्रति सकारात्मक रवैया अपनाने और चोटों से उबरने के दौरान परिवार के सदस्यों से समर्थन से उन्हें टी-20 विश्व कप से पहले अपनी सर्वश्रेष्ठ लय हासिल करने में मदद मिली। ऑस्ट्रेलिया में टी-20 विश्व कप में अगर भारत को अच्छा प्रदर्शन करना है तो इसमें संभवत: हार्दिक की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। भारत अपने अभियान की शुरुआत रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ करेगा। ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना होने से पहले 29 साल के हार्दिक ने अपने परिवार द्वारा निभायी गयी महत्वपूर्ण भूमिका पर बात की थी। उन्होंने कहा कि मेरे चोट से उभरने में पत्नी नताशा, बेटे अगस्त्य और भाई कृणाल ने अहम भूमिका निभाई। हार्दिक ने पिछले 18 महीने में अपनी फिटनेस पर काफी काम किया है। इससे पहले वह चोटिल होने के कारण लंबे समय तक गेंदबाजी नहीं कर पाए थे। वह अब भारत के लिए नियमित रूप से गेंदबाजी कर रहे हैं जिससे टीम का संतुलन बेहतर हुआ है। हार्दिक ने राइज वर्ल्डवाइड से कहा कि ह्यजीवन में सभी चीजों को सकारात्मक रूप से लेने और बेसिक्स पर चलने से काफी मदद मिली।

## खेल मंत्री ने पाकिस्तान की धमकी का दिया जवाब, कहा - भारत को किसी की सुनने की जरूरत नहीं

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने अगले साल भारत में आईसीसी वनडे वर्ल्ड से बाहर होने की पाकिस्तान की धमकी का जवाब देते हुए कहा है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड इसका जवाब देगा और वनडे वर्ल्ड कप 2023 भारत में ही होगा। पाकिस्तान से एशिया कप को स्थानांतरित करने पर बीसीसीआई सचिव जय शाह द्वारा की गयी टिप्पणियों के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने वनडे वर्ल्ड कप से हटने की धमकी दी थी। बीसीसीआई की बैठक के बाद सचिव जय शाह ने तटस्थ स्थान पर एशिया कप के आयोजन पर टिप्पणी की थी। केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि बीसीसीआई पीसीबी के ब्लैकमेल पत्र का जवाब देगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वनडे वर्ल्ड कप निश्चित रूप से भारत में होगा। उन्होंने कहा कि यह बीसीसीआई का विषय है और बोर्ड



इसका जवाब देगा। अगले साल भी वर्ल्ड कप होगा और दुनियाभर की टीमें भी खेलेंगी। उन्होंने कहा कि भारत ऐसी स्थिति में है, जहां उसे किसी की सुनने की जरूरत नहीं है। उन्होंने आगे कहा, आज भारत को किसी भी क्षेत्र में नकारा नहीं जा सकता और क्रिकेट जगत में इसका बहुत बड़ा योगदान है। विश्व कप भारत में होगा, जो भव्य और ऐतिहासिक होगा।

### भारत ने पाकिस्तान में एशिया कप 2023 को ना कहा

**अनुराग** ठाकुर ने कहा कि गृह मंत्रालय फैसला करेगा, क्योंकि पाकिस्तान में सुरक्षा संबंधी चिंताएं हैं। यह सिर्फ क्रिकेट नहीं है। इंग्लैंड-ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान की यात्रा की, लेकिन क्या उनकी तुलना भारत से की जा सकती है। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के कार्यकारी बोर्ड के निर्णय के अनुसार पाकिस्तान अगले साल एशिया कप के अगले संस्करण की मेजबानी करनेवाला है। संयोग से जय शाह एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष हैं। जय शाह ने पाकिस्तान में एशिया कप के आयोजन पर कहा था, एशिया कप 2023 का आयोजन तटस्थ स्थान पर होगा। भारत सरकार है, जो हमारी टीम के पाकिस्तान जाने की अनुमति का फैसला करती है, इसलिए हम उस पर कोई टिप्पणी नहीं करेंगे, लेकिन 2023 एशिया कप के लिए यह तय किया गया है कि टूर्नामेंट एक तटस्थ स्थान पर आयोजित किया जायेगा।

#### पाकिस्तान ने दी वनडे वर्ल्ड कप से हटने की धमकी

**पीसीबी** ने बुधवार को जय शाह के बयान का जवाब देते हुए कहा था कि इस तरह के बयान एशियाई और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट समुदायों को विभाजित कर सकते हैं और 2023 विश्व कप के लिए पाकिस्तान की भारत यात्रा को भी प्रभावित कर सकते हैं। पीसीबी ने बयान में कहा कि इस तरह के बयान में क्षमता है कि ये एशियाई और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट समुदायों को विभाजित कर सकते हैं और क्रिकेट विश्व कप-2023 तथा 2024-31 चक्र में भारत में भविष्य की आईसीसी प्रतियोगिताओं के लिए पाकिस्तान की भारत यात्रा को भी प्रभावित कर सकते हैं।

#### टी-20 वर्ल्ड कप 2022 में सबसे बड़ा उलटफेर

## आयरलैंड ने वेस्टइंडीज को हराया, दो बार की चैम्पियन वर्ल्ड कप से बाहर



**मेलबर्न (एजेंसी)।** टी-20 क्रिकेट में वेस्टइंडीज एक ऐसी टीम रही है जिसने दो बार टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम किया। लेकिन इस बार उसका यह सपना अधूरा रह गया। शुक्रवार को हुए धमाकेदार मुकाबले में आयरलैंड की टीम ने वेस्टइंडीज को 9 विकेट से करारी शिकस्त दी। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 146 रन बनाए। वहीं, आयरलैंड की टीम 17.3 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 150 रन बनाकर सुपर ट्वेल्थ के लिए क्वालीफाई कर चुकी है।

**वेस्टइंडीज की बैटिंग रही सुस्त :** मैच की बात की जाये तो वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी की। लेकिन सलामी बल्लेबाज काइल मेयर्स महज एक रन बनाकर चलता हो गए। इसके अलावा जॉनसन चार्ल्स भी 24 रन बना पाए। एविन लुइस ने 13 रनों की पारी खेली। इसके बाद वेस्टइंडीज की पारी को संभाला ब्रैंडन किंग ने जिन्होंने नाबाद 62 रन बनाए और 147 रनों का लक्ष्य दूसरी टीम को देने में मदद की। दूसरी ओर आयरलैंड की बात की जाए तो आयरलैंड ने शुरूआत से ही मैच में कब्जा जमाए रखा और सलामी बल्लेबाज पॉल स्टर्लिंग ने नाबाद रहते हुए 48 बॉल पर 66 रन की पारी खेली।

### लोर्कन टकर ने नाबाद 45 रनों की खेली पारी

**वहीं,** कप्तान एंड्रयू बालबर्नी ने 37 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। इसके बाद पॉल स्टर्लिंग का साथ दिया लोर्कन टकर ने जिन्होंने नाबाद 45 रनों की पारी खेली और टीम को शानदार जीत दिलाई। गेंदबाजों की बात करें तो आयरलैंड की ओर से गैरेथ डेलानी ने तीन विकेट चटकाए तो वहीं वेस्टइंडीज के केवल अकील होसिन ही एक विकेट ही चटका पाए। शुक्रवार को हुए मैच से पहले वेस्टइंडीज और आयरलैंड ने अबतक एक-दूसरे के साथ सात टी-20 मैच खेले हैं। इनमें से वेस्टइंडीज ने तीन जीते हैं जबकि आयरलैंड ने दो जीते हैं। दो मैच ऐसे थे जिनका कोई नतीजा नहीं निकला। दोनों टीमों ने अब तक आईसीसी टी-20 विश्व कप टूर्नामेंट में छह टी-20 मैच खेले हैं, जिसमें वेस्टइंडीज ने दो, जबकि आयरलैंड ने तीन मैच जीते हैं। एक मैच में कोई नतीजा नहीं निकला। बता दें कि वेस्टइंडीज ने 2012 और 2016 में टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब जीता था।

## पंजाब किंग्स से सहायक कोच के तौर पर जुड़े हैडिन



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व आस्ट्रेलियाई विकेटकीपर बल्लेबाज ब्रैड हैडिन 2023 इंडियन प्रीमियर लीग से पहले पंजाब किंग्स से सहायक कोच के तौर पर जुड़ गये हैं। पंजाब की फ्रेंचाइजी ने महान भारतीय अनिल कुंबले की जगह विश्व कप विजेता कोच ट्रेवर बेलिस को नया मुख्य कोच नियुक्त करने के बाद 44 वर्षीय हैडिन को टीम से जोड़ा। हैडिन और बेलिस दोनों सनराइजर्स हैदराबाद में भी साथ ही थे। हैडिन आस्ट्रेलिया के लिए 66 टेस्ट, 126 वनडे और 34 टी-20 मैच खेल चुके हैं। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सूत्र ने गुरुवार को पीटीआई से कहा कि हैडिन को सहायक कोच नियुक्त किया गया है। जल्द ही बाकी सहयोगी स्टाफ की भी नियुक्ति की जायेगी।

कुंबले के अलावा टीम ने सहायक कोच जोंटी रोड्स और गेंदबाजी कोच डेमियन राइट का अनुबंध भी नहीं बढ़ाया था। रोड्स 2020 चरण से पहले पंजाब की टीम से जुड़े थे जबकि राइट इसके एक साल बाद आये थे। टीम पिछले तीन सत्र में प्लेऑफ में भी जगह नहीं बना सकी है, तो प्रबंधन ने कुंबले का अनुबंध नहीं बढ़ाने के अलावा सहयोगी स्टाफ के सदस्यों से भी अलग होने का फैसला किया। पंजाब की टीम बेलिस के मार्गदर्शन में पहला आईपीएल खिताब जीतने की उम्मीद लगाये हैं जिन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स को अपनी कोचिंग में 2012 और 2014 में दो खिताब दिलाये थे।

## यूएई ने रोमांचक मुकाबले में नामीबिया को हराया, दोनों टी-20 वर्ल्ड कप से हुए बाहर

**मेलबर्न (एजेंसी)।** यूएई ने नामीबिया को सात रन से हराकर टी-20 विश्व कप में अपनी पहली जीत दर्ज की। यूएई के नामीबिया के खिलाफ जीत के साथ ही नीदरलैंड ने सुपर-12 में जगह बना ली है। ग्रुप ए से श्रीलंका और नीदरलैंड ने टी-20 वर्ल्ड कप के अगले राउंड के लिए क्वालीफाई कर लिया है। यूएई ने जहां टी-20 विश्व कप इतिहास में अपनी पहली जीत दर्ज की है, वहीं नीदरलैंड ने इस जीत के दम पर टी-20 विश्व कप के सुपर-12 राउंड में प्रवेश कर लिया है। ग्रुप-ए की शीर्ष टीम श्रीलंका पहले ही अगले दौर में पहुंच चुकी है जबकि इस साल टूर्नामेंट में यूएई और नामीबिया का सफर समाप्त हो गया है। टी-20 वर्ल्ड कप के सुपर-12 में श्रीलंका की टीम ग्रुप एक में इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान के खिलाफ खेलेगी, जबकि ग्रुप दो में नीदरलैंड भारत, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश की टीमें होंगी। यूएई ने डेविड वीजे (55) के जुझारू अर्द्धशतक के बावजूद नामीबिया को आईसीसी टी-20 विश्व कप के पहले दौर के रोमांचक मुकाबले में गुरुवार को



सात रन से मात दी। यूएई ने ग्रुप-ए के मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मुहम्मद वसीम (50) के अर्द्धशतक और सीपी रिजवान के नाबाद 43 रनों की बदौलत 20 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 148 रन बनाये। नामीबिया इसके जवाब में 20 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 141 रन ही बना सकी। नामीबिया ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 69 रन पर सात विकेट गंवा दिये थे और उन्हें सात ओवरों में 80 रन की आवश्यकता थी। वीजे ने 36 गेंदों पर तीन चौकों और तीन छक्कों के साथ 55 रन बनाते हुए रूबेन ट्रंपलमैन (25) के साथ आठवें विकेट के लिए 70 रन की साझेदारी की, लेकिन टीम को लक्ष्य तक नहीं पहुंचा सके। नामीबिया को आखिरी ओवर में 14 रन की दरकार थी, लेकिन ओवर की चौथी गेंद पर वीजे आउट हो गये और उनकी टीम लक्ष्य से सात रन पीछे रह गयी।

## यूएई की जीत से भारत को बड़ा फायदा

### भारत-पाकिस्तान में आर या पार, मैच से पहले इंडियन मीडिया में छिड़ी बहस

**होबाट (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया में जारी टी-20 वर्ल्ड कप में राउंड-1 के मुकाबले लगभग खत्म हो चुके हैं। सुपर-12 के समीकरण सामने हैं। श्रीलंका, नीदरलैंड्स, नामीबिया, यूएई, वेस्टइंडीज, जिम्बाब्वे, आयरलैंड और स्कॉटलैंड के बीच घमासान से सिर्फ 4 टीमें ही आगे जाएंगी। श्रीलंका, नीदरलैंड्स, नामीबिया और यूएई ग्रुप ए में हैं। ग्रुप बी में वेस्टइंडीज, जिम्बाब्वे, आयरलैंड और स्कॉटलैंड है। दोनों ग्रुप से 2-2 टीमें सुपर-12 में एक्शन में दिखेगी। इस ग्रुप के सभी मैच खत्म हो चुके हैं। जैसी कि उम्मीद थी, पूर्व चैंपियन श्रीलंका तीन मैचों में दो जीत के साथ अंक तालिका में टॉप पर है। श्रीलंका अब सुपर 12 के ग्रुप 1 में ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान के साथ शामिल होगा। नीदरलैंड्स तीन मैचों में दो जीत के साथ दूसरे स्थान पर रहा। सुपर 12 के ग्रुप 2 में डच टीम भारत, बांग्लादेश, पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के साथ शामिल होगी। यूएई ने नामीबिया को हराकर नीदरलैंड्स का रास्ता क्लियर किया। इसी के साथ भारत का सेमीफाइनल का रास्ता भी आसान हो चुका है। अब टीम इंडिया और डच टीम का सामना 27 अक्टूबर को होगा।

**ग्रुप बी का समीकरण भी देखिए :** दो बार की पूर्व चैंपियन वेस्टइंडीज की भिड़ंत आयरलैंड से और



स्कॉटलैंड का सामना शुक्रवार को जिम्बाब्वे से होना है, जिसमें ग्रुप बी की टॉप की दो टीमों को सुपर 12 के लिए क्वालीफाई करने का मौका मिलेगा। वेस्टइंडीज, आयरलैंड, स्कॉटलैंड और जिम्बाब्वे के बीच जो भी दो टीमें अपने मैच जीतती हैं, वे आगे बढ़ जाएंगी, लेकिन होबार्ट में शुक्रवार को बारिश की भविष्यवाणी के साथ, मैचों पर भारी प्रभाव पड़ने की संभावना है, जिसके बाद समीकरण नेट रन-रेट में बदल जाएगा। अगर दोनों मैच रद्द हो जाते हैं तो स्कॉलैंड बी1 तो जिम्बाब्वे बतौर बी2 टीम क्वालीफाई होगी।

## टी-20 रैंकिंग : सूर्यकुमार दूसरे स्थान पर बरकरार केएल राहुल और कोहली भी टॉप 15 में शामिल

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी टी-20 विश्व कप में सुपर 12 के मुकाबले शुरू होने से पहले खिलाड़ियों की रैंकिंग जारी कर दी गई है। बल्लेबाजों में भारत के सूर्यकुमार यादव दूसरे स्थान पर बरकरार हैं। वहीं, पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान शीर्ष पर काबिज हैं। भारत के केएल राहुल और विराट कोहली भी टॉप 15 में काबिज हैं। पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान के पास 861 रेटिंग अंक हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के खिलाफ ट्राई सीरीज में अच्छी बल्लेबाजी कर अपनी स्थिति और मजबूत की है। सूर्यकुमार यादव 838 रेटिंग अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। केएल राहुल 13वें, विराट कोहली 15वें और कप्तान रोहित शर्मा 16वें स्थान पर हैं। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम दक्षिण अफ्रीका के एडेन मार्कराम और न्यूजीलैंड के डेवोन कॉनवे से पहले तीसरे



स्थान पर हैं। बल्लेबाजों की रैंकिंग में एकमात्र बदलाव दसवें स्थान पर हुआ है। न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स ने 13 पायदान की छलांग लगाई है और 10वें स्थान पर आ गए हैं।

**ऑलराउंडर रैंकिंग में शाकिब टॉप पर :** हार्दिक पांड्या भी ऑलराउंडर रैंकिंग में 173 रेटिंग अंकों के साथ छठे स्थान पर बरकरार हैं। बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन टॉप पर बने हुए हैं। शाकिब ने बांग्लादेश के लिए पिछले दो मैचों में दो अर्धशतक लगाए हैं और अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी को खिलाफ अपनी स्थिति और मजबूत की है।

**गेंदबाजों में मुजीब और महाराज को फायदा :** गेंदबाजों में अफगानिस्तान के मुजीब उर रहमान दो स्थान के फायदे के साथ पांचवें और दक्षिण अफ्रीका के केशव महाराज एक स्थान ऊपर आठवें स्थान पर आ गए हैं। इसके अलावा गेंदबाजों की रैंकिंग में कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ है। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड 705 रेटिंग अंक के साथ शीर्ष पर काबिज हैं। अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान 696 रेटिंग अंक के साथ दूसरे और श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा 692 रेटिंग अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं। दक्षिण अफ्रीका के तबरेज शम्सी के पास 688 रेटिंग अंक हैं और वह चौथे स्थान पर हैं।




## न्यूज गैलरी

### पेट्रोल-डीजल के दामों में कोई परिवर्तन नहीं




नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में बढ़ोतरी के बावजूद देश में पेट्रोल और डीजल के दामों में शुक्रवार को भी कोई बदलाव नहीं हुआ। अंतरराष्ट्रीय बाजार में लंदन ब्रेंट क्रूड आज 0.40 प्रतिशत बढ़कर 92.75 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिकी क्रूड 0.43 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 84.87 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।
घरेलू स्तर पर तेल विपणन कंपनी भारत पेट्रोलियम के अनुसार, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आज भी कोई बदलाव नहीं हुआ। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है। देश में चार महीने से अधिक समय से ईंधन की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। मुंबई में पेट्रोल के दाम 106.31 रुपये प्रति लीटर और और डीजल की कीमत 94.27 रुपये प्रति लीटर है। पेट्रोल और डीजल की कीमतें मूल्य वर्धित कर (वैट) और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर सभी राज्यों में अलग-अलग हैं। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है।

### सुजलॉन के 1200 करोड़ रुपये के शेयर निर्गम में 1.8 गुना आवेदन

मुंबई। पवन ऊर्जा प्रौद्योगिकी कंपनी सुजलॉन एनर्जी लिमिटेड ने बताया कि उसके 240 करोड़ शेयरों के राइट्स शेयर निर्गम को पात्र शेयर धारकों की ओर से निर्गम के 1. 8 गुना शेयरों के लिए बोलिया प्राप्त हुई हैं। आंशिक रूप से चुकता इक्विटी शेयर का यह निर्गम 11 अक्टूबर को शुरू हुआ था और आज इसकी अंतिम तिथि है। कंपनी ने तीन रुपये प्रति शेयर के प्रीमियम पर पांच रुपये की दर से 240 करोड़ शेयर जारी करने की घोषणा की थी। इसके जरिए कंपनी को 1200 करोड़ रुपये प्राप्त होंगे। इस निर्गम में वर्तमान शेयरधारकों को प्रति 21 पूर्ण रूप से चुकाता शेयर पर पांच राइट्स शेयर खरीदने का अधिकार था। कंपनी के एक बयान में कहा गया है कि उसके राइट्स निर्गम में 435.46 करोड़ शेयरों के लिए अभिदान मिला। यह निर्गम के 1.8 गुना के बराबर है। कंपनी ने कहा है कि राइट्स शेयरों के आवंटन की प्रक्रिया नवंबर के पहले सप्ताह में पूरी कर ली जाएगी। कंपनी इससे प्राप्त पूंजी का उपयोग कुछ पुराने कर्जों को उतारने और अन्य कार्यों पर खर्च करेगी।

### धनतेरस से पहले सेंसेक्स 104 अंक चढ़ा, इस हफ्ते निवेशकों ने कमाये 5 लाख करोड़

नई दिल्ली। दिवाली से पहले हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन बाजार फ्लैट बंद हुआ। बैंकिंग शेयरों में शानदार तेजी देखने को मिली। कंज्यूमर गुड्स और मेटल शेयरों पर दबाव देखने को मिला। मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में बिकवाली रही। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 104.25 अंकों यानी 0.18 फीसदी की तेजी के साथ 59,307.15 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 12.35 अंकों यानी 0.07 फीसदी मजबूती के साथ 17,576.30 के स्तर पर बंद हुआ। 17 अक्तूबर को बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का मार्केट कैप 2,71,74,757.21 करोड़ रुपए था जो आज तक 4.79 लाख करोड़ रुपए बढ़कर 2,76,54,467 करोड़ रुपए पहुंच गया है। अंतिम आंकड़े अपडेट होना बाकी है। पिछले सत्र में यानी गुरुवार को कारोबार के अंत में कारोबार के अंत में सेंसेक्स 95.71 अंक यानी 0.16 फीसदी की तेजी के साथ 52,202.90 के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी 51.70 अंक यानी 0.30 फीसदी मजबूती के साथ 17,563.95 के स्तर पर बंद हुआ था।

### शीतकालीन सत्र में घरेलू मार्गों पर हर सप्ताह 21,941 उड़ानें संचालित करेंगी विमानन कंपनियां

नयी दिल्ली। अनुसूचित विमानन कंपनियां 30 अक्टूबर से शुरू होने वाले शीतकालीन सत्र में घरेलू मार्गों पर हर सप्ताह 21,941 उड़ानें संचालित करेंगी। साप्ताहिक उड़ानों की यह संख्या पिछले शीतकालीन सत्र में संचालित प्रति सप्ताह 22,287 उड़ानों की तुलना में 1.55 प्रतिशत कम हैं। शीतकालीन कार्यक्रम 30 अक्टूबर 2022 से 25 मार्च 2023 तक प्रभावी रहेगा। नियामक नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने शुक्रवार को एक विज्ञप्ति में कहा, "आगामी शीतकालीन सत्र 2022 में 105 हवाई अड्डों से प्रति सप्ताह 21,941 प्रस्थान को मंजूरी दी गई है। इन 105 हवाई अड्डों में देवघर, शिमला और राउरकेला शामिल हैं।

# कोयला आयात की दो साल में जरूरत नहीं रह जाएगी : जोशी



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय कोयला, खान और संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा है कि देश में कोयला उत्पादत तेजी से बढ़ाने के प्रयास तेज किए गए हैं और दो वर्ष में कोयला आयात की जरूरत नहीं रहेगी। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2022-23 में भारत का कुल कोयला उत्पादन 90 करोड़ टन तक पहुंच जाएगा। उन्होंने गुरुवार को कहा कि कोयला उत्पादन बढ़ाने के लिए कोल इंडिया लिमिटेड और उसकी सहायक कंपनियों द्वारा सभी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि खनिज अन्वेषण मानदंडों में ढील दी गई है और अब तक नौ निजी अन्वेषण एजेंसियों को मान्यता मिली है। इससे आगे कोयला उत्खनन में और तेजी आने की संभावना है। श्री जोशी यहां भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के कार्यालय में ह्यखनिज और ऊर्जा संसाधनों पर संपत्ति खातों का संग्रह शीर्षक पहली रिपोर्ट जारी करने के लिए आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि वाणिज्यिक कोयला खदान नीलामी प्रक्रिया को पूरी तरह से पारदर्शी और संस्थागत बना दिया गया है। उन्होंने कहा कि कोयला आयात में काफी कमी आई है और 2024 तक आयात बंद कर दिया जाएगा। श्री मोदी ने खनिज संपत्तियों पर संपत्ति खाते का पहला संग्रह निकालने के लिए सीएजी कार्यालय की सराहना करते हुए कहा कि रिपोर्ट विभिन्न राज्यों में फैले खनिज संसाधनों की व्यापक तस्वीर प्रस्तुत करती है। यह रिपोर्ट राज्यों के खनिज सम्पत्ति खातों की जानकारी को मिला कर, सरकार खता मानक सलाहकार परिषद (जीएएसएबी) द्वारा तैयार की गयी है। इसमें संग्रह में 28 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर में सभी चार जीवाश्म ईंधन, 40 प्रमुख खनिजों और 63 छोटे खनिजों का विवरण शामिल है। समारोह में भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) गिरीश चंद्र मुर्मू और चयनित राज्यों के खान सचिव, उनके भूविज्ञान और खनन आयुक्त और महालेखाकार तथा सलाहकार समिति के सदस्य भी उपस्थित थे।

## जिंदल स्टेनलेस, यंत्र इंडिया में रक्षा उत्पादों के निर्माण के लिए समझौता

**नयी दिल्ली।** स्टेनलेस स्टील कंपनी जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड (जेएसएल) ने रक्षा उत्पादों के विकास और निर्माण के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की यंत्र इंडिया लिमिटेड के साथ समझौते किया है। जेएसएल ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि रक्षा इकाई जिंदल डिफेंस एंड एयरोस्पेस (जिंदल डिफेंस एंड एयरोस्पेस) ने यंत्र इंडिया लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी ने कहा कि यह कदम भारतीय सशस्त्र बलों की सेवा के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी के लिए सरकार के जोर के अनुरूप है। जिंदल डिफेंस एंड एयरोस्पेस के प्रमुख सीपी अग्रवाल ने कहा, हम देश के सशस्त्र और अर्धसैनिक बलों के लिए एकीकृत अगली पीढ़ी के सुरक्षा और रक्षा समाधान उत्पाद बनाने के क्षेत्र में प्रवेश कर रहे हैं।

## अनिल अंबानी की कंपनी का होगा बंटवारा, 4 हिस्सों में बंटेगी कंपनी, एडमिनिस्ट्रेटर का प्रपोजल



**नई दिल्ली।** कर्ज में डूबी अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस कैपिटल को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। खबर है कि रिलायंस कैपिटल को चार हिस्सों में बांटा जा सकता है। कंपनी के एडमिनिस्ट्रेटर ने यह प्रस्ताव रखा है। दरअसल, रिलायंस कैपिटल के प्रशासक ने कंपनी को चार मुख्य निवेश कंपनियों (सीआईसी) में विभाजित करने का प्रस्ताव दिया है। इससे कंपनी का स्ट्रक्चर पूरी तरह बदल जाएगा। बता दें कि रिलायंस कैपिटल दिवालिया प्रक्रिया से गुजर रही है। इसके लिए इसके शेयरों की ट्रेडिंग पिछले एक महीने से बंद है। कर्ज में डूबी कंपनी के लिए बोली प्रक्रिया पहले से ही अंतिम फेज में है। रिलायंस कैपिटल के जनरल इंश्योरेंस और लाइफ इंश्योरेंस वेंचर्स को खरीदने की लिस्ट में चार कंपनियां पिरामल, ज्यूरिख, एडवेंट प्राइवेट इक्विटी और आदित्य बिड़ला कैपिटल शामिल हैं। आरबीआई के मौजूदा नियमों के तहत एक कंपनी में एक से अधिक उक्छ की अनुमति नहीं है। इसलिए, रिलायंस कैपिटल सीआईसी में से 4 सीआईसी के पुनर्निर्माण के लिए आरबीआई की हरी झंडी की आवश्यकता होगी। प्रस्तावित चार सीआईसी हैं: रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी (आरजीआईसी), रिलायंस निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी (आरएनएलआईसी), आरसीएपी के अन्य सभी कारोबार, जिनमें रिलायंस सिक्योरिटीज, एआरसी, प्राइवेट इक्विटी, इन्वेस्टमेंट रियल एस्टेट, रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस और रिलायंस होम फाइनेंस आदि शामिल हैं।

# टेनेलिग्लिप्टिन+डापाग्लिफ्लोज़िन फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन लॉन्च करने वाली भारत की पहली कंपनी बनी ग्लेनमार्क

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** एक इनोवेशन आधारित फार्मास्यूटिकल कंपनी, ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड (ग्लेनमार्क), टाइप 2 डायबिटीज वाले वयस्क रोगियों, खासकर कोमोरबिडिटी वाले रोगियों के लिए टेनेलिग्लिप्टिन (20एमजी) + डैपाग्लिफ्लोज़िन (5एमजी/10एमजी), फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन (एफडीसी) लॉन्च करने वाली पहली कंपनी बन गई है। 'ज़िटा डी' ब्रांड नाम के तहत मार्केटिंग के लिए उपलब्ध इस डोज में, टेनेलिग्लिप्टिन (20एमजी) + डैपाग्लिफ्लोज़िन (5 एमजी/10 एमजी) शामिल है, जिसे ग्लाइसेमिक कंट्रोल में सुधार करने व टाइप 2 डायबिटीज वाले वयस्क रोगियों में जटिलताओं को रोकने के लिए, विशेष रूप से कोमोरबिडिटी वाले लोगों में जटिलताओं को रोकने के लिए, रोजाना एक बार लिया जाना चाहिए। इस लॉन्च पर ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स के ईवीपी और बिजनेस हेड, इंडिया फॉर्म्युलेशन, आलोक मलिक ने कहा,




भारत में डायबिटीज खतरनाक दर से बढ़ रहा है, और डायबिटीज के हर दस में से आठ रोगी कोमोरबिडिटी से पीड़ित हैं। ग्लेनमार्क भारत में डायबिटीज सेगमेंट में अग्रणी होने के नाते, अच्छी तरह से रिसर्च्ड और आर्थिक पहुंच के अंदर, एक फिक्सड डोज कॉम्बिनेशन लाने के लिए गर्व महसूस करता है, जो अनियंत्रित टाइप 2 डायबिटीज से पीड़ित वयस्क रोगियों, खासकर कोमोरबिडिटी वाले लोगों में ग्लाइसेमिक कंट्रोल में काफी सुधार करेगा। टेनेलिग्लिप्टिन एक व्यापक रूप से इस्तेमाल किया जाने वाला डीपीपी 4 (डिपेप्टिड्यल पेप्टिडेस 4) अवरोधक है, जबकि डैपाग्लिफ्लोज़िन, देश में डायबिटीज रोगियों के लिए सबसे अधिक निर्धारित एसजीएलटी-2 (सोडियम ग्लूकोज

> ग्लेनमार्क भारत में डायबिटीज सेगमेंट में अग्रणी होने के नाते, अच्छी तरह से रिसर्च्ड और आर्थिक पहुंच के अंदर, एक फिक्सड डोज कॉम्बिनेशन लाने के लिए गर्व महसूस करता है।

सह-ट्रांसपोर्टर 2) अवरोधक है। इसके अलावा ज़िटा डी, को-मोरबिडिटी के साथ, अनियंत्रित टाइप 2 डायबिटीज को नियंत्रित करने में एक आशाजनक उपचार विकल्प भी है और यह एफडीसी, बिना को-मोरबिडिटी वाले डायबिटीज रोगियों के लिए भी प्रभावी साबित हुआ है। ग्लेनमार्क की ज़िटा डी की कीमत टेनेलिग्लिप्टिन 20 एमजी + डैपाग्लिफ्लोज़िन 5 एमजी, एफडीसी के लिए लगभग 14 रुपये प्रति टैबलेट और टेनेलिग्लिप्टिन 20 एमजी + डैपाग्लिफ्लोज़िन 10 एमजी, एफडीसी के लिए 15 रुपये प्रति टैबलेट प्रतिदिन है। डायबिटीज रोगियों के लिए नए और प्रभावी उपचार विकल्प लाने की ग्लेनमार्क की एक मजबूत विरासत रही है।

# सांस्कृतिक बदलाव के लिए नई प्रतिभाओं को शामिल करना जरूरी : एयर इंडिया



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया ने विगत गुरुवार को कहा कि कंपनी में सांस्कृतिक परिवर्तन के लिए नई प्रतिभाओं को शामिल करना आवश्यक है। एयर इंडिया के प्रमुख मानव संसाधन अधिकारी सुरेश दत्त त्रिपाठी ने आज यहां कहा कि कर्मचारियों की एक पूरी पीढ़ी ने वर्षों से सीमित भर्ती के कारण एयर इंडिया के लिए काम करने का अवसर गंवा दिया। उन्होंने कहा, हम इस व्यवस्थापन संबंधी अंतर को भरने का प्रयास कर रहे हैं हम एयर इंडिया को दुनिया की अग्रणी एयरलाइन बनाने के लिए काम कर रहे हैं। इसके संचालन के केंद्र में ग्राहकों पर ध्यान केंद्रित है। हमारी यह पहल उचित प्रतिभा की भर्ती करने पर केंद्रित है जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि हमारी मानव संसाधन क्षमताएं विकास की गति और संगठन की उभरती जरूरतों के साथ तालमेल रखती हैं। उन्होंने कहा, सांस्कृतिक बदलाव लाने के लिए नई पीढ़ी की प्रतिभाओं को शामिल करना भी आवश्यक है जो एयर इंडिया को पसंदीदा नियोक्ता बना देगा। एयर इंडिया के बयान में कहा गया कि उसके प्रतिभा वृद्धि कार्यक्रम में एक अभूतपूर्व स्तर की रुचि दिखाई गयी है जो कंपनी के पांच साल के परिवर्तन योजना विहान.एआई का एक प्रमुख स्तंभ है। एयर इंडिया की विहान.एआई पांच वर्षों में स्पष्ट उद्देश्यों के साथ प्रमुख योजना है। बयान के अनुसार एयर इंडिया ने 15 वर्षों से गैर-परिचालन विभागों में कोई नियुक्ति नहीं की है और अब वह तेजी से राजस्व प्रबंधन, बिक्री, वितरण, नेटवर्क योजना और विपणन जैसे वाणिज्यिक कार्यों से लेकर इसके व्यवसाय के सभी क्षेत्र मानव संसाधन, वित्त, आईटी और विश्लेषिकी सहित व्यापार सहायता सेवाओं में नियुक्ति कर रही है। इसके साथ ही संचालन, इनफ्लाइट उत्पाद डिजाइन इंजीनियरिंग एवं हवाई अड्डे की सेवाओं, रोस्टरिंग और संचालन नियंत्रण में नियुक्ति की जा रही है।

# निर्यात को बढ़ावा देकर जिला स्तर पर विनिर्माण कार्य फैलाना है : बर्थवाल



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा है कि भारत के अंदर निर्यात को दो गुना करने और विश्व अर्थव्यवस्था में अपनी जगह ऊंची करने की बड़ी संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि विभाग की नीतियों का उद्येश्य निर्यात को जिला स्तर से प्रोत्साहित कर देश भर में जिला स्तर पर विनिमार्णों का विस्तार करना है। श्री बर्थवाल राजधानी में भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय निर्यात शिखर सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत के लिए अपने निर्यात को दोगुना करने और समग्र वैश्विक व्यापार पारिस्थितिकी तंत्र में अपने योगदान को और बढ़ाने की गुंजाइश है। वाणिज्य सचिव ने कहा, देश के लिए एक ऐसी सुसंगत व्यापार रणनीति जो वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में भारत के अधिक एकीकरण और भागीदारी को बढ़ावा देती है, अनिवार्य है। 2030 तक कुल निर्यात 2000 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंचाने के लिए ऐसी रणनीति महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने कहा हमारा उद्देश्य निर्यात को बढ़ावा देकर जिलों को मैन्युफैक्चरिंग हब (विनिर्माण के गढ़)बनाना है। श्री बर्थवाल ने कहा कि भारत को सेवा क्षेत्र में अपनी ताकत का लाभ उठाने के लिए मूल्य श्रृंखला में एकीकृत करने की आवश्यकता है। ई-कॉमर्स के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा, भारत को आपूर्ति श्रृंखला में शामिल होने के लिए लघु और मझोले उद्यमों (एमएसएमई) की क्षमताओं को मजबूत करने में ई-कॉमर्स का लाभ उठाना चाहिए।

## सऊदी अरब ने कहा, बाजार में स्थिरता के लिए ओपेक कर रहा काम

**नई दिल्ली।** सऊदी अरब ने शुक्रवार को तेल निर्यातक देशों के संगठन ओपेक और उसके सहयोगी देशों (ओपेक प्लस) द्वारा कच्चे तेल के उत्पादन में कटौती के फैसले का बचाव किया। सऊदी अरब ने कहा कि कटौती का फैसला बाजार को सुरक्षित और स्थिर करने के लिए सही है। सऊदी ऊर्जा मंत्री अब्दुलअजीज बिन सलमान ने यहां कहा की ओपेक और सहयोगी देश "सही काम कर रहे हैं। वह सऊदी प्रधानमंत्री और क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान की अगले महीने प्रस्तावित भारत यात्रा के लिए जमीन तैयार करने के लिए एक दिवसीय यात्रा पर हैं। ओपेक और सहयोगी देशों ने इस महीने की शुरूआत में फैसला किया था कि नवंबर से कच्चे तेल के उत्पादन कोटा में 20 लाख बैरल प्रतिदिन की कटौती की जाएगी। उन्होंने कहा कि ओपेक और सहयोगी देशों द्वारा किए गए इस फैसले का मकसद बाजार को सुरक्षित और स्थिर बनाए रखना है। इस फैसले

## गूगल पर 1337.76 करोड़ का जुर्माना

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने एंड्रायड मोबाइल फोन के बाजार में अव्वल स्थान पर होने का दुरूपयोग करने और गैर प्रतिस्पर्धी गतिविधियों के लिए गूगल पर 1337.76 करोड़ रुपये का न सिर्फ जुमार्ना किया है बल्कि कंपनी को निर्धारित समयावधि में इसमें सुधार करने को भी कहा है। आयोग ने आज जारी अपने आदेश में गूगल से 30 दिनों भीतर विस्तृत वित्तीय रिपोर्ट और इससे जुड़े अन्य दस्तावेज पेश करने का आदेश देते हुये कहा है कि यह जुमार्ना अस्थायी (प्रोविजनल) है। स्मार्टफोन को चलाने के लिए एक ऑपरेटिंग सिस्टम की जरूरत होती है जिस पर ऐप चलता है। गूगल ने एंड्रायड को 2005 में अधिग्रहण किया था। आयोग ने गूगल की गतिविधियों की जांच की।

## पेज एक के शेष

### नयी तकनीक से...

इस पाठशाला लक्ष्य तय किया गया है। किसानों के लिए पाठशाला को पुनर्जीवित किया जा रहा है, क्योंकि किसान है तभी जीवन है।
**सभी का ध्यान रख रही सरकार :** मुख्यमंत्री ने कहा कि खूंटी वीर भूमि है। यहां हक अधिकार को लेकर आंदोलन हुए थे। पूर्व की सरकार में पत्थलगड़ी के खिलाफ दर्ज मामलों को आपकी सरकार ने वापस लिया है। राज्य सरकार राज्यकर्मियों को लेकर भी निर्णय लिया है। उनके वर्षों पुरानी मांग को पूरा किया गया। पुलिसकर्मियों के लिए भी निर्णय लिये गये। सरकार जल्द सहायक पुलिसकर्मियों के लिए भी सम्मानजनक रास्ता निकालने का प्रयास कर रही है।
**मुख्यमंत्री ने बढ़ाया बच्चियों का हौसला :** मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन द्वारा चलाये गये कोचिंग संस्थान के माध्यम से सहयोग प्राप्त कर जेईई मेंस एवं नीट में क्वालीफाई पांच छात्राओं को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने इनको प्रोत्साहित करते एक-एक लैपटॉप उपहार स्वरूप प्रदान करने की घोषणा की। इन बच्चियों में से दयामनी सांगा और एलिशा हस्सा ने जेईई मेंस एवं दीपा पूर्ति, पूजा कुमारी एवं वाटिका कुमारी ने नीट क्वालीफाई किया है। मुख्यमंत्री ने कहा इन बच्चियों की सफलता से उत्साहित हूं। मुख्यमंत्री सारथी योजना का लाभ यहां के छात्रों को जल्द मिलेगा। पायलट प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ भी दुमका में होने जा रहा है। इस केंद्र में राज्य के युवा प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। इस अवसर पर मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, वरीय अधिकारीगण एवं हजारों की संख्या में ग्रामीण, विभिन्न योजनाओं के लाभुक एवं अन्य उपस्थित थे।

### ये हैं मेगा प्रोजेक्ट्स....

करके केवल 45 मिनट तक सीमित कर देगा। यह रोपवे घांघरिया को भी जोड़ेगा, जो फूलों की घाटी राष्ट्रीय उद्यान का प्रवेश द्वार है। इस रोपवे को लगभग 2430 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया जायेगा। करीब एक हजार करोड़ रुपये की सड़क चौड़ीकरण परियोजनाओं का शिलान्यास। दो सड़क चौड़ीकरण परियोजनाएं-माणा से माणा पास (एनएच - 07) और जोशीमठ से मलारी (एनएच107बी) तक-हमारे सीमावर्ती क्षेत्रों में हर मौसम में सड़क संपर्क प्रदान करने की दिशा में एक और कदम साबित होंगी। केदारनाथ और बद्रीनाथ सबसे महत्वपूर्ण हिंदू मंदिरों में से एक हैं। यह क्षेत्र एक श्रद्धावाले एक सिख तीर्थ स्थल-हेमकुंड साहिब के लिए भी जाना जाता है। इन जगहों पर शुरू हो रही कनेक्टिविटी परियोजनाओं में से धार्मिक महत्व के स्थानों तक पहुंच को आसान बनाने और बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए प्रधानमंत्री के कमिटमेंट को दिखाती है।

### दिवाली बंपर छूट...

और यह यूजर्स की निजी जानकारी के साथ बैंकिंग की जानकारी भी चुराती हैं। सीईआरटी-आईएन ने कहा कि इन लिंक की मदद से आपके डाटा की चोरी संभव है और इससे आपका बैंक अकाउंट भी खाली हो सकता है। जानकारी के लिए बता दें कि हाल ही में कानपुर से ही 45 से ज्यादा साइबर ठगी के मामले सामने आए हैं। इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम ने कहा कि फेक मैसेज को किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, टेलीग्राम आदि) पर भेजा जा सकता है। स्कैमर्स ज्यादातर महिलाओं को निशाना बना रहे हैं। स्कैमर यूजर्स को फ्री दिवाली गिफ्ट के नाम पर अपने दोस्तों, रिश्तेदारों के साथ लिंक शेयर करने के लिए कहते हैं, जो कि ज्यादातर चाइनीज वेबसाइट होती है। इन फेक वेबसाइट के एक्सटेंशन .सीएन, .एक्सवाईजेड और .टीओपी होते हैं।

### हेट स्पीच देनेवालों...

सिब्बल ने कोर्ट से कहा कि हमें इस कोर्ट में नहीं आना चाहिए, लेकिन हमने कई शिकायतें दर्ज करायी हैं। प्रशासन कभी कार्रवाई नहीं करता। हमेशा स्टेटस रिपोर्ट मांगी जाती है। इस पर बेंच ने पूछा कि आप खुद कानून मंत्री थे? क्या तब कुछ किया गया? नयी शिकायत क्या है? सिब्बल ने भाजपा सांसद प्रवेश वर्मा के भाषण का हवाला दिया। कहा गया कि हम उनकी दुकान से नहीं खरीदेंगे। प्रवेश वर्मा ने मुसलमानों के आर्थिक बहिष्कार की बात कही। उसी कार्यक्रम में एक और नेता ने गला काटने जैसी बात कही। लगातार ऐसे कार्यक्रम हो रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने धर्म संसद मामले में जो आदेश दिये थे, उनका कोई असर नहीं हो रहा है। नौकरी नहीं देंगे। प्रशासन कुछ नहीं करता, ऐसे में हमें कोर्ट की शरण में आना पड़ता है। जस्टिस हृषिकेश रॉय ने कहा कि ऐसे बयान बहुत परेशान करनेवाले हैं। एक देश जो लोकतंत्र और धर्म तटस्थ है। आप कह रहे हैं कि आईपीसी में कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन यह शिकायत एक समुदाय के खिलाफ है। सिब्बल ने कहा कि इन आयोजनों में पुलिस अधिकारी भी नहीं होते हैं।

# ईडी ने मादक पदार्थ से जुड़े मामले में 8.5 करोड़ की संपत्ति कुर्क की



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मादक पदार्थ से जुड़े मामले में सुभाष दुदानी और उनके परिवार के सदस्यों, सहयोगियों और कंपनियों की 8,53,20,372 रुपये की संपत्ति कुर्क की है। ईडी ने गुरुवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि यह कार्रवाई नारकोटिक्स ड्रग्स साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) एक्ट, 1985 अनुसार प्रतिबंधित नशीले पदार्थ मेथाक्वालोन टैबलेट के निर्माण और बिक्री से संबंधित धन शोधन मामले में की गयी है। ईडी ने जयपुर के राजस्व खुफिया निदेशालय ने श्री दुदानी और उनके सहयोगियों के खिलाफ विभिन्न धाराओ के तहत मामला दर्ज कर शिकायत पर जांच शुरू की थी। उल्लेखनीय है कि श्री दुदानी अपने सहयोगियों के साथ मिलकर एक अंतरराष्ट्रीय गैर-कानूनी नशीले पदार्थों का रैकेट चला रहे थे जिसमें उनकी साझेदारी अफ्रीका के माफिया रॉनी जॉनी स्मिथ के साथ थी।

## ई-नग्ट्स ऐप के खिलाफ ईडी के कोलकाता में छापे

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मोबाइल गेमिंग ई-नग्ट्स के प्रवर्तक आमिर खान के खिलाफ जांच के सिलसिले में कोलकाता में दो ठिकानों पर छापे मारकर 1.65 करोड़ नगदी और 7.12 करोड़ रुपये मूल्य के 44.5 बिटकॉइन जब्त किए हैं। ईडी ने गुरूवार को यहां जारी विज्ञप्ति में बताया कि धन शोधन निवारक अधिनियम 2002 के तहत की गई इस कार्रवाई में कुछ आपत्तिजनक दस्तावेज भी मिले हैं। उन्होंने बताया कि ई-नग्ट्स के प्रवर्तक आमिर खान और कुछ अन्य के खिलाफ फेडरल बैंक के अधिकारियों ने कोलकाता के मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत में शिकायत दायर की थी। उसके आधार पर वहां पार्कस्ट्रीट थाने में पिछले वर्ष 15 फरवरी को एक मामला दर्ज किया गया था। ईडी ने इस मामले के आधार पर पीएमएलए, 2002 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। ईडी ने इससे पहले भी इस मामले में खान के खिलाफ छापा मारकर उसके घर से 17.32 करोड़ रुपये और 13.56 करोड़ रुपये मूल्य के 85.91870554 बिटकॉइन जब्त किए थे।

## एमबीएस ज्वेलर्स के खिलाफ ईडी की बड़ी कार्रवाई

**नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एमबीएस ज्वेलर्स तथा मुस्द्दीलाल जेमस एंड ज्वेल्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और इनके निदेशक सुकेश गुप्ता तथा अनुराग गुप्ता के ठिकानों पर छापे मारकर 149 करोड़ रुपये से अधिक के आभूषण और करीब दो करोड़ रुपये की नगदी जब्त की है। ईडी ने सरकारी कंपनी एमएमटीसी के साथ धोखाधड़ी के जांच के सिलसिले में इन फर्मों और इनके निदेशकों के खिलाफ 17 अक्टूबर को हैदराबाद और विजयवाड़ा में पांच जगह छापे मारे थे। ईडी ने विगत गुरुवार को यहां एक बयान में बताया कि सुकेश गुप्ता को 18 अक्टूबर को गिरफ्तार कर उससे अगले दिन हैदराबाद में धन शोधन मामलों की सुनवाई करने वाली विशेष अदालत में पेश किया गया। अदालत ने उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। ईडी ने इस मामले की जांच सीबीआई द्वारा हैदराबाद में दर्ज एक प्राथमिकी के बाद जांच शुरू की

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More "

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिबल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## न्यूज गैलरी

### जासूसी के मामले में दिल्ली पुलिस ने चीनी महिला को किया गिरफ्तार



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली पुलिस ने फर्जी नाम से भारत में रहने और कथित रूप से 'राष्ट्र विरोधी गतिविधियों' में शामिल होने के आरोप में एक चीनी महिला को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महिला की पहचान काई रूओ के रूप में हुई है और वह चीन के हैनान प्रांत की रहनेवाली है। पुलिस ने कहा कि वह एक नेपाली नागरिक के तौर पर भारत में रह रही थी और उसे उत्तरी दिल्ली के मजनूं का टीला से हिरासत में लिया गया। पुलिस ने कहा कि जांच के दौरान उसके पास से डोलमा लामा के नाम से एक नेपाली नागरिकता प्रमाण पत्र बरामद किया गया। हालांकि, जब क्षेत्रीय विदेशी पंजीकरण कार्यालय से पूछताछ की गयी, तो पता चला कि वह एक चीनी नागरिक है और 2019 में भारत आयी थी। दिल्ली पुलिस के एक बयान में कहा गया है कि महिला को यह जानकारी मिलने के बाद मजनूं का टीला से हिरासत में ले लिया गया कि वह राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में शामिल है और भारत में नेपाली नागरिक के रूप में रह रही है।

### मेक्सिको में मालगाड़ी से टकराया फ्यूल ट्रक



**मेक्सिको सिटी (एजेंसी)।** मेक्सिको में एक मालगाड़ी और ट्रक के बीच भीषण टक्कर हो गई। हादसे के बाद ट्रेन में आग लग गई। चौंकाने वाली बात तो ये है कि आग की लपटों में घिरी ट्रेन रुकी नहीं बल्कि पटरी पर दौड़ती रही। पुलिस ने ट्रक के ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। हादसे में किसी की मौत नहीं हुई, लेकिन कई लोगों के घायल होने की खबर है। घटना एग्वास्कालिएंटिस शहर की है। मेयर लियो मोंटेनेजू ने बताया कि आग से आस-पास के घरों को भी नुकसान हुआ है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि टक्कर के बाद तेल से भरा ट्रक पलट जाता है और दोनों गाड़ियों में आग लग जाती है। घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। आसपास के लोग भागते दिख रहे हैं।

# बेड़े में बढ़ेंगे सुखोई, घातक ब्रह्मोस मिसाइल पर पूरा भरोसा

### चीन की चुनौतियों से निपटने की तैयारी में इंडियन एयरफोर्स

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारत अपनी सैन्य क्षमताओं और देश में ही रक्षा सामग्री उत्पादन में लगातार वृद्धि कर रहा है। अब भारतीय वायुसेना ने अपने बेड़े में हवा से लॉन्च की जाने वाली ब्रह्मोस मिसाइल को ले जाने की क्षमता रखने वाले सुखोई एसयू-30 एमकेआई लड़ाकू विमानों की संख्या बढ़ाने की योजना बनाई है। जानिए, भारत को इन विमानों की संख्या बढ़ाने की जरूरत क्यों है, ब्रह्मोस मिसाइल अमेरिका और चीन के मुकाबले में कितना मजबूत हथियार है?

चीन से क्या चुनौती है?

चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी नेवी की हिंद महासागर क्षेत्र में गतिविधियां बढ़ रहीं हैं। ऐसे में हिंद महासागर में दूर तक लक्ष्य को भेदने की क्षमता भारत के लिए जरूरी है। इसलिए अगस्त 2020 में वायुसेना ने तमिलनाडु के तंजावुर में सुखोई एसयू-30 एमकेआई की 222 'टाइगर शार्क' स्क्वाड्रन को शुरू किया। इसमें 18 लड़ाकू विमान शामिल थे, जिनमें से छह ब्रह्मोस से लैस हैं। चीन, लद्दाख और पूर्वोत्तर में भारत की कमान और नियंत्रण मुख्यालय समेत उत्तरी भारत में उन्नत लैंडिंग ग्राउंड (एएलजी), एयरबेस को नष्ट कर सकता है। वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के साथ भारत की जमीनी सेना भी चीन की सीजे-20 एएलसीएम मिसाइल के हमलों की चपेट में आ सकती है। इसकी रेंज 2000 किलोमीटर से अधिक है। तंजावुर की रणनीतिक स्थिति भारतीय वायुसेना के ब्रह्मोस से लैस सुखोई-30 एमकेआई को मलक्का जलडमरूमध्य के पास लक्ष्यों पर निशाना साधने में सक्षम बनाती है। मलक्का जलडमरूमध्य मलेशिया और सिंगापुर के बीच एक संकीर्ण समुद्री चोकपॉइंट है, जो हिंद महासागर और प्रशांत महासागर के बीच प्रवेश द्वारों में से एक है। ब्रह्मोस से लैस सुखोई-30एमकेआई को यदि ग्रेटर निकोबार द्वीप पर तैनात किया जाता है, तो यह दक्षिणी हिंद महासागर के विशाल क्षेत्रों में स्थित दुश्मन के ठिकानों पर हमला कर सकता है। पाकिस्तान और चीन के साथ लगती भारत की पश्चिमी और पूर्वी सीमा पर तैनात सुखोई विमान इन देशों के अंदर स्टैंड-ऑफ रेंज और यहां तक कि भारतीय हवाई क्षेत्र के अंदर से भी लक्ष्य भेद सकते हैं।



#### कितनी होगी ब्रह्मोस की मारक क्षमता?

**ब्रह्मोस** की मारक क्षमता 500 किलोमीटर तक होगी जो 1500 किलोमीटर तक बढ़ सकती है। इसका वजन करीब 2500 किलोग्राम है और यह सबसे अच्छी अमेरिकी मिसाइलों के बराबर है। साल 2020 में एक परीक्षण के दौरान इस मिसाइल से लैस सुखोई ने पंजाब के एक एयरबेस से उड़ान भरी और करीब 4000 किलोमीटर दूर हिंद महासागर में स्थित एक लक्ष्य को भेदा। वायुसेना ने ब्रह्मोस एयर लॉन्च क्रूज मिसाइल को संचालित करने में सक्षम बनाने के लिए 40 सुखोई-30 विमानों को संशोधित करने की योजना को मंजूरी दी थी। इन विमानों का संशोधन हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा हो रहा है। अब तक 35 संसोशित विमान वायुसेना को मिल चुके हैं। इनके अलावा 20 से 25 लड़ाकू विमानों को संशोधित किए जाने की योजना है।

#### भारत की आगे क्या है योजना?

भारत ने ब्रह्मोस मिसाइल का विस्तारित-रेंज (ईआर) संस्करण भी विकसित किया है, जिसकी मारक क्षमता 450-500 किलोमीटर के बीच है। मई में वायुसेना ने ब्रह्मोस-ईआर का परीक्षण किया था, जिसके तहत तंजावुर में तैनात 222 टाइगर शार्क स्क्वाड्रन के एक सुखोई विमान ने बंगाल की खाड़ी क्षेत्र में एक तय लक्ष्य को भेदा था। ब्रह्मोस के ईआर संस्करण का इस्तेमाल पूर्वी चीन में मुख्य रसद केंद्रों पर हमला करने के लिए किया जा सकता है।

# जल प्रलय से यूक्रेन को तबाह करने की तैयारी में रूस!

### यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की बोले- निशाने पर है बड़ा डैम

**कीव/मॉस्को (एजेंसी)।** यूक्रेन में बीते आठ सालों से चल रहा रूसी हमला क्या अब जल प्रलय में तब्दील हो सकता है? यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के एक बयान से ये कयास लग रहे हैं। उनका कहना है कि रूस की ओर से उसके सबसे बड़े हाइड्रोइलेक्ट्रिक डैम पर हमले की तैयारी की जा रही है। जेलेंस्की का दावा है कि 'फॉल्स फ्लैग' ऑपरेशन के तहत रूस यह अटैक कर सकता है। यदि यह डैम टूट जाता है तो यूक्रेन के 80 कस्बे, गांव और शहर डूब सकते हैं। सबसे बड़ा खतरा खेरसन शहर को होगा, जो रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण है। उनका कहना है कि काखोवका डैम पर अटैक कर रूस की कोशिश जल प्रलय लाने की है। इससे यूक्रेन में बड़ा मानवीय संकट खड़ा हो जाएगा और बड़ी प्राकृतिक आपदा आ जाएगी। यूरोपीय नेताओं को संबोधित करते हुए जेलेंस्की ने कहा कि रूसी सेनाओं ने इस डैम को हमले के लिए चुना है। जेलेंस्की ने कहा कि यदि इस डैम पर कोई खतरा होता है तो आसपास के इलाके बाढ़ में डूब सकते हैं। इससे लाखों लोग खतरे में आ जाएंगे। इसके अलावा दक्षिणी इलाकों के लिए वाटर सप्लाई कट जाएगी। यही नहीं जापोरिझझिया न्यूक्लियर पावर प्लांट का कूलिंग सिस्टम भी इससे प्रभावित हो सकता है। इसके अलावा रूस की ओर से उत्तर क्रीमियाई नहर को भी तबाह किया जा सकता है। इस पर 2014 से ही रूस ने कब्जा जमा रखा है। जेलेंस्की ने आशंका जताई है कि इसे भी तबाह करके रूस आपदा की स्थिति पैदा कर सकता है।

#### रूस ने अब एनर्जी सिस्टम को ही बनाया युद्ध का मैदान



**जेलेंस्की** के सलाहकार मिखाइलो पोडोल्याक ने कहा कि रूस की कोशिश है कि इन इलाकों में आगे बढ़ रही यूक्रेनी सेना को रोका जाए। दरअसल, यूक्रेन पहले ही गहरे संकट से जूझ रहा है। देश के कई शहरों में बिजली की सप्लाई प्रभावित हुई है। इसकी वजह यह है कि बीते दिनों में रूस की ओर से इलेक्ट्रिक पावर स्टेशनों पर हमले किए गए हैं। इससे बिजली की सप्लाई तक प्रभावित हुई है। यही नहीं कहा जा रहा है कि एक बार फिर से यूक्रेन से बाहर निकलनेवालों की संख्या में इजाफा हो सकता है। जेलेंस्की ने यूरोपियन यूनियन परिषद को संबोधित करते हुए कहा, 'रूस की लीडरशिप ने अब हमारे एनर्जी सिस्टम को ही युद्ध का मैदान बनाने का फैसला कर लिया है। इसके परिणाम बेहद खतरनाक होंगे। हमारे वाला यह पूरे यूरोप के लिए ही चिंता की बात होगी।'

#### यूक्रेन के 30 फीसदी बिजली घरों को रूस ने कर दिया तबाह

**कहा** जा रहा है कि रूसी मिसाइल और ड्रोन हमलों से यूक्रेन के 30 फीसदी के करीब पावर स्टेशन तबाह हो गए हैं। कीव के कई इलाकों में लगातार ब्लैकआउट की स्थिति बनी हुई है। अब सरकार को नागरिकों से अपील करनी पड़ रही है कि वे बिजली की कम से कम खपत करें। जेलेंस्की का कहना है कि हमारी थोड़ी सी बिजली की बचत भी बड़ा फायदा पहुंचा सकती है।

# जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम महबूबा मुफ्ती को सरकारी बंगला खाली करने का आदेश

**श्रीनगर (एजेंसी)।** पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती को सरकारी बंगला खाली करने का नोटिस दिया गया है। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि गुपकार रोड पर बने फेयरव्यू रेसिडेंस को खाली करने का नोटिस मुझे कुछ दिन पहले दिया गया था। यह कोई हैरानी की बात नहीं है। हालांकि, रिपोर्ट्स में यह भी कहा जा रहा है कि उन्हें रहने के लिए वैकल्पिक बंगला दिया जा सकता है। नोटिस की बात सामने आने के बाद महबूबा ने कहा कि मेरे पास ऐसी जगह नहीं है जहां मैं रह सकूं। इसलिए मुझे निर्णय लेने से पहले अपनी कानूनी टीम से सलाह लेनी पड़ेगी। उन्होंने यह भी कहा कि नोटिस में लिखा गया है कि बंगला जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री के लिए है, लेकिन ऐसा नहीं है, क्योंकि उनके पिता को सीएम पद से हटने के बाद यह बंगला दिया गया था।

**2005 से इसी बंगले में रह रहीं महबूबा :** महबूबा ने कहा कि यह बंगला उनके पिता मुफ्ती मोहम्मद सईद को दिसम्बर 2005 में दिया गया था, जब वे मुख्यमंत्री थे। गुपकार रोड पर बने आलीशान फेयरव्यू रेसिडेंस के आस-पास अधिकांश हाई प्रोफाइल राजनेता, नौकरशाह और पुलिस और खुफिया अधिकारी रहते हैं। इसी बंगले में महबूबा को कई बार नजरबंद किया जा चुका है।

**फेयरव्यू रेसिडेंस पहले टॉर्चर हाउस था :** 1989 तक इस बंगले का इस्तेमाल आधिकारिक गेस्ट हाउस के रूप में किया जाता था। बाद में सुरक्षाबलों ने 1990 में अपने कब्जे में ले लिया था। कैम्पस के नये उद्देश्य को गोपनीय रखने के लिए इसे पापा-2 नाम दिया गया था। यह 1996 तक एक इंटेरोगेशन और टॉर्चर सेंटर बना रहा। 1996 में जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्य सचिव अशोक जेटली यहां रहने लगे। 2003 में रेनोवेशन के बाद तत्कालीन वित्त मंत्री मुजफ्फर हुसैन बेग यहां रहने आये। 2005 से यहां दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री मुफ्ती मुहम्मद सईद और उनकी बेटी महबूबा मुफ्ती का परिवार रहता है।

# रूस को लड़ने की ट्रेनिंग दे रहा है ईरान

### यूएस बोला- ईरानी सैनिक रूसी सेना को कामीकाजे ड्रोन चलाना सीखा रहे

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** रूस-यूक्रेन जंग पिछले आठ महीने से जारी है। इसी बीच रूस ने हमले तेज करते हुए जंग में ईरानी हथिहारों का इस्तेमाल शुरू कर दिया है। अब अमेरिका का कहना है कि क्रीमिया में ईरानी सैनिक रूस के सैनिकों को जंग लड़ने की ट्रनिंग दे रहे हैं। व्हाइट हाउस ने एक बयान जारी कर कहा कि ईरानी सैनिकों को रूसी बलों की मदद के लिए क्रीमिया भेजा गया। वो रूसी सैनिकों को ड्रोन चलाना सिखा रहे हैं। इसके बादे से यूक्रेन पर हमले तेज हुए। दरअसल, ईरान ने रूस को कामीकाजे ड्रोन भेजे हैं। चार दिन पहले यानी 17 अक्टूबर को इन्हें ड्रोन से कीव पर हमले किए गए थे। अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन के प्रवक्ता जॉन कर्बी ने कहा- क्रीमिया में ईरानी सैनिकों का होना जंग में ईरान की सीधी भागीदारी का प्रमाण है। वे यूक्रेन के नागरिकों और इंफ्रास्ट्रक्चर पर ड्रोन हमले करने में रूस की मदद कर रहे हैं। क्रीमिया वही इलाका है जहां रूस ने 2014 में कब्जा कर लिया था।



**कीव पर ईरानी ड्रोन से हमला, तीन लोगों की मौत :** रूस ने 17 अक्टूबर को ईरान से खरीदे गए कामीकाजे ड्रोन से यूक्रेन की राजधानी कीव पर हमला किया था। इस हमले में 3 लोगों की मौत हो गई थी।

हमले में इस्तेमाल किए गए कामीकाजे ड्रोन का नाम शाहीद-136 था। इस ड्रोन को ईरान का सबसे खतरनाक हथियार माना जाता है। इस ईरानी ड्रोन को सुसाइड ड्रोन भी कहा जाता है। इसका वजन 200 किलोग्राम है। इस ड्रोन की रेंज 2500 किलोमीटर है। रूस ने 10 अक्टूबर को राजधानी कीव समेत 9 शहरों पर 83 मिसाइलें बरसाई थीं। इसमें 12 लोग मारे गये थे। रूस ने ये बड़ा हमला कर्च ब्रिज पर हुए धमाके के बदले में किया था। 8 अक्टूबर को यूक्रेन ने रूस का कर्च ब्रिज उड़ा दिया था। ये ब्रिज रूस को क्रीमिया से जोड़ता है।




# पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान की संसद की सदस्यता रद्द

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री और पीटीआई नेता इमरान खान को बड़ा झटका देते हुए उन्हें पांच साल के लिए अयोग्य घोषित कर दिया है। आयोग ने इमरान की संसद सदस्यता भी रद्द कर दी है। इस फैसले के बाद इमरान अगले पांच साल तक चुनाव नहीं लड़ पायेंगे। इधर, इस फैसले के खिलाफ इमरान समर्थकों ने चुनाव आयोग के ऑफिस के बाहर जमकर बवाल काटा। इमरान समर्थकों ने यहां सुरक्षा में तैनात जवानों के साथ पहले हाथापाई की, फिर हवाई फायरिंग भी की। घटना में अब तक कुछ लोगों के घायल होने की खबर है। कुछ आरोपियों को गिरफ्तार भी किया गया है।

**विदेशी तोहफों को बेचने का आरोप :** पाकिस्तान के मुख्य चुनाव आयुक्त सिकंदर सुल्तान रजा की अध्यक्षता वाली चार सदस्यों की बेंच ने इमरान के खिलाफ यह फैसला सुनाया। प्रधानमंत्री रहने के दौरान इमरान खान पर विपक्ष के सांसदों ने चुनाव आयोग में मामले की शिकायत की थी। इमरान पर आरोप था कि उन्होंने तोशखाना में जमा गिफ्ट्स को सस्ते में खरीदा और ज्यादा दामों में बेच दिया। चुनाव आयोग के सामने सत्ताधारी पाकिस्तानी डेमोक्रेटिक मूवमेंट ने तोशखाना गिफ्ट मामला उठाया था। कहा था कि इमरान ने अपने कार्यकाल के दौरान विभिन्न देशों से मिले गिफ्ट को बेच दिया था। इमरान ने चुनाव आयोग को बताया था कि उन्होंने तोशखाने से इन सभी गिफ्ट्स को 2.15 करोड़ रुपये में खरीदा था। इन्हें बेचकर उन्हें करीब 5.8 करोड़ रुपये मिले थे। जिन तोहफों को इमरान ने बेचा था उनमें एक बेशकीमती घड़ी, कफलिंक का एक जोड़ा, एक महंगा पेन, एक अंगूठी और चार रोलेक्स वॉच शामिल थीं। पाकिस्तान की मशहूर पत्रकार आलिया शाह के मुताबिक- पाकिस्तान में प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति या दूसरे पद पर रहनेवालों को लोगों मिले तोहफों की जानकारी नेशनल आर्काइव को देनी होती है।

- भ्रष्टाचार केस में पूर्व पाक पीएम को पांच साल अयोग्य ठहराने पर बवाल
- समर्थकों ने चुनाव आयोग के ऑफिस पर की फायरिंग

